सत्यमेव जयते

वित्त आयोग - कोविड के दौर में

2021-26 के लिए रिपोर्ट

संघ राज्य

पंद्रहवां वित्त आयोग

खंड-II अनुलग्नक

अक्तूबर 2020

सत्यमेव जयते

वित्त आयोग - कोविड के दौर में

2021-26 के लिए रिपोर्ट

संघ राज्य

पंद्रहवां वित्त आयोग

खंड-II अनुलग्नक

अक्तूबर 2020

अनुलग्नक

पृष्ठ

अध्याय 1: परिचय

वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग)	अनुलग्नक 1.1:	आयोग के गठन से संबंधित अधिसूचना	1
	अनुलग्नक 1.2:	विचारार्थ विषयों में शुद्धि संबंधी अधिसूचना	5
	अनुलग्नक 1.3:	अंशकालिक सदस्य के स्थान पर सदस्य के रूप में नियुक्ति से संबंधित अधिसूचना	6
	अनुलग्नक 1.4:	आयोग से सदस्य के त्यागपत्र से संबंधित अधिसूचना	8
	अनुलग्नक 1.5:	आयोग में सदस्य की नियुक्ति से संबंधित अधिसूचना	10
	अनुलग्नक 1.6:	विचारार्थ विषयों में परिवर्धन/संशोधन से संबंधित अधिसूचना	12
	अनुलग्नक 1.7:	विचारार्थ विषयों में परिवर्धन/संशोधन से संबंधित अधिसूचना	14
	अनुलग्नक 1.8:	पंद्रहवें वित्त आयोग के अध्यायों की विचारार्थ विषयवार मैपिंग	16
	अनुलग्नक 1.9:	स्वीकृत पदों की सूची	20
	अनुलग्नक 1.10:	पदाधिकारियों की सूची	21
	अनुलग्नक 1.11:	पंद्रहवें वित्त आयोग के विशेष कार्याधिकारी श्री अरविन्द मेहता को 'विभागाध्यक्ष' की शक्तियों के प्रत्यायोजन के संबंध में वित्त मंत्रालय का पत्र	24
	अनुलग्नक 1.12:	प्रक्रिया-नियम	26
	अनुलग्नक 1.13:	विचारार्थ विषयों पर सुझाव मांगने के संबंध में सार्वजनिक सूचना	29
	अनुलग्नक 1.14:	अतिरिक्त विचारार्थ विषयों पर सुझाव मांगने के संबंध में सार्वजनिक सूचना	33
	अनुलग्नक 1.15:	आयोग की सलाहकार परिषद् का गठन	34

पृष्ठ

अनुलग्नक 1.16:	स्वास्थ्य सेक्टर पर उच्च स्तरीय समूह का गठन	41
अनुलग्नक 1.17:	पंजाब के सीसीएल अंतर की समीक्षा हेतु नकद क्रेडिट सीमा समिति का गठन	43
अनुलग्नक 1.18:	रक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा के मामलों की जांच हेतु समूह का संघटन	45
अनुलग्नक 1.19:	कृषि निर्यातों पर उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समूह का गठन	47
अनुलग्नक 1.20:	सामान्य सरकार (केंद्र एवं राज्य सरकारों) की राजकोषीय समेकन रूपरेखा की समीक्षा हेतु समिति का गठन	49
अनुलग्नक 1.21:	''राज्य-वित्त के मूल्यांकन'' पर किए गए अध्ययन	51
अनुलग्नक 1.22:	किए गए अन्य अध्ययनों की सूची	52
अनुलग्नक 1.22कः	बहुपक्षीय और अन्य संगठनों द्वारा पीपीटी प्रस्तुतियों और अध्ययनों की सूची	54
अनुलग्नक 1.23:	15वें वित्त आयोग की बैठकें	58
अनुलग्नक 1.24:	प्रतिष्ठित व्यक्तियों/ संगठनों के साथ आयोग के अध्यक्ष की बैठकों की सूची	62
अनुलग्नक 1.25कः	माननीय राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के साथ आयोग की बैठकों की सूची	65
अनुलग्नक 1.25खः	व्यक्तियों/ संगठनों के साथ आयोग की बैठकों की सूची	66
अनुलग्नक 1.26:	संघ सरकार के मंत्रालयों /विभागों के साथ आयोजित बैठकें	68
अनुलग्नक 1.27:	अर्थशास्त्रियों, विषय-विशेषज्ञों, अंतरराष्ट्रीय एवं अन्य संगठनों के साथ बैठकें	75
अनुलग्नक 1.28:	राज्यों के महालेखाकारों के साथ आयोजित बैठकें	77
अनुलग्नक 1.29:	राज्यों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठकों की सूची	80

		पृष्ठ
अनुलग्नक 1.30:	पंद्रहवें वित्त आयोग द्वारा किए गए राज्यों के दौरों का ब्यौरा	81
अनुलग्नक 1.31:	उन संस्थाओं / संगठनों के साथ बैठकों की सूची जिन्हें पंद्रहवें वित्त आयोग द्वारा अध्ययन कार्य सौंपे गए	82
अनुलग्नक 1.32:	आयोग की सलाहकार परिषद् की बैठकों की सूची	85
अनुलग्नक 1.33:	स्वास्थ्य सेक्टर पर गठित उच्च स्तरीय समूह के साथ बैठकों की सूची	85
अनुलग्नक 1.34:	पंजाब के सीसीएल अंतर की समीक्षा हेतु गठित नकद क्रेडिट सीमा समिति की बैठकों की सूची	86
अनुलग्नक 1.35:	रक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा के मामलों की जांच हेतु गठित समूह की बैठकों की सूची	86
अनुलग्नक 1.36:	कृषि निर्यातों पर गठित उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समूह की बैठकों की सूची	86
अनुलग्नक 1.37:	राजकोषीय समेकन रूपरेखा समिति की बैठकों की सूची	87
अनुलग्नक 1.38:	राज्यों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठकों के प्रतिभागियों की सूची (क से घ)	88
अनुलग्नक 1.39:	राज्य सरकारों के साथ बैठकों के प्रतिभागियों की सूची	96
अनुलग्नक 1.40:	व्याख्यात्मक ज्ञापन, वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 15वें वित्त आयोग की रिपोर्ट	258

अध्याय 3: संदर्भ अवधारणा :विगत का विश्लेषण

अनुलग्नक 3.1:	राज्यों का राजस्व घाटा	263
अनुलग्नक 3.2:	राज्यों का सकल राजकोषीय घाटा	264

पृष्ठ

अनुलग्नक 3.3:	राज्यों की बकाया देनदारी एवं देयताएं	265
अनुलग्नक 3.4:	राज्यों के स्वयं के कर राजस्व	266
अनुलग्नक 3.5:	राज्यों के स्वयं के गैर-कर राजस्व	267
अनुलग्नक 3.6:	संघ से राज्यों को कुल हस्तांतरण (कर अंतरण एवं अनुदान)	268
अनुलग्नक 3.7:	राज्यों का राजस्व व्यय	269
अनुलग्नक 3.8:	राज्यों का पूंजी व्यय	270
अनुलग्नक 3.9:	प्रति व्यक्ति राजस्व व्यय	271
अनुलग्नक 3.10:	ब्याज भुगतान	272
अनुलग्नक 3.11:	प्रति व्यक्ति पूंजी व्यय	273
अनुलग्नक 3.12:	प्रति व्यक्ति कुल व्यय	274

अध्याय 4: महामारी का दौर: भावी विश्लेषण 2021-26

अनुलग्नक 4.1:	पंद्रहवें वित्त आयोग की पंचाट अवधि के लिए संघ सरकार के वित्तों का आकलन	275
अनुलग्नक 4.2:	पंद्रहवें वित्त आयोग की पंचाट अवधि के लिए संघ सरकार के वित्तों का आकलन (जीडीपी के % के रूप में)	277
अनुलग्नक 4.3:	पंद्रहवें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित हस्तांतरण	279
अनुलग्नक 4.4:	सकल कर राजस्व, राजस्व प्राप्तियों और जीडीपी के प्रतिशत के रूप में समग्र हस्तांतरण	280
अनुलग्नक 4.5:	तुलनीय जीएसडीपी की मानकीय रूप से आकलित वार्षिक वृद्धि दर	281
अनुलग्नक 4.6:	पूर्वानुमानित कर और जीएसडीपी अनुपात	282

		पृष्ठ
अनुलग्नक 4.7:	पूर्वानुमानित गैर-कर राजस्व और जीएसडीपी अनुपात	283
अनुलग्नक 4.8:	जीएसटी क्षतिपूर्ति के निर्देशात्मक अनुमान	284
अनुलग्नक 4.9:	आकलित स्वयं की राजस्व प्राप्तियाँ एवं राजस्व व्यय	285

अध्याय 5: संसाधन जुटाना

अनुलग्नक 5.1:	डेटाबेसों के मध्य संगतता स्थापित करने की आवश्यकता	295
अनुलग्नक 5.2:	आईटी रिटर्न डेटा और राष्ट्रीय लेखा- कुछ संकेत	296
अनुलग्नक 5.3:	संभावित हाउस टैक्स के निर्देशात्मक अनुमान-2019	299

अध्याय 6 : सहकारी संघवाद : इक्विटी एवं दक्षता के बीच संतुलन

अनुलग्नक 6.1:	आबादी और जनसांख्यिकीय निष्पादन	300
अनुलग्नक 6.2:	क्षेत्रफल	301
अनुलग्नक 6.3:	वन और पारिस्थितिकी	302
अनुलग्नक 6.4:	आय में अंतर	303
अनुलग्नक 6.5:	कर प्रयास	304

अध्याय 7 : स्थानीय शासनों का सशक्तीकरण

अनुलग्नक 7.1:	राज्य अधिनियमों के आधार पर संपत्ति कर उपबंधों का सारांश	305
अनुलग्नक 7.2:	राज्यवार अनुदानों को निर्धारित करने के लिए विस्तृत कार्यप्रणाली	312

पृष्ठ

अनुलग्नक 7.3ः	आबादी और क्षेत्रफल के आधार पर राज्यों की हिस्सेदारी	314
अनुलग्नक 7.4ः	ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों के लिए वर्षवार अनुदान	315
अनुलग्नक 7.5ः	शहरी स्थानीय निकायों के लिए वर्षवार अनुदान	316
अनुलग्नक 7.6ः	मिलियन प्लस शहरी एग्लोमरेशन के लिए अनुदान	317
अनुलग्नक 7.7ः	राज्यवार छावनी बोर्ड	320
अनुलग्नक 7.8ः	वायु गुणवत्ता पैरामीटर की निगरानी और वित्तपोषण के लिए फ्रेमवर्क	322
अनुलग्नक 7.8कः	वायु गुणवत्ता प्रबंधन के संघटक	323
अनुलग्नक 7.8ःखः	'घ' के लिए मिश्रित निष्पादन कारक का निर्धारण करने के लिए पैरामीटर्स	324
अनुलग्नक 7.9ः	सेवा स्तरीय बैंचमार्क	326
अनुलग्नक 7.10ः	कुल स्वास्थ्य अनुदान	330
अनुलग्नक 7.10क-Iः	प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा –उप-केंद्रों के लिए नैदानिक बुनियादी ढांचे हेतु सहायता	331
अनुलग्नक 7.10क-IIः	प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाओं – पीएचसी के लिए नैदानिक बुनियादी ढांचे हेतु सहायता	332
अनुलग्नक 7.10क-IIIः	प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाओं – यूपीएचसी के लिए नैदानिक बुनियादी ढांचा हेतु सहायता	333
अनुलग्नक 7.10खः	ब्लॉक स्तर पर जन स्वास्थ्य इकाइयों की स्थापना के लिए वित्तीय आवश्यकता	334
अनुलग्नक 7.10गः	शहरी स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों (यूएचडबल्यूसी) के लिए अनुदान	335
अनुलग्नक 7.10घः	भवन रहित उप-केंद्रों, पीएचसी, सीएचसी के लिए अनुदान	336

		पृष्ठ
अनुलग्नक 7.10ङः	ग्रामीण पीएचसी एवं उप-केंद्रों (एससी) को स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र में परिवर्तित करना	337

अध्याय 8: आपदा जोखिम प्रबंधन

अनुलग्नक 8.1ः	द्वितीय वित्त आयोग एवं उसके बाद से आपदा प्रबंधन पर विभिन्न वित्त आयोगों की अनुशंसाओं का सार	339
अनुलग्नक 8.2ः	एनडीएमएफ/एसडीएमएफ के अंतर्गत प्रशमन कार्यकलापों की निर्देशात्मक सूची	341
अनुलग्नक 8.3ः	आपदा प्रबंधन के लिए राज्य स्तरीय आबंटनों के निर्धारण की पद्धति	346
अनुलग्नक 8.3 कः	राज्यों के लिए आपदा जोखिम सूचकांक (डीआरआई)	348
अनुलग्नक 8.3 खः	आपदा प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय स्तरीय आबंटनों के निर्धारण के लिए पद्धति	355
अनुलग्नक 8.4ः	क्षेत्रफल (15 प्रतिशत), जनसंख्या (15 प्रतिशत), औसत व्यय (70 प्रतिशत) और आपदा जोखिम सूचकांक विधि के आधार पर आपदा प्रबंधन के लिए वार्षिक राज्य-वार आबंटन	356
अनुलग्नक 8.5ः	एसडीआरएमएफ में संघ और राज्यों की हिस्सेदारी (2021-26)	357

अध्याय 9: वैश्विक महामारी और उसके बाद : स्वास्थ्य क्षेत्र में सुदृढ़ीकरण

अनुलग्नक 9.1ः	स्वास्थ्य और पोषण संकेतक	358
अनुलग्नक 9.2ः	प्रमुख राज्यों में जीवन प्रत्याशा	359

पृष्ठ

अनुलग्नक 9.3:	ग्रामीण क्षेत्रों में मध्यावधि की जनसंख्या के अनुमान के अनुसार स्वास्थ्य सुविधाओं में कमी (1 जुलाई 2019 को यथास्थिति)	360
अनुलग्नक 9.4:	भारत में चिकित्सकों की संख्या	361
अनुलग्नक 9.5:	भारत में नर्सों और भेषजज्ञों की कुल संख्या	362
अनुलग्नक 9.6:	सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में मानव संसाधन की कमी (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से प्राप्त ज्ञापन के अनुसार)	363
अनुलग्नक 9.7:	विभिन्न हितधारकों से प्राप्त अनुशंसाएं	364
अनुलग्नक 9.8:	क्रिटिकल केयर अस्पतालों के लिए अनुदान	370
अनुलग्नक 9.9:	जिला एकीकृत लोक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं के लिए भौतिक लक्ष्य और अनुदान	371
अनुलग्नक 9.10:	संबद्ध स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए अनुदान	372
अनुलग्नक 9.11:	डीएनबी पाठ्यक्रमों के लिए राज्यों को सहायता	373

अध्याय 10: निष्पादन-आधारित प्रोत्साहन एवं अनुदान

अनुलग्नक 10.1:	निष्पादन ग्रेडिंग सूचकांक (पीजीआई) का एक सब-सेट : शिक्षा के आधार पर राज्यों को प्रोत्साहन देने के लिए संकेतक	374
अनुलग्नक 10.2:	उच्च शिक्षा के लिए अनुदान	375
अनुलग्नक 10.3:	निष्पादन-आधारित पुरस्कार के आकलन की पद्धति	376
अनुलग्नक 10.4:	राज्यों के लिए कृषि निष्पादन प्रोत्साहन अनुदानों का वितरण	379
अनुलग्नक 10.5:	पीएमजीएसवाई सड़कों के रखरखाव के लिए अनुदान	380

पृष्ठ

अनुलग्नक 10.6:	न्यायपालिका के लिए अनुदान	381
अनुलग्नक 10.7:	सांख्यिकी के लिए प्रस्तावित अनुदान – परिवर्तनशील एवं स्थायी घटकों का विवरण	382
अनुलग्नक 10.8:	सांख्यिकी के लिए अनुदान	383
अनुलग्नक 10.9:	राज्य-विशिष्ट अनुदानों का सारांश	384
अनुलग्नक 10.10:	राज्य-विशिष्ट अनुदानों का विवरण	395

अध्याय 12: राजकोषीय समेकन की रूपरेखा

अनुलग्नक 12.1:	राज्य सरकारों के निर्देशात्मक ऋण पथ (जीएसडीपी का प्रतिशत)	431

अध्याय 13: इक्कीसवीं सदी के भारत के लिए राजकोषीय संरचना: राजकोषीय नियम, वित्तीय प्रबंधन और संस्थाएं

अनुलग्नक 13.1:	भारत में लोक वित्त प्रबंधन व्यवहारों का शासन	432
अनुलग्नक 13.2:	वर्तमान लोक वित्त प्रबंधन संरचना में कुछ महत्वपूर्ण कमियां	433
अनुलग्नक 13.3:	राजकोषीय संरचना पर पिछले वित्त आयोगों की अनुशंसाएं	435

अनुलग्नक 1.1

(पैरा 1.11 और 1.12)

भारत का राजपत्र

असाधारण

भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

सं.3292] नई दिल्ली, सोमवार, नवम्बर 27, 2017 /अग्रहायण 6, 1939

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 नवम्बर, 2017

का.आ. 3755 (अ).- राष्ट्रपति द्वारा किया गया निम्नलिखित आदेश सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता हैः-

आदेश

राष्ट्रपति, वित्त आयोग (प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1951 (1951 का 33) के उपबंधों के साथ पठित संविधान के अनुच्छेद 280 के खंड (1) के अनुसरण में एक वित्त आयोग का गठन करते हैं जो श्री एन.के. सिंह, संसद सदस्य एवं भारत सरकार के पूर्व सचिव, अध्यक्ष के रूप में और निम्नलिखित चार अन्य सदस्यों से मिलकर बनेगा, अर्थातः-

1.	श्री शक्तिकांत दास भारत सरकार के पूर्व सचिव	सदस्य
2.	डॉ. अनूप सिंह सहायक प्रोफेसर, जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय	सदस्य
3.	डॉ. अशोक लाहिड़ी अध्यक्ष (गैर-कार्यकारी, अंश कालिक) बंधन बैंक	सदस्य (अंश कालिक)
4.	डॉ. रमेश चंद सदस्य, नीति आयोग	सदस्य (अंश कालिक)

2. श्री अरविन्द मेहता आयोग के सचिव होंगे।

3. आयोग के अध्यक्ष और अन्य सदस्य उस तारीख से, जिसको वे अपना पद धारण करते हैं, रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तारीख तक या 30 अक्तूबर, 2019 तक, जो भी पहले हो, पद धारण करेंगे।

4. आयोग निम्नलिखित विषयों के बारे में सिफारिशें करेगा, अर्थातः-

i. संघ और राज्यों के बीच करों के शुद्ध आगमों का, जो संविधान के भाग 12 के अध्याय 1 के अधीन उनमें विभाजित किए जाने हैं या किए जाएं, वितरण के बारे में और राज्यों के बीच ऐसे आगमों के तत्संबंधी भाग का आबंटन;

ii. भारत की संचित निधि में से राज्यों के राजस्व में सहायता अनुदान को शासित करने वाले सिद्धांत और उन राज्यों को, जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 275 अधीन उनके राजस्वों में सहायता अनुदान के रूप में उस अनुच्छेद के खंड (1) के परंतुक में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिए सहायता की आवश्यकता है, संदत्त की जाने वाली धनराशियां; और

iii. राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राज्य में पंचायतों और नगरपालिकाओं के संसाधनों की अनुपूर्ति के लिए किसी राज्य की संचित निधि के संवर्धन के लिए आवश्यक अध्युपाय।

5. आयोग संघ और राज्यों की वर्तमान वित्त व्यवस्था, घाटे, ऋण स्तरों, नकद अनिशेष और राजकोषीय अनुशासन कायम रखने के प्रयासों की स्थिति की समीक्षा करेगा और मजबूत राजकोषीय प्रबंधन करने के लिए राजकोषीय समेकन की रुपरेखा की सिफारिश करेगा, जहां समता, दक्षता और पारदर्शिता के सिद्धांतों द्वारा मार्गदर्शित होकर देश में अधिक समावेशी विकास करते हुए सामान्य और सरकारी ऋण और घाटे के स्तर को उपयुक्त रूप में बनाए रखने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकारों की जिम्मेदारी को ध्यान में रखा जाए। आयोग यह जांच भी कर सकेगा कि क्या राजस्व घाटा अनुदान दिए जाएं।

6. आयोग अपनी सिफारिशें करते समय, अन्य बातों के साथः-

i. 2024-25 तक संभवतः प्राप्त होने वाले कर और कर-भिन्न राजस्व के स्तरों के आधार पर 1 अप्रैल, 2020 से प्रारंभ होने वाले पांच वर्षों के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकारों के संसाधानों को ध्यान में रखेगा। कर और कर-भिन्न दोनों प्रकार के राजस्व के संबंध में आयोग उनका पूरी तरह दोहन करने की संभावना और राजकोषीय क्षमता को ध्यान में रखेगा;

ii. केन्द्रीय सरकार के संसाधनों की मांग विशेषकर रक्षा, आंतरिक सुरक्षा, अवसंरचना, रेल, जलवायु परिवर्तन, विधायिका रहित संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन के प्रति वचनबद्धता के संबंध में और अन्य वचनबद्ध व्यय और देनदारियों को ध्यान में रखेगा;

iii. राज्य सरकार के संसाधनों की मांग, विशिष्टतया सामाजिक-आर्थिक विकास और महत्वपूर्ण अवसरंचना के वितपोषण, आस्ति रखरखाव व्यय, संतुलित क्षेत्रीय विकास तथा उनकी लोक उपयोगिताओं के ऋण और देनदारियों के प्रभाव को भी ध्यान में रखेगा;

iv. आयोग, 14वें वित आयोग की सिफारिशों का अनुसरण करते हुए राज्यों को कर-न्यागमन में सारवान रूप से वृद्धि के साथ-साथ न्यू इंडिया-2022 सहित राष्ट्रीय विकास एजेन्डा की अनिवार्यता जारी रखने से संघ की सरकार की वित्तीय स्थिति पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार करेगा;

v. केन्द्र और राज्यों के वित्त साधनों पर माल और सेवा कर के प्रभाव पर विचार करेगा, जिसमें 5 वर्षों के लिए संभावित राजस्व हानि के लिए प्रतिकर का भुगतान और प्रतिकर के लिए कतिपय उपकरों की समाप्ति जिन्हें प्रतिकर हेतु निर्धारित किया जाएगा और अन्य संरचनागत सुधार भी सम्मिलित हैं; और

vi. उन शर्तों पर विचार करेगा जो भारत सरकार संविधान के अनुच्छेद 293(3) के अधीन सहमति देते हुए राज्यों पर अधिरोपित कर सकेगी।

7. आयोग निम्नलिखित क्षेत्रों में राज्यों के लिए अभिशासन के उपयुक्त स्तर पर मापने योग्य निष्पादन आधारित प्रोत्साहन का प्रस्ताव करने पर विचार कर सकेगाः

i. माल और सेवा कर के अधीन कर-जाल के विस्तार और गहन बनाने में राज्यों द्वारा किए गए प्रयास;

ii. जनसंख्या वृद्धि की प्रतिस्थापन दर की दिशा में किए गए प्रयास और प्रगति;

iii. भारत सरकार की प्रमुख स्कीमों के कार्यान्वयन, आपदा सह्य अवसंरचना, सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में उपलब्धियां और उनके व्यय की गुणवत्ता;

iv. पूंजी व्यय बढ़ाने, विद्युत सेक्टर की हानियों को खत्म करने और आमदनी के भावी मार्ग सृजित करने में ऐसे व्यय की गुणवत्ता सुधारने के संबंध में की गई प्रगति;

v. कर/कर-भिन्न राजस्व बढ़ाने में की गई प्रगति, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और लोक वित्त प्रबंधन प्रणाली को अंगीकार करते हुए बचत का संवर्धन करना, डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और सरकार तथा हिताधिकारियों के बीच अड़चनों को हटाना;

vi. संबंधित नीतिगत और विनियामक परिवर्तनों को प्रभावी करके और श्रमोन्मुखी विकास को बढ़ावा देकर कारबार करने को सरल बनाने में की गई प्रगति;

vii. आधारभूत सेवाओं के लिए स्थानीय निकायों को स्तरीय मानव संसाधन सहित, अनुदान सहायता का उपबंध और सेवाओं की सुपुर्दगी में सुधार लाने में निष्पादन अनुदान प्रणाली का कार्यान्वयन।

viii. लोक लुभावन उपायों पर उपगत व्यय पर नियंत्रण या उसकी कमी; और

ix. स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा खुले में शौच को समाप्त करने के लिए व्यवहार में परिवर्तन लाने में की गई प्रगति।

8. आयोग अपनी सिफारिश करते समय 2011 की जनसंख्या आंकड़ों का उपयोग करेगा।

9. आयोग, आपदा प्रबंध अधिनियम, 2005 (2005 का 53) के अधीन गठित निधियों के प्रतिनिर्देश से आपदा प्रबंध के वित्तपोषण के संबंध में विद्यमान व्यवस्थायों का पुनर्विलोकन कर सकेगा और उनके संबंध में उपयुक्त सिफारिशें कर सकेगा।

10. आयोग, उन आधारों को बताएगा जिनके आधार पर वह अपने निष्कर्षों पर पहुंचा है और प्राप्तियों और व्यय के राज्यवार प्राक्कलन उपलब्ध कराएगा।

11. आयोग 1 अप्रैल, 2020 से प्रारंभ होने वाली पांच वर्ष की अवधि को समाविष्ट करते हुए 30 अक्तूबर, 2019 तक अपनी रिपोर्ट उपलब्ध कराएगा।

नई दिल्ली | ह/-

तारीख 27 नवम्बर, 2017 | राम नाथ कोविंद

भारत के राष्ट्रपति

[फा. सं. 10(1)-बी(एस)/2016]

प्रशांत गोयल, संयुक्त सचिव (बजट)

अनुलग्नक 1.2

(पैरा 1.11)

भारत का राजपत्र

असाधारण

भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

सं.3333] नई दिल्ली, सोमवार, दिसम्बर 4, 2017 /अग्रहायण 13, 1939

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

शुद्धिपत्र

नई दिल्ली, 4 दिसम्बर, 2017

का.आ. 3802(अ).- भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 3755(अ), तारीख 27 नवम्बर, 2017 जो भारत के राजपत्र, असाधारण में, 27 नवम्बर, 2017 को प्रकाशित हुई थी, के पैरा 1 की पंक्ति 2 में ''संसद् सदस्य'' के स्थान पर ''पूर्व संसद् सदस्य'' पढ़ें।

[फा.सं.10(1)-बी(एस)/2016]

प्रशांत गोयल, संयुक्त सचिव

अनुलग्नक 1.3

(पैरा 1.11)

भारत का राजपत्र

असाधारण

भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

सं.1772] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, मई 17, 2018 /वैशाख 27, 1940

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 17 मई, 2018

का. आ. 1964(अ).- राष्ट्रपति द्वारा किया गया निम्नलिखित आदेश जनसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाएगाः-

आदेश

राष्ट्रपति द्वारा, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-II, खंड-3, उप-खंड (ii) की अधिसूचना द्वारा प्रकाशित भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) के आदेश सं. का. आ. 3755(अ), तारीख 27 नवम्बर, 2017 द्वारा पंद्रहवें वित्त आयोग का गठन किया गया था और डॉ. अशोक लाहिड़ी को उक्त आयोग में सदस्य (अंशकालिक) के रुप में नियुक्त किया गया था;

और, डॉ. अशोक लाहिड़ी ने अध्यक्ष (गैर-कार्यकारी, अंशकालिक) बंधन बैंक के पद से त्यागपत्र दे दिया है; और राष्ट्रपति डॉ. अशोक लाहिड़ी को वित्त आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त करते हैं और उस प्रयोजनार्थ पूर्वोक्त आदेश में निम्न संशोधन किया जाता है, अर्थातः-

उक्त आदेश के पैरा 1 में, क्रम सं. 3 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित क्रम सं. और प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थातः-

"3. डॉ. अशोक लाहिड़ी -सदस्य"

पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार,

वित्त मंत्रालय

और

पूर्व अध्यक्ष (गैर-कार्यकारी, अंशकालिक)

बंधन बैंक

ह/--

राम नाथ कोविंद

भारत के राष्ट्रपति

[एफ सं. 10(3)-बी(एस)/2016]

अरविन्द श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव (बजट)

टिप्पणः वित आयोग के गठन के लिए मूल अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (ii). में का. आ. सं. 3755(अ), तारीख 27 नवम्बर, 2017 द्वारा प्रकाशित की गई थी।

अनुलग्नक 1.4
(पैरा 1.11)

भारत का राजपत्र

असाधारण

भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

सं. 4912] नई दिल्ली, बुधवार, दिसम्बर 12, 2018 /अग्रहायण 21, 1940

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर, 2018

का. आ. 6142(अ).- राष्ट्रपति द्वारा किया गया आदेश सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जा रहा हैः-

आदेश

राष्ट्रपति द्वारा पन्द्रहवें वित्त आयोग का गठन भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-II, खंड-3, उप-खंड (ii) में का. आ. 3755(अ), तारीख 27 नवम्बर, 2017 द्वारा प्रकाशित भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) की अधिसूचना द्वारा किया गया है और श्री शक्तिकांत दास को उक्त आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था।

और, श्री शक्तिकांत दास ने उक्त आयोग के सदस्य के पद से त्यागपत्र दे दिया है और राष्ट्रपति ने 11 दिसम्बर, 2018 से उक्त त्यागपत्र को स्वीकृत कर लिया है।

ह/-

(राम नाथ कोविंद)

भारत के राष्ट्रपति

नई दिल्ली,

तारीख 12 दिसम्बर, 2018

[फा.सं. 10(1)-बी(एस)/2016]

अरविंद श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव (बजट)

टिप्पणः वित्त आयोग के गठन के लिए मूल अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण में का. आ. सं. 3755(अ), तारीख 27 नवम्बर, 2017 द्वारा प्रकाशित की गई थी।

अनुलग्नक 1.5

(पैरा 1.11)

भारत का राजपत्र

असाधारण

भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

सं. 906] नई दिल्ली, बुधवार, फरवरी 27, 2019 /फाल्गुन 8, 1940

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 फरवरी, 2019

का. आ. 1040(अ).- राष्ट्रपति द्वारा किया गया निम्नलिखित आदेश जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाएगाः-

आदेश

राष्ट्रपति, द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उप-खंड (ii) की अधिसूचना द्वारा प्रकाशित का. आ. 3755(अ), तारीख 27 नवम्बर, 2017 भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) द्वारा पन्द्रहवें वित्त आयोग का गठन में किया गया था और श्री शक्तिकांत दास को उक्त आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था।

और, श्री शक्तिकांत दास ने उक्त आयोग के सदस्य के पद से त्यागपत्र दे दिया था और राष्ट्रपति ने भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उप-खंड (ii) में प्रकाशित भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) की अधिसूचना सं. का.आ. 6142(अ) तारीख 12 दिसम्बर, 2018 द्वारा एक आदेश को, 11 दिसंबर, 2018 से उक्त त्यागपत्र को स्वीकार किया था;

अतः, अब, वित आयोग (प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1951 (1951 का 33) की धारा 3, 4 और 6 के साथ, पठित संविधान के अनुच्छेद 280 के खंड (1) के अनुसरण में राष्ट्रपति, वित्त आयोग के सदस्य के रूप में श्री अजय नारायण झा को 1 मार्च, 2019 से नियुक्त करते हैं और इस उद्देश्य के लिए तारीख 27 नवंबर, 2017 के पूर्वोक्त आदेश में निम्नलिखित संशोधन करते हैं, अर्थातः-

उक्त आदेश में, पैरा 1 में, क्रम सं. 1 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित क्रम सं. और प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थातः-

"1. श्री अजय नारायण झा - सदस्य"

वित्त सचिव,

भारत सरकार

ह/-

राम नाथ कोविंद

भारत के राष्ट्रपति

नई दिल्ली,

तारीखः 27 फरवरी, 2019

[फा. सं. 10(1)-बी(एस)/2016)]

अरविन्द श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव (बजट)

टिप्पणः वित्त आयोग के गठन के लिए मूल अधिसूचना भारत के राजपत्र असाधारण भाग II, खंड 3, उप-खंड (ii) का.आ. 3755(अ) तारीख 27 नवंबर, 2017 द्वारा प्रकाशित की गई थी।

अनुलग्नक 1.6

(पैरा 1.17)

भारत का राजपत्र

असाधारण

भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

सं. 2450] नई दिल्ली, सोमवार, जुलाई 29, 2019 /श्रावण 7, 1941

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 जुलाई, 2019

का. आ. 2691(अ).- राष्ट्रपति द्वारा किया गया निम्नलिखित आदेश सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता हैः-

आदेश

राष्ट्रपति, वित्त आयोग (प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1951 (1951 का 33) के उपबंधों के साथ पठित संविधान के अनुच्छेद 280 के खंड(1) के उपबंधों के अनुसरण में भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-2, खंड-3, उप-खंड (ii), तारीख 27 नवंबर, 2017 में प्रकाशित आदेश सं. का.आ. 3755(अ), तारीख 27 नवम्बर, 2017 का और संशोधन करते हैं अर्थात् -

उक्त आदेश में,-

(क) पैरा 3 में, शब्दों "30 अक्तूबर, 2019" के शब्दों और अंकों के स्थान पर "30 नवंबर, 2019" शब्द और अक्षर रखे जाएंगे;

(ख) पैरा 9 के पश्चात, निम्नलिखित पैरा अंतः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् -

"9-क आयोग इस बात की भी परीक्षा करेगा कि क्या रक्षा और आंतरिक सुरक्षा के वित्तपोषण के लिए एक अलग तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए और यदि हां, तो ऐसे तंत्र का किस प्रकार प्रचालन किया जा सकता है।"

(ग) पैरा 11 में, "30 अक्तूबर, 2019" के शब्दों और अंको के स्थान पर "30 नवंबर, 2019" शब्द और अक्षर रखे जाएंगे।

नई दिल्ली

तारीखः 29 जुलाई 2019

ह/-

(राम नाथ कोविंद)

भारत के राष्ट्रपति

[फा. सं. 10(1)-बी(एस)/2016/खंड-III]

अरविन्द श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव (बजट)

टिप्पणः मूल आदेश भारत के राजपत्र, असाधारण भाग-2, खंड-3, उप-खंड (ii) में अधिसूचना सं. का.आ. 3755(अ), तारीख 27 नवम्बर, 2017 द्वारा प्रकाशित किया गया था और उसमें निम्नलिखित अधिसूचनाओं द्वारा पश्चातवर्ती संशोधन किए गए, अर्थातः-

(i) का.आ. 3802(अ) तारीख 4 दिसंबर, 2017;

(ii) का.आ. 1964(अ) तारीख 17 मई, 2018;

(iii) का.आ. 6142(अ) तारीख 12 दिसंबर, 2018;

(iv) का.आ. 1040(अ) तारीख 27 फरवरी, 2019

अनुलग्नक 1.7
(पैरा 1.18)

भारत का राजपत्र

असाधारण

भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

सं. 3870] नई दिल्ली, शुक्रवार, नवम्बर 29, 2019/अग्रहायण 8, 1941

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 नवम्बर, 2019

का.आ. 4308(अ).- राष्ट्रपति द्वारा किया गया निम्नलिखित आदेश सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता हैः-

आदेश

राष्ट्रपति, वित्त आयोग (प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1951 (1951 का 33) में अंतर्विष्ट उपबंधों के साथ पठित संविधान के अनुच्छेद 280 के खंड (1) के अनुसरण में, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (ii), तारीख 27 नवम्बर, 2017 में प्रकाशित आदेश संख्या का.आ.3755(अ), तारीख 27 नवम्बर, 2017 का और संशोधन करते हैं, अर्थात्ः-

उक्त आदेश में,-

(क) पैरा 3 में, ''रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तारीख तक या 30 नवम्बर, 2019 तक'' शब्दों और अंकों के स्थान पर ''अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तारीख तक या 30 अक्तूबर, 2020 तक'' शब्द और अंक रखे जाएंगे;

(ख) पैरा 10 के पश्चात् निम्नलिखित पैरा अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् ः-

''10क. आयोग दो रिपोर्टें अर्थात् वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए पहली रिपोर्ट और 2021-

22 से 2025-26 तक की विस्तारित अवधि के लिए अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।''

(ग) पैरा 11 के पश्चात् निम्नलिखित पैरा रखा जाएगा, अर्थात् :-

''11. आयोग, 1 अप्रैल, 2021 से प्रारंभ होने वाली पांच वर्ष की अवधि को समाविष्ट करते हुए 30 अक्तूबर, 2020 तक अपनी अंतिम रिपोर्ट उपलब्ध कराएगा।''

ह/-

राम नाथ कोविंद

भारत के राष्ट्रपति

(फा.सं.10(1)-बी(एस)/2019)

रजत कुमार मिश्र, संयुक्त सचिव (बजट)

टिप्पणः मूल अधिनियम भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (ii) में का.आ.सं.3755(अ), तारीख 27 नवम्बर, 2017 द्वारा प्रकाशित की गई थी और तत्पश्चात् निम्नलिखित अधिसूचनाओं द्वारा उसका संशोधन किया गया, अर्थात् :-

(i) का.आ. 3802(अ), तारीख 4 दिसंबर, 2017;

(ii) का.आ. 1964(अ), तारीख 17 मई, 2018;

(iii) का.आ. 6142(अ), तारीख 12 दिसंबर, 2018;

(iv) का.आ. 1040(अ), तारीख 27 फरवरी, 2019;

(v) का.आ. 2691(अ), तारीख 29 जुलाई, 2019 ।

अनुलग्नक 1.8

पंद्रहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट के अध्यायों की विचारार्थ विषय-वार मैपिंग

पंद्रहवें वित्त आयोग के विचारार्थ विषय	अध्याय
4. आयोग निम्नलिखित विषयों के बारे में सिफारिशें करेगा, अर्थातः- i. संघ और राज्यों के बीच करों के शुद्ध आगमों का, जो संविधान के भाग 12 के अध्याय 1 के अधीन उनमें विभाजित किए जाने हैं या किए जाएं, वितरण के बारे में और राज्यों के बीच ऐसे आगमों के तत्संबंधी भाग का आबंटन;	6
ii. भारत की संचित निधि में से राज्यों के राजस्व में सहायता अनुदान को शसित करने वाले सिद्धांत और उन राज्यों को, जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 275 अधीन उनके राजस्वों में सहायता अनुदान के रूप में उस अनुच्छेद के खंड (1) के परंतुक में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिए सहायता की आवश्यकता है, संदत्त की जाने वाली धनराशियां; और	10
iii. राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राज्य में पंचायतों और नगरपालिकाओं के संसाधनों की अनुपूर्ति के लिए किसी राज्य की संचित निधि के संवर्धन के लिए आवश्यक अध्युपाय।	7
5. आयोग संघ और राज्यों की वर्तमान वित्त व्यवस्था, घाटे, ऋण स्तरों, नकद अनिशेष और राजकोषीय अनुशासन कायम रखने के प्रायासों की स्थिति की समीक्षा करेगा और मजबूत राजकोषीय प्रबंधन करने के लिए राजकोषीय समेकन की रुपरेखा की सिफारिश करेगा, जहां समता, दक्षता और पारदर्शिता के सिद्धांतों द्वारा मार्गदर्शित होकर देश में अधिक समावेशी विकास करते हुए सामान्य और सरकारी ऋण और घाटे के स्तर को उपयुक्त रूप में बनाए रखने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकारों की जिम्मेदारी को ध्यान में रखा जाए। आयोग यह जांच भी कर सकेगा कि क्या राजस्व घाटा अनुदान दिए जाएं।	3,10, 12,13

6. आयोग अपनी सिफारिशें करते समय, अन्य बातों के साथः-	4,5,6,12
(i) वर्ष 2024-25 तक संभवतः प्राप्त होने वाले कर और कर- भिन्न राजस्व के स्तरों के आधार पर 1 अप्रैल, 2020 से प्रारंभ होने वाले पांच वर्षों के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकारों के संसाधानों को ध्यान में रखेगा। कर और कर-भिन्न दोनों प्रकार के राजस्व के संबंध में आयोग उनका पूरी तरह दोहन करने की संभावना और राजकोषीय क्षमता को ध्यान में रखेगा;	
(ii) केन्द्रीय सरकार के संसाधनों की मांग विशेषकर रक्षा, आंतरिक सुरक्षा, अवसंरचना, रेल, जलवायु परिवर्तन, विधायिका रहित संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन के प्रति वचनबद्धता के संबंध में और अन्य वचनबद्ध व्यय और देनदारियों को ध्यान में रखेगा;	4,6,11,12
(iii) राज्य सरकार के संसाधनों की मांग, विशिष्टतया सामाजिक-आर्थिक विकास और महत्वपूर्ण अवसरंचना के वितपोषण, आस्ति रखरखाव व्यय, संतुलित क्षेत्रीय विकास तथा उनकी लोक उपयोगिताओं के ऋण और देनदारियों के प्रभाव को भी ध्यान में रखेगा;	4,5,6,9, 10,12
(iv) आयोग, 14वें वित आयोग की सिफारिशों का अनुसरण करते हुए राज्यों को कर न्यागमन में सारवान रूप से वृद्धि के साथ-साथ न्यू इंडिया-2022 सहित राष्ट्रीय विकास एजेन्डा की अनिवार्यता जारी रखने से संघ की सरकार की वित्तीय स्थिति पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार करेगा;	4,6,12
(v) केन्द्र और राज्यों के वित्त साधनों पर माल और सेवा कर के प्रभाव पर विचार करेगा, जिसमें 5 वर्षों के लिए संभावित राजस्व हानि के लिए प्रतिकर का भुगतान और प्रतिकर के लिए कतिपय उपकरों की समाप्ति जिन्हें प्रतिकर हेतु निर्धारित किया जाएगा और अन्य संरचनागत सुधार भी सम्मिलित हैं; और	5,4,6,12
(vi) उन शर्तों पर विचार करेगा जो भारत सरकार संविधान के अनुच्छेद 293 (3) के अधीन सहमति देते हुए राज्यों पर अधिरोपित कर सकेगी।	4,12
7. आयोग निम्नलिखित क्षेत्रों में राज्यों के लिए अभिशासन के उपयुक्त स्तर पर मापने योग्य निष्पादन आधारित प्रोत्साहन का प्रस्ताव करने पर विचार कर सकेगाः	5,10
(i) माल और सेवा कर के अधीन कर-जाल के विस्तार और गहन बनाने में राज्यों द्वारा किए गए प्रयास;	

(ii) जनसंख्या वृद्धि की प्रतिस्थापन दर की दिशा में किए गए प्रयास और प्रगति;	6,10
(iii) भारत सरकार की प्रमुख स्कीमों के कार्यान्वयन, आपदा सह्य अवसंरचना, सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में उपलब्धियां और उनके व्यय की गुणवत्ता;	8,10,13
(iv) पूंजी व्यय बढ़ाने, विद्युत सेक्टर की हानियों को खत्म करने और आमदनी के भावी मार्ग सृजित करने में ऐसे व्यय की गुणवत्ता सुधारने के संबंध में की गई प्रगति;	10,13
(v) कर/कर-भिन्न राजस्व बढ़ाने में की गई प्रगति, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और लोक वित्त प्रबंधन प्रणाली को अंगीकार करते हुए बचत का संवर्धन करना, डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और सरकार तथा हिताधिकारियों के बीच अड़चनों को हटाना;	5,10,13
(vi) संबंधित नीतिगत और विनियामक परिवर्तनों को प्रभावी करके और श्रमोन्मुखी विकास को बढ़ावा देकर कारबार करने को सरल बनाने में की गई प्रगति;	10
(vii) आधारभूत सेवाओं के लिए स्थानीय निकायों को स्तरीय मानव संसाधन सहित, अनुदान सहायता का उपबंध और सेवाओं की सुपुर्दगी में सुधार लाने में निष्पादन अनुदान प्रणाली का कार्यान्वयन।	7,10
(viii) लोक लुभावन उपायों पर उपगत व्यय पर नियंत्रण या उसकी कमी; और	10
(ix) स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा खुले में शौच को समाप्त करने के लिए व्यवहार में परिवर्तन लाने में की गई प्रगति।	7,10
8. आयोग अपनी सिफारिश करते समय 2011 की जनसंख्या आंकड़ों का उपयोग करेगा।	6,7,10
9. आयोग, आपदा प्रबंध अधिनियम, 2005 (2005 का 53) के अधीन गठित निधियों के प्रतिनिर्देश से आपदा प्रबंध के वित्तपोषण के संबंध में विद्यमान व्यवस्थायों का पुनर्विलोकन कर सकेगा और उनके संबंध में उपयुक्त सिफारिशें कर सकेगा।	8

9क. आयोग यह जांच भी करेगा कि क्या रक्षा और आंतरिक सुरक्षा हेतु वित्तपोषण के लिए एक पृथक व्यवस्था तंत्र स्थापित किए जाने की आवश्यकता है, और यदि ऐसा हो तो ऐसे व्यवस्था तंत्र का प्रचालन किस प्रकार से किया जा सकता है।	11
10. आयोग, उन आधारों को बताएगा जिनके आधार पर वह अपने निष्कर्षों पर पहुंचा है और प्राप्तियों और व्यय के राज्यवार प्राक्कलन उपलब्ध कराएगा।	4,6,12

अनुलग्नक 1.9

स्वीकृत पदों की सूची

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतन स्तर (7वां वेतन आयोग)
1	सचिव	1	15
2	संयुक्त सचिव	2	14
3	आर्थिक सलाहकार	1	14
4	निदेशक	4	13
5	संयुक्त निदेशक	3	12
6	अध्यक्ष का निजी सचिव	1	12
7	उपनिदेशक	6	11
8	पीपीएस/एडिशनल पीएस	5	11
9	पुस्तकाध्यक्ष एवं सूचना अधिकारी	1	11
10	सहायक निदेशक	8	10
11	प्रशा. एवं लेखा अधिकारी	1	10
12	सहायक लेखा अधिकारी	1	8
13	आशुलिपिक ग्रेड-बी	6	8
14	आर्थिक अधिकारी	10	7
15	सहायक अनुभाग अधिकारी	4	7
16	कैशियर	1	6
17	आशुलिपिक ग्रेड-सी	8	7
18	हिंदी आशुलिपिक ग्रेड-सी	1	7
19	आशुलिपिक ग्रेड-डी	4	4
20	वरिष्ठ सचिवालय सहायक (यूडीसी)	2	4
21	टेलीफोन ऑपरेटर	1	2
22	हिंदी टंकक	1	2
23	कनिष्ठ सचिवालय सहायक (एलडीसी)	3	2
24	स्टाफ कार ड्राइवर	5	2
25	एमटीएस	5	1
	कुल	**85**	

अनुलग्नक 1.10

(अध्याय 14, खंड I)

पदाधिकारियों की सूची

अध्यक्ष	श्री एन. के. सिंह
सदस्य	श्री शक्तिकांत दास (11.12.2018 को त्यागपत्र दिया)
	श्री अजय नारायण झा (श्री शक्तिकांत दास के स्थान पर)
	डॉ. अनूप सिंह
	डॉ. अशोक लाहिड़ी
	डॉ. रमेश चंद
सचिव	श्री अरविन्द मेहता
अपर सचिव	श्री मुखमीत सिंह भाटिया
संयुक्त सचिव	डॉ. रवि कोटा (11.08.2020 तक)
आर्थिक सलाहकार	श्री आन्टणी सिरियक
मीडिया सलाहकार	सुश्री मौसुमी चक्रवर्ती
निदेशक	श्री भारत भूषण गर्ग
	श्री गोपाल प्रसाद (15.09.2020 तक)
	श्री जसविंदर सिंह (31.07.2020 को सेवानिवृत्त) और दिनांक 01.08.2020 को परामर्शदाता के रूप में कार्यभार ग्रहण किया
	श्री कंदर्प वी. पटेल
संयुक्त निदेशक	सुश्री अदिति पाठक
	श्री आनंद सिंह परमार
	श्री मनीश देव
	सुश्री शिखा दहिया
	सुश्री स्वेता सत्या

वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव	श्री एस. सुदर्शन
अवर सचिव	श्री एस. आर. राजा, अध्यक्ष के विशेष कार्याधिकारी
उप-निदेशक	श्री नितिश सैनी (17.12.2019 तक) श्री रितेश कुमार श्री संदीप कुमार श्री विजय कुमार मान
पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी	श्री डी. के. शर्मा
प्रधान निजी सचिव	श्री जे. के. वधवा (31.12.2019 को सेवानिवृत्त और दिनांक 01.01.2020 को परामर्शदाता के रूप में कार्यभार ग्रहण किया) श्री पी. वेंकट स्वामी श्री आर. त्यागराजन श्री एस. पुट्टण्णाा श्री संसार चंद बिरदी
सहायक निदेशक	श्री महेश कुमार श्री मुकेश कुमार सिंह श्री पंकज गेरा (13.12.2019 तक) श्री प्रवीन जैन श्री आर. सुरेश श्री सलाम श्यामसुंदर सिंह श्री सुशांत कुमार बजाज श्री विकास अहलावत
कनिष्ठ सचिवालय सहायक	श्री हरी दत्त

परामर्शदाता	श्री ए. सी. मेहता श्री अभिषेक सिंह श्री अशोक कुमार वर्मा श्री बलबीर सिंह श्री भोला राम श्री यूजीन फ्रांसिस श्री जे. के. आहूजा श्री एन. द्वारकानाथन श्री पी.एल.एन. मूर्ति श्री प्रकाश ए. श्री रविन्द्र कुमार श्री एस. गोपालकृष्णन सुश्री शताक्षी गर्ग (30.08.2020 तक)
कनिष्ठ परामर्शदाता	श्री अनिकेत
सहायक निदेशक (राजभाषा)	श्री संजीव नयन साहा
वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी	डॉ. आनंद प्रकाश यादव श्री अनुप साव श्री जय वीर श्री ओमप्रकाश सिंह

अनुलग्नक 1.11

सं.A.19011/2/2017-Ad.III

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

नई दिल्ली, 27 अक्तूबर, 2017

कार्यालय आदेश

विषय: पंद्रहवें वित्त आयोग के विशेष कार्याधिकारी श्री अरविंद मेहता को विभागाध्यक्ष की शक्तियों के प्रत्यायोजन के संबंध में।

वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियमावली, 1978, के नियम 13(2) के तहत इस विभाग को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निर्णय लिया गया है कि पंद्रहवें वित्त आयोग में विशेष कार्याधिकारी श्री अरविंद मेहता, आईएएस (एचपीः84), इस आदेश की तारीख से, पंद्रहवें वित्त आयोग के समक्ष निपटान हेतु प्रस्तुत किए वाले बजट को प्रशासित करने के लिए विभागाध्यक्ष को प्रदत्त समस्त शक्तियों का प्रयोग करेंगे;

परंतु निम्नलिखित के संबंध में इस उपनियम के तहत कोई शक्ति पुनःप्रत्यायोजित नहीं की जाएगीः

(क) पदों का सृजन;

(ख) हानियों को बट्टे खाते डालना; और

(ग) विनियोजन की किसी भी प्राथमिक इकाई या उपशीर्ष, यानी, ऐसी प्राथमिक इकाई या उपशीर्ष जिससे निधियों का पुनर्विनियोजन किया जा रहा हो अथवा ऐसी प्राथमिक इकाई या उपशीर्ष जिसमें निधियों का पुनर्विनियोजन किया जाना हो, इनमें से जो भी कम हो, के लिए मूल बजट प्रावधान के 10 प्रतिशत से अधिक निधियों का पुनर्विनियोजन।

2. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से और एकीकृत वित्त प्रभाग की सहमति से उनके दिनांक 26.10.2017 के एफटीएस सं. 356116/जेएस एंड एफए (फाइनेंस)/2017 के तहत जारी किया जाता है।

ह/-

(सुनील कुमार गुप्ता)

अवर सचिव, भारत सरकार

प्रतिलिपिः

1. श्री अरविन्द मेहता, आईएएस (एचपीः84), विशेष कार्याधिकारी, पंद्रहवें वित्त आयोग का अग्रिम प्रकोष्ठ, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली

2. उपनिदेशक (बजट) [श्री राजीव नयन शर्मा], आर्थिक कार्य विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, को उनके दिनांक 20-10-2017 के आईडी सं. 10(1)-बी(एस)/2017 (पार्ट) के संदर्भ में।

3. सहायक निदेशक, वित्त आयोग प्रभाग, व्यय विभाग, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली।

4. प्रधान लेखापरीक्षा निदेशक का कार्यालय, आर्थिक एवं सेवा मंत्रालय, एजीसीआर भवन, आईपी इस्टेट, नई दिल्ली

5. मुख्य लेखा नियंत्रक का कार्यालय, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय (आंतरिक लेखापरीक्षा विंग), आरएफए बैरक, चर्च रोड, नई दिल्ली

6. वेतन एवं लेखा अधिकारी, आर्थिक कार्य विभाग, नॉर्थ ब्लॉक

7. डीडीओ, आर्थिक कार्य विभाग, नॉर्थ ब्लॉक

8-20. संयुक्त सचिव(एसीसी) /संयुक्त सचिव (बजट)/ उपसचिव (प्रशा.)/ अवर सचिव (आईएफ (I)/प्रशा.-I/I-ए/II/IV/V/ वित्त पुस्तकालय/ सतर्कता/ प्रोटोकॉल/ एचआईसी/ गार्ड फाइल।

अनुलग्नक 1.12

पंद्रहवां वित्त आयोग

प्रक्रिया-नियम

भारत के संविधान के अनुच्छेद 280 के खंड (4) और वित्त आयोग (प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1951 (1951 का XXXIII) की धारा 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पंद्रहवां वित्त आयोग अपनी प्रक्रिया के निर्धारण हेतु निम्नलिखित नियम विहित करता है अर्थात;

1. साक्ष्य प्राप्त करने और/ या केंद्रीय एवं राज्य सरकारों तथा अन्य सार्वजनिक निकायों के प्रतिनिधियों और व्यक्तियों से मुलाकात करने के लिए आयोग की औपचारिक बैठकों का यथावश्यकता आयोजन किया जाएगा। ऐसी बैठकों का समय एवं स्थान सचिव द्वारा अध्यक्ष और सदस्यों की सुविधा के अनुसार नियत किया जाएगा।

2. आयोग की आंतरिक बैठकें अनौपचारिक होंगी।

3. आयोग की सभी बैठकें निजी सत्र में आयोजित की जाएंगी।

4. बैठकों की व्यवस्था साधारण तौर पर इस प्रकार से की जाएगी कि सभी सदस्य उपस्थित हो सकें। यदि अपरिहार्य कारणों से, कोई सदस्य बैठक में भाग लेने में असमर्थ है तो भी, अध्यक्ष सहित कम-से-कम तीन सदस्यों की उपस्थिति होने पर ऐसी बैठक आयोजित की जा सकेगी। यदि किसी कारणवश, अध्यक्ष उपस्थित न हो सकें तो वह किसी सदस्य को अध्यक्षता करने के लिए नामित कर सकेंगे।

5. आयोग की बैठकों में आयोग के ऐसे अधिकारी उपस्थित रहेंगे जो सचिव द्वारा अध्यक्ष के परामर्श से निर्दिष्ट किए जाएं।

6. अनौपचारिक बैठकों की कार्यवाहियों के कार्यवृत्त (जब तक कि अन्यथा विनिश्चित न किया जाए), सचिव द्वारा एक कार्यवृत्त-पुस्तिका के रूप में रखे जाएंगे और सदस्यों के बीच परिचालित किए जाएंगे। कार्यवृत्त को आयोग की अगली बैठक में पुष्टि हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।

7. साधारणतः आयोग की औपचारिक बैठकों की कार्यवाहियों का कोई शब्दशः रिकॉर्ड नहीं रखा जाएगा। जब कोई शब्दशः रिकॉर्ड न रखा जाना हो तो, यथाशीघ्र, सचिव के निदेश द्वारा या उसके अधीन ऐसी बैठकों का एक सारांश तैयार करके आयोग के सदस्यों के बीच परिचालित किया जाएगा। यदि शब्दशः रिकॉर्ड रखा जाना हो तो प्रत्येक साक्षी से संबंधित भाग को अंतिम रूप से रिकॉर्ड में लेने से पूर्व उस साक्षी को

भेजा जाएगा। वैकल्पिक तौर पर, आयोग संबंधित साक्षियों से अपने कथन लिखित रूप में भेजने का भी अनुरोध कर सकेगा।

8. अध्यक्ष या सचिव के निदेश के बिना, किसी भी सदस्य या स्टाफ द्वारा आयोग की बैठकों या कार्य से संबंधित कोई भी सूचना प्रेस को नहीं दी जाएगी।

9. आयोग का सचिव, अध्यक्ष के सामान्य निदेश के अधीन, आयोग के कार्यालय का समग्र रूप में प्रभारी होगा और वह आयोग के समुचित कार्य-संचालन के लिए उत्तरदायी होगा।

10. औपचारिक रिपोर्ट से भिन्न, आयोग से होने वाले समस्त पत्रादि पर अध्यक्ष अथवा सचिव द्वारा (या सचिव द्वारा उसकी ओर से हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत कम-से-कम उप-सचिव की श्रेणी के अधिकारी द्वारा) समुचित रूप से हस्ताक्षर किए जाएंगे, परंतु आयोग के विचारों को व्यक्त करने संबंधी किसी भी पत्रादि को उसके अनुमोदन के बिना जारी नहीं किया जाएगा।

11. आयोग के अध्यक्ष/सदस्यों के सेवा संबंधी नियम-शर्तों से या उनसे वैयक्तिक रूप से संबंधित मामलों से जुड़े समस्त पत्रादि या प्रस्तावों को सचिव द्वारा आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। ऐसे मामलों में कोई भी कार्रवाई अध्यक्ष/सदस्य (सदस्यों)/ आयोग के साथ यथोचित परामर्श से ही की जाएगी।

12. सचिव द्वारा आयोग के कार्य से संबंधित सभी महत्वपूर्ण मामलों के विषय में आयोग को समय-समय पर अवगत कराया जाएगा।

13. ऐसी नियुक्तियों के सिवाय जिनके संबंध में मंत्रिमंडल की नियुक्ति-समिति का अनुमोदन आवश्यक है, अन्य सरकारों या सरकारी विभागों से स्थानांतरण द्वारा की गई नियुक्तियों सहित आयोग के राजपत्रित पदों पर सभी नियुक्तियां, सचिव के द्वारा की जाएगी। मंत्रिमंडल की नियुक्ति-समिति के अनुमोदन की आवश्यकता वाली और परामर्शियों के रूप में की जाने वाली नियुक्तियां अध्यक्ष के अनुमोदन से की जाएंगी।

14. नियम 13 में यथानिर्दिष्ट से भिन्न कर्मचारियों, जिनमें अन्य सरकारों या सरकारी विभागों से स्थानांतरण पर प्राप्त कर्मचारी भी सम्मिलित हैं, की नियुक्ति सचिव द्वारा या उसकी ओर से विधिवत् प्राधिकृत, कम-से-कम उप-सचिव की श्रेणी के अधिकारी द्वारा की जाएगी।

15. नियम 13 और 14 के उपबंध इस शर्त के अध्यधीन होंगे कि आयोग के सदस्यों के वैयक्तिक कर्मचारियों की नियुक्तियों के संबंध में, संबंधित सदस्य से परामर्श किया जाएगा।

16. सचिव, किसी राजपत्रित अधिकारी को नियमित या आकस्मिक छुट्टी प्रदान कर सकेगा। जहाँ तक अराजपत्रित कर्मचारियों का संबंध है, इस प्रयोजन के लिए सचिव द्वारा प्राधिकृत कम-से-कम उप-सचिव की श्रेणी के अधिकारी द्वारा छुट्टी स्वीकृत की जा सकेगी। आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के वैयक्तिक

कर्मचारियों के संबंध में छुट्टी प्रदान किए जाने से पूर्व उनसे सम्यक् परामर्श किया जाएगा।

17. आयोग के बजट और संशोधित प्राक्कलनों को वित्त मंत्रालय को संसूचित किए जाने से पूर्व, सचिव द्वारा आयोग के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जाएगा।

18. आयोग द्वारा प्राप्त समस्त पत्रादि, जो ऐसे मामलों से संबंधित हों जिनके संबंध में आयोग द्वारा राष्ट्रपति के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है, आयोग के समक्ष रखे गए सभी मामले और आयोग की बैठक में की गई समस्त चर्चाओं को गोपनीय माना जाएगा।

19. आयोग अध्ययन / इनपुट के प्रयोजन के लिए उन संगत संस्थानों और विशेषज्ञों को नियुक्त कर सकेगा जिनके बारे में आयोग द्वारा ऐसा निर्णय लिया जाए।

अनुलग्नक 1.13

(पैरा 1.24)

पंद्रहवां वित्त आयोग

सार्वजनिक सूचना

विचारार्थ विषयों (टीओआर) पर सुझावों का आमंत्रण

1. पंद्रहवां वित्त आयोग अपने विचारार्थ विषयों से संबंधित मुद्दों पर सर्व-साधारण, संस्थाओं और संगठनों से सुझाव आमंत्रित करता है।

2. राष्ट्रपति द्वारा भारत के संविधान के उपबंधों के अनुसरण में दिनांक 27 नवंबर, 2017 की राजपत्र अधिसूचना के तहत श्री एन. के. सिंह की अध्यक्षता में पंद्रहवें वित्त आयोग का गठन किया गया है। आयोग के अन्य सदस्यों में श्री शक्तिकांत दास; डॉ. अनूप सिंह; डॉ. अशोक लाहिड़ी और डॉ. रमेश चंद हैं। आयोग 01 अप्रैल, 2020 से प्रारंभ होने वाली पांच वर्ष की अवधि को समाविष्ट करते हुए निम्नलिखित मामलों के संबंध में सिफारिशें करेगाः-

(i) संघ और राज्यों के बीच करों के शुद्ध आगमों का, जो संविधान के भाग 12 के अध्याय 1 के अधीन उनमें विभाजित किए जाने हैं या किए जाएं, वितरण और राज्यों के बीच ऐसे आगमों के तत्संबंधी भाग का आबंटन;

(ii) भारत की संचित निधि में से राज्यों के राजस्व में सहायता अनुदान को शासित करने वाले सिद्धांत और उन राज्यों को, जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 275 अधीन उनके राजस्वों में सहायता अनुदान के रूप में उस अनुच्छेद के खंड (1) के परंतुक में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिए सहायता की आवश्यकता है, संदत्त की जाने वाली धनराशियां; और

(iii) राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई अनुशंसाओं के आधार पर राज्य में पंचायतों और नगरपालिकाओं के संसाधनों की अनुपूर्ति के लिए किसी राज्य की संचित निधि के संवर्धन के लिए आवश्यक अध्युपाय।

3. आयोग संघ और राज्यों की वर्तमान वित्त व्यवस्था, घाटे, ऋण स्तरों, नकद अनिशेष और राजकोषीय अनुशासन कायम रखने के प्रायासों की स्थिति की समीक्षा करेगा और मजबूत राजकोषीय प्रबंधन करने के लिए राजकोषीय समेकन की रुपरेखा की सिफारिश करेगा, जहां समता, दक्षता और पारदर्शिता के सिद्धांतों द्वारा मार्गदर्शित होकर देश में अधिक समावेशी विकास करते हुए सामान्य और सरकारी ऋण और घाटे के

स्तर को उपयुक्त रूप में बनाए रखने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकारों की जिम्मेदारी को ध्यान में रखा जाए। आयोग यह जांच भी कर सकेगा कि क्या राजस्व घाटा अनुदान दिए जाएं।

4. आयोग अपनी सिफारिशें करते समय, अन्य बातों के साथः-

(i) वर्ष 2024-25 तक संभवतः प्राप्त होने वाले कर और कर- भिन्न राजस्व के स्तरों के आधार पर 1अप्रैल, 2020 से प्रारंभ होने वाले पांच वर्षों के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकारों के संसाधानों को ध्यान में रखेगा। कर और कर-भिन्न दोनों प्रकार के राजस्व के संबंध में आयोग उनका पूरी तरह दोहन करने की संभावना और राजकोषीय क्षमता को ध्यान में रखेगा;

(ii) केन्द्रीय सरकार के संसाधनों की मांग विशेषकर रक्षा, आंतरिक सुरक्षा, अवसंरचना, रेल, जलवायु परिवर्तन, विधायिका रहित संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन के प्रति वचनबद्धता के संबंध में और अन्य वचनबद्ध व्यय और देनदारियों को ध्यान में रखेगा;

(iii) राज्य सरकार के संसाधनों की मांग, विशिष्टतया सामाजिक-आर्थिक विकास और महत्वपूर्ण अवसरंचना के वितपोषण, आस्ति रखरखाव व्यय, संतुलित क्षेत्रीय विकास तथा उनकी लोक उपयोगिताओं के ऋण और देनदारियों के प्रभाव को भी ध्यान में रखेगा;

(iv) आयोग, 14वें वित आयोग की अनुशंसाओं का अनुसरण करते हुए राज्यों को कर न्यागमन में सारवान रूप से वृद्धि के साथ-साथ न्यू इंडिया-2022 सहित राष्ट्रीय विकास एजेन्डा की अनिवार्यता जारी रखने से संघ की सरकार की वित्तीय स्थिति पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार करेगा;

(v) केन्द्र और राज्यों के वित्त साधनों पर माल और सेवा कर के प्रभाव पर विचार करेगा, जिसमें 5 वर्षों के लिए संभावित राजस्व हानि के लिए प्रतिकर का भुगतान और प्रतिकर के लिए कतिपय उपकरों की समाप्ति जिन्हें प्रतिकर हेतु निर्धारित किया जाएगा और अन्य संरचनागत सुधार भी सम्मिलित हैं; और

(vi) उन शर्तों पर विचार करेगा जो भारत सरकार संविधान के अनुच्छेद 293 (3) के अधीन सहमति देते हुए राज्यों पर अधिरोपित कर सकेगी।

5. आयोग निम्नलिखित क्षेत्रों में राज्यों के लिए अभिशासन के उपयुक्त स्तर पर मापने योग्य निष्पादन आधारित प्रोत्साहन का प्रस्ताव करने पर विचार कर सकेगाः

(i) माल और सेवा कर के अधीन कर-जाल के विस्तार और गहन बनाने में राज्यों द्वारा किए गए प्रयास;

(ii) जनसंख्या वृद्धि की प्रतिस्थापन दर की दिशा में किए गए प्रयास और प्रगति;

(iii) भारत सरकार की प्रमुख स्कीमों के कार्यान्वयन, आपदा सह्य अवसंरचना, सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में उपलब्धियां और उनके व्यय की गुणवत्ता;

(iv) पूंजी व्यय बढ़ाने, विद्युत सेक्टर की हानियों को खत्म करने और आमदनी के भावी मार्ग सृजित करने में ऐसे व्यय की गुणवत्ता सुधारने के संबंध में की गई प्रगति;

(v) कर/कर-भिन्न राजस्व बढ़ाने में की गई प्रगति, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और लोक वित्त प्रबंधन प्रणाली को अंगीकार करते हुए बचत का संवर्धन करना, डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और सरकार तथा हिताधिकारियों के बीच अड़चनों को हटाना;

(vi) संबंधित नीतिगत और विनियामक परिवर्तनों को प्रभावी करके और श्रमोन्मुखी विकास को बढ़ावा देकर कारबार करने को सरल बनाने में की गई प्रगति;

(vii) आधारभूत सेवाओं के लिए स्थानीय निकायों को स्तरीय मानव संसाधन सहित, अनुदान सहायता का उपबंध और सेवाओं की सुपुर्दगी में सुधार लाने में निष्पादन अनुदान प्रणाली का कार्यान्वयन;

(viii) लोक लुभावन उपायों पर उपगत व्यय पर नियंत्रण या उसकी कमी; और

(ix) स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा खुले में शौच को समाप्त करने के लिए व्यवहार में परिवर्तन लाने में की गई प्रगति।

6. आयोग अपनी सिफारिश करते समय 2011 की जनसंख्या आंकड़ों का उपयोग करेगा।

7. आयोग, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 (2005 का 53) के अधीन गठित निधियों के प्रतिनिर्देश से आपदा प्रबंध के वित्तपोषण के संबंध में विद्यमान व्यवस्थायों का पुनर्विलोकन कर सकेगा और उनके संबंध में उपयुक्त सिफारिशें कर सकेगा।

8. आयोग, उन आधारों को बताएगा जिनके आधार पर वह अपने निष्कर्षों पर पहुंचा है और प्राप्तियों और व्यय के राज्यवार प्राक्कलन उपलब्ध कराएगा।

9. यह सूचना और पिछले वित्त आयोग के संबंध में संगत सामग्री इस वित्त आयोग की वेबसाइट http://fincomindia.nic.in पर उपलब्ध है।

10. यह वित्त आयोग सभी इच्छुक संगठनों एवं व्यक्तियों से ऐसे सुझावों /विचारों का स्वागत करेगा जो निम्नलिखित माध्यमों से किसी के भी द्वारा 30 अप्रैल, 2018 तक भेज दिए जाएं:

(i) डाक द्वारा, जो सचिव, पंद्रहवां वित्त आयोग 9वां तल, जवाहर व्यापार भवन, टॉलस्टाय मार्ग, नई दिल्ली-110001, को संबोधित हो;

(ii) ई-मेल के माध्यम से secy-xvfc@gov.in को;

(iii) वेबसाइट के माध्यम से http://fincomindia.nic.in पर हाइपर लिंक 'कॉल फोर सजेशंस' को क्लिक करते हुए।

अनुलग्नक 1.14

(पैरा 1.24)

पंद्रहवां वित्त आयोग

सार्वजनिक सूचना

अतिरिक्त विचारार्थ विषय (टीओआर) पर सुझाव आमंत्रित करना

1. पंद्रहवां वित्त आयोग वित्त मंत्रालय की 29 जुलाई, 2019 की अधिसूचना सं. का.आ. 2691 (ई), के तहत जारी और भारत के राजपत्र में प्रकाशित अतिरिक्त विचारार्थ विषयों से संबंधित मामलों पर, सर्व-साधारण, संस्थाओं और संगठनों से सुझाव आमंत्रित करता है।

2. अतिरिक्त विचारार्थ विषय का संगत पैराग्राफ नीचे उद्धृत है :-

" "9-क आयोग इस बात की भी परीक्षा करेगा कि क्या रक्षा और आंतरिक सुरक्षा के वित्तपोषण के लिए एक अलग तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए और यदि हां, तो ऐसे तंत्र का किस प्रकार प्रचालन किया जा सकता है।";"

3. यह सूचना और पिछले वित्त आयोग के संबंध में संगत सामग्री इस वित्त आयोग की वेबसाइट http://fincomindia.nic.in पर उपलब्ध है।

4. यह वित्त आयोग सभी इच्छुक संगठनों एवं व्यक्तियों से ऐसे सुझावों /विचारों का स्वागत करेगा जो निम्नलिखित माध्यमों से किसी के भी द्वारा 10 अक्तूबर, 2019 तक भेज दिए जाएंः

(i) डाक द्वारा, जो सचिव, पंद्रहवां वित्त आयोग 9वां तल, जवाहर व्यापार भवन, टॉलस्टाय मार्ग, नई दिल्ली-110001, को संबोधित हो;

(ii) ई-मेल के माध्यम से secy-xvfc@gov.in को;

(iii) वेबसाइट के माध्यम से http://fincomindia.nic.in पर हाइपर लिंक 'कॉल फोर सजेशंस' को क्लिक करते हुए।

अनुलग्नक 1.15

(पैरा 1.23)

सं. 5/6/UF-XVFC-2018

पंद्रहवां वित्त आयोग

संघीय वित्त और समन्वय

जवाहर व्यापार भवन, 9वां तल

1, टॉलस्टाय मार्ग, नई दिल्ली-110 001

16 अप्रैल, 2018

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

<u>विषय : आयोग की सलाहकार परिषद् का गठन।</u>

पंद्रहवां वित्त आयोग एतदद्वारा एक सलाहकार परिषद् का गठन करता है जिसके निम्नलिखित सदस्य होंगेः

I. डॉ. अरविन्द विरमानी, अध्यक्ष, फोरम फॉर स्ट्रैटेजिक इनिशिएटिव्ज

ii. डॉ. सुरजीत एस. भल्ला, पीएमईएसी के अंशकालिक सदस्य और ऑब्जर्वेटरी ग्रुप के वरिष्ठ भारतीय विश्लेषक तथा ऑक्सस रिसर्च एंड इन्वेस्टमेंट के अध्यक्ष

iii. डॉ. संजीव गुप्ता, पूर्व-उपनिदेशक (राजकोषीय कार्य विभाग), आईएमएफ

iv. प्रो. पिनाकी चक्रबर्ती, प्रोफेसर (एनआईपीएफपी)

v. श्री साजिद चिनॉय, चीफ इंडिया इकॉनॉमिस्ट, जेपी मॉर्गन

vi. श्री नीलकंठ मिश्रा, प्रबंध निदेशक तथा क्रेडिट सुसी इंडिया अर्थशास्त्री और रणनीतिकार

2. इस सलाहकार परिषद् की भूमिका एवं कार्य निम्नलिखित होंगेः

i. आयोग के विचारार्थ विषयों (टीओआर) से संबंधित किसी भी संगत मामले या विषय पर आयोग को सलाह देना;

ii. किसी भी ऐसे दस्तावेज को तैयार करने या अनुसंधान अध्ययन करने में सहयोग करना जो विचारार्थ विषयों में अंतर्विष्ट मामलों पर आयोग के ज्ञानवर्धन में सहायक हो; और

iii. राजकोषीय अंतरण से संबंधित मामलों पर सर्वोत्तम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रक्रियाओं का

पता लगाने के लिए आयोग के दायरे और समझ को व्यापक बनाने तथा इसकी अनुशंसाओं की गुणवत्ता एवं पहुँच और प्रवर्तन में सुधार करने में सहायता करना।

3. आयोग वर्ष 2018 में इस परिषद् की दो बैठकों और वर्ष 2019 में अधिक से अधिक तीन बैठकों का आयोजन कर सकेगा।

4. आयोग सलाहकार परिषद् की बैठकों से संबंधित यात्राओं पर होने वाले व्यय तथा अन्य सुप्रचालनिक व्यवस्थाओं को, यथाग्राह्यता, वहन करेगा।

5. आयोग परिषद् की सदस्यता और इसकी भूमिका एवं कार्य में ऐसे आशोधनों पर विचार कर सकेगा जो आवश्यक समझे जाएं।

6. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

ह/-

(अरविन्द मेहता)

सचिव (पंद्रहवां वित्त आयोग)

अनुलग्नक 1.15 (जारी)

(पैरा 1.23)

सं. 5/6/UF_XVFC-2018

पंद्रहवां वित्त आयोग

जवाहर व्यापार भवन, 9वां तल

1, टॉलस्टाय मार्ग, नई दिल्ली-110 001

16 अगस्त, 2018

कार्यालय ज्ञापन

विषय : आयोग की सलाहकार परिषद् में दो नए सदस्यों का समावेशन।

दिनांक 16 अप्रैल, 2018 के समसंख्यक का.ज्ञा. के आंशिक आशोधन में, आयोग की सलाहकार परिषद् में निम्नलिखित दो नए सदस्यों का समावेश किया गया है।

i. डॉ. डी. के. श्रीवास्तव, प्रोफेसर, मद्रास स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स एवं सदस्य 12वां वित्त आयोग।

ii. डॉ. इंदिरा राजारमन, सदस्य, 13वां वित्त आयोग।

पूर्वोक्त का.ज्ञा. की अन्य संपूर्ण विषयवस्तु अपरिवर्तित रहेगी।

ह/-

(अरविन्द मेहता)

सचिव (पंद्रहवां वित्त आयोग)

संलग्नकः दिनांक 16.04.2018 का समसंख्यक का.ज्ञा.

अनुलग्नक 1.15 (जारी.)

(पैरा 1.23)

सं. 5/6/UF-XVFC-2018

पंद्रहवां वित्त आयोग

जवाहर व्यापार भवन, 21वां तल

1, टॉलस्टाय मार्ग, नई दिल्ली-110 001

27 अगस्त, 2018

कार्यालय ज्ञापन

विषय : आयोग की सलाहकार परिषद् में 1 (एक) नए सदस्य का समावेशन।

दिनांक 16 अप्रैल, 2018 (संलग्न) के समसंख्यक का.ज्ञा. के आंशिक आशोधन में, आयोग की सलाहकार परिषद् में निम्नलिखित नए सदस्य का समावेश किया गया है।

i. डॉ. प्राची मिश्रा, प्रबंध निदेशक
ग्लोबल मैक्रो रिसर्च, गोल्डमैन सैच्स, मुंबई, भारत

पूर्वोक्त का.ज्ञा. की अन्य संपूर्ण विषयवस्तु अपरिवर्तित रहेगी।

ह/-

(अरविन्द मेहता)

सचिव (पंद्रहवां वित्त आयोग)

अनुलग्नक 1.15 (जारी.)

(पैरा 1.23)

सं. 5/6/UF-XVFC-2018

पंद्रहवां वित्त आयोग

प्रत्येक राज्य के लिए आबंटित निष्पादन-आधारित अनुदान की कुल राशि अनुलग्नक 10.4 में दर्शाई गई है। चार निष्पादन संकेतकों के प्रत्येक संकेतक के लिए कुल निष्पादन अनुदान में बराबर की हिस्सेदारी (25 प्रतिशत) आबंटित की जाएगी। वास्तविक अनुदान नीचे प्रस्तुत किए गए चार पैरामीटरों (मानदंडों) के संबंध में अनुपालन एवं उपलब्धियों पर आधारित होंगे।

1. कृषि भूमि पट्टाकरण संबंधित आदर्श कानून

यदि कोई राज्य कृषि भूमि पट्टाकरण संबंधी आदर्श कानून को लागू एवं अधिसूचित कर भूमि अभिलेखों का आधुनिकीकरण करता है, तब वह कृषि के लिए हमारी पंचाट अवधि के पांच वर्षों में एक बार कुल निष्पादन आधारित अनुदान का 25 प्रतिशत प्राप्त करेगा, क्योंकि प्रत्येक चार मानदंडों को बराबर का स्कोर दिया गया है।

2. जल का सतत एवं समुचित उपयोग

इस मानदंड के अनुसार, पिछले दशक की औसत की तुलना में लक्ष्य वर्ष T में भूमि जल स्रोत में परिवर्तन पर आधारित होगा। इस मानदंड संबंधी डाटा में बिजली प्रशुल्क, फसल पैटर्न, सिंचाई प्रौद्योगिकी और जल संरक्षण उपायों का प्रभाव ज्ञात होगा। सभी राज्यों में मॉनसून से पहले और मॉनसून के उपरांत भूजल स्तर पर डाटा को केंद्रीय भूमि जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) द्वारा अपने तथा राज्य सरकारों के ऑब्जरवेशन वेल्स (प्रेक्षणात्मक जलाशय) में जल स्तर के आधार पर संकलित किया जाएगा। सीजीडब्ल्यूबी द्वारा जल स्रोत में परिवर्तन के अनुसार, प्रत्येक राज्य में ऑब्जरवेशन वेल्स के वितरण पर डाटा संकलित कर रिपोर्टें तैयार की जाएंगी। निष्पादन प्रोत्साहन अर्जित करने हेतु अपेक्षित कदम उठाने के लिए राज्यों को एक वर्ष का अग्रिम समय दिया जाना चाहिए। अतः, जल के सतत उपयोग हेतु किसी राज्य के लिए अलग से निर्धारित की गई अनुदान की कुल राशि को हमारी 2022-23 से 2025-26 की चार वर्षों की पंचाट अवधि के दौरान बराबर राशियों में वितरित किया जाना चाहिए। इसके आधार पर, राज्यों को प्रोत्साहन के वितरण के लिए निम्नलिखित मानदंड का प्रयोग किया जाना हैः

PISWUt = (1/4th of TPISWU) *(1– उन वेल्स का अंश, जिनमें पिछले दशक के औसत स्तर की तुलना में वर्ष t में मॉनसून से पहले जल स्रोत में गिरावट आई थी)।

जहां: PISWUt वर्ष t= 2022-23 से 2025-26 में जल के उचित उपयोग के लिए निष्पादन प्रोत्साहन है)।

TPISWU, राज्य के लिए जल के उचित उपयोग हेतु कुल निष्पादन प्रोत्साहन है।

3. कृषि निर्यातों का संवर्धन

कृषि जिंसों (कमोडिटियों) के निर्यात के लिए कुल 25 प्रतिशत का भारांक निर्धारित किया गया है। इसे पांच-वर्ष की पंचाट अवधि के दौरान, 2019-20 को आधार वर्ष मानते हुए, कृषि निर्यातों को दोगुना करने से संबद्ध किया जाएगा।

हमारी पंचाट अवधि में निर्यातों के लिए प्रोत्साहन 2019-20 के आधार वर्ष के दौरान US$ में मापित निर्यात में वृद्धि पर आधारित होंगे। निर्यातों में 1 प्रतिशत की वृद्धि होने पर, 1 प्रतिशत निर्यात प्रोत्साहन अनुदान का भुगतान किया जाएगा और 100 प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धि पर निर्यात प्रोत्साहन अनुदान का 100 प्रतिशत भुगतान किया जाएगा। अनुदान को आधार वर्ष की तुलना में वर्ष t में निवल वृद्धि से संबद्ध किया जाएगा। यदि कोई राज्य आधार वर्ष की तुलना में वर्ष 1 में 5 प्रतिशत की वृद्धि, वर्ष 2 में 8 प्रतिशत की वृद्धि, वर्ष 3 में 20 प्रतिशत की वृद्धि, वर्ष 4 में 50 प्रतिशत की वृद्धि और वर्ष 5 में 90 प्रतिशत की वृद्धि प्राप्त करता है, तो राज्य पहले वर्ष में प्रोत्साहन अनुदान के 5 प्रतिशत के लिए, दूसरे वर्ष में 3 प्रतिशत के लिए, तीसरे वर्ष में 12 प्रतिशत के लिए, चौथे वर्ष में 30 प्रतिशत के लिए तथा पांचवे वर्ष में 40 प्रतिशत प्रोत्साहन अनुदान प्राप्त करने के लिए पात्र होगा। पांच वर्षों में अधिकतम वृद्धि 100 प्रतिशत है।

4. आत्मनिर्भर भारत

आयात प्रतिस्थापन्न हेतु दलहनों, तिलहनों और वानिकी/कृषि वानिकी के उत्पादन में वृद्धि लाने का लक्ष्य इन मदों में आत्मनिर्भरता को बढ़ाना है, इसलिए आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए इन्हें संकेतकों के रूप में चयनित किया गया है। इसके लिए 25 प्रतिशत का भारांक निर्धारित किया गया है। इस पुरस्कार को 2019-20 में आधाररेखा उत्पादन की तुलना में, हमारी पंचाट अवधि के दौरान, स्थिर मूल्यों के आधार पर तीन कमोडिटियों के उत्पादन के योग में वृद्धि को ध्यान में रखकर वार्षिक आधार पर दिया जा सकता है।

आधार अवधि के दौरान उत्पादन में 1 प्रतिशत की वृद्धि पर प्रोत्साहन अनुदान का 1 प्रतिशत प्राप्त किया जाएगा और 100 प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धि पर प्रोत्साहन की पूरी राशि प्राप्त की जा सकेगी। वार्षिक प्रोत्साहन का परिकलन उपयुक्त निर्यातों के लिए यथा निर्दिष्ट परिकलन की तरह किया जाएगा।

अनुलग्नक 10.4
(पैरा 10.64)

राज्यों के लिए कृषि निष्पादन प्रोत्साहन अनुदानों का वितरण

राज्य	राज्यों की हिस्सेदारी (प्रतिशत में)	प्रोत्साहन आधारित अनुदान (करोड़ रु.)
आंध्र प्रदेश	9.35	4209
अरूणाचल प्रदेश	0.24	107
असम	1.66	748
बिहार	3.82	1720
छत्तीसगढ़	2.04	917
गोवा	0.14	63
गुजरात	6.26	2818
हरियाणा	3.77	1696
हिमाचल प्रदेश	0.55	247
झारखंड	1.50	677
कर्नाटक	5.09	2290
केरल	2.41	1086
मध्य प्रदेश	10.19	4587
महाराष्ट्र	7.30	3285
मणिपुर	0.22	101
मेघालय	0.19	86
मिजोरम	0.19	86
नागालैंड	0.28	124
ओडिशा	2.82	1271
पंजाब	4.37	1966
राजस्थान	7.34	3301
सिक्किम	0.09	41
तमिलनाडु	5.85	2632
तेलंगाना	3.70	1665
त्रिपुरा	0.51	228
उत्तर प्रदेश	11.85	5334
उत्तराखंड	0.62	277
पश्चिम बंगाल	7.64	3438
सभी राज्य	**100***	**45000**

नोटः 1. राज्यों का अंश सभी राज्यों के कृषि जीएसवीए में अपने अंश से प्राप्त होता है और 2018-19 के लिए वास्तविक का औसत आंकड़े हैं और 2019-20 के लिए पूर्वानुमान हैं।

2. * पूर्णांकित किए जाने के कारण, हो सकता है कि सभी राज्यों का जोड़ 100 न बने

अनुलग्नक 10.5
(पैरा 10.72)

पीएमजीएसवाई सड़कों के रखरखाव के लिए अनुदान

(करोड़ रु.)

राज्य	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2021-26
आंध्र प्रदेश	58	77	75	60	74	344
अरूणाचल प्रदेश	95	161	322	336	594	1508
असम	372	406	473	638	1214	3103
बिहार	267	279	413	397	338	1694
छत्तीसगढ़	174	166	150	197	224	911
गोवा	0	0	0	0	0	0
गुजरात	120	62	50	48	50	330
हरियाणा	28	35	21	22	22	128
हिमाचल प्रदेश	246	284	426	523	743	2222
झारखंड	118	120	201	272	255	966
कर्नाटक	69	91	94	70	74	398
केरल	18	24	23	27	21	113
मध्य प्रदेश	359	398	440	481	431	2109
महाराष्ट्र	93	114	160	121	125	613
मणिपुर	113	146	303	239	392	1193
मेघालय	34	60	101	90	259	544
मिजोरम	44	65	100	107	230	546
नागालैंड	60	56	97	66	93	372
ओडिशा	275	302	404	492	476	1949
पंजाब	40	49	48	61	32	230
राजस्थान	293	282	339	372	332	1618
सिक्किम	60	93	86	118	127	484
तमिलनाडु	95	73	92	127	119	506
तेलंगाना	37	47	52	53	66	255
त्रिपुरा	73	95	110	108	116	502
उत्तर प्रदेश	250	285	301	361	268	1465
उत्तराखंड	187	297	467	510	861	2322
पश्चिम बंगाल	153	182	217	255	307	1114
सभी राज्य	**3731**	**4249**	**5565**	**6151**	**7843**	**27539**

अनुलग्नक 10.6
(पैरा 10.76)

न्यायपालिका के लिए अनुदान

(करोड़ रु.)

राज्य	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2021-26
आंध्र प्रदेश	59	59	59	59	59	295
अरूणाचल प्रदेश	4	4	4	4	4	20
असम	122	122	122	122	122	610
बिहार	192	192	192	192	192	960
छत्तीसगढ़	40	40	40	40	40	200
गोवा	3	3	3	3	3	15
गुजरात	62	62	62	62	62	310
हरियाणा	60	60	60	60	60	300
हिमाचल प्रदेश	10	10	10	10	10	50
झारखंड	55	55	55	55	55	275
कर्नाटक	59	59	59	59	59	295
केरल	81	81	81	81	81	405
मध्य प्रदेश	138	138	138	138	138	690
महाराष्ट्र	248	248	248	248	248	1240
मणिपुर	6	6	6	6	6	30
मेघालय	6	6	6	6	6	30
मिजोरम	3	3	3	3	3	15
नागालैंड	2	2	2	2	2	10
ओडिशा	85	85	85	85	85	425
पंजाब	29	29	29	29	29	145
राजस्थान	92	92	92	92	92	460
सिक्किम	1	1	1	1	1	5
तमिलनाडु	50	50	50	50	50	250
तेलंगाना	49	49	49	49	49	245
त्रिपुरा	17	17	17	17	17	85
उत्तर प्रदेश	365	365	365	365	365	1825
उत्तराखंड	14	14	14	14	14	70
पश्चिम बंगाल	233	233	233	233	233	1165
सभी राज्य	**2085**	**2085**	**2085**	**2085**	**2085**	**10425**

अनुलग्नक10.7
(पैरा 10.79)

सांख्यिकी के लिए प्रस्तावित अनुदान-परिवर्तनशील एवं स्थायी घटकों का विवरण

समूह	क्र.सं.	राज्य	जिलों की सं.	औसत स्कोर	सांख्यिकीय क्षमता के स्तर के आधार पर प्रति जिला परिवर्तनशील आबंटन (करोड़ रु.)	मूलभूत सांख्यिकीय कार्यों के लिए प्रति जिला नियत किया गया आबंटन (करोड़ रु.)	कुल आबंटन (करोड़ रु.)
I	1	छत्तीसगढ़	27	0.28	1	1	54
	2	त्रिपुरा	8	0.31	1	1	17
	3	आंध्र प्रदेश	25	0.32	1	1	49
	4	गोवा	2	0.33	1	1	5
	5	पंजाब	22	0.33	1	1	43
	6	नागालैंड	11	0.33	1	1	23
	7	मध्य प्रदेश	51	0.38	1	1	102
	8	उत्तराखंड	13	0.38	1	1	25
	9	झारखंड	24	0.42	1	1	48
	10	मेघालय	11	0.42	1	1	23
	11	बिहार	38	0.47	1	1	77
II	12	असम	33	0.53	0.75	1	57
	13	हरियाणा	22	0.58	0.75	1	40
	14	हिमाचल प्रदेश	12	0.58	0.75	1	21
	15	मिजोरम	8	0.58	0.75	1	14
	16	सिक्किम	4	0.58	0.75	1	7
	17	मणिपुर	16	0.64	0.75	1	28
	18	महाराष्ट्र	36	0.68	0.75	1	63
	19	राजस्थान	33	0.68	0.75	1	57
III	20	उत्तर प्रदेश	75	0.73	0.5	1	114
	21	कर्नाटक	30	0.78	0.5	1	45
	22	पश्चिम बंगाल	23	0.79	0.5	1	35
	23	ओडिशा	30	0.8	0.5	1	45
	24	आंध्र प्रदेश	13	0.83	0.5	1	19
	25	गुजरात	33	0.83	0.5	1	51
	26	तमिलनाडु	32	0.85	0.5	1	47
	27	केरल	14	0.88	0.5	1	20
	28	तेलंगाना	31	0.88	0.5	1	46
		सभी राज्य	**677**		**21.5**	**28**	**1175**

नोटः प्रति राज्य कुल आबंटनों को निकटतम दशमलव में परिवर्तित किया गया है।

अनुलग्नक 10.8
(पैरा 10.82)

सांख्यिकी के लिए अनुदान

(करोड़ रु.)

राज्य	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2021-26
आंध्र प्रदेश	0	13	2	2	2	19
अरूणाचल प्रदेश	0	25	8	8	8	49
असम	0	33	8	8	8	57
बिहार	0	38	13	13	13	77
छत्तीसगढ़	0	27	9	9	9	54
गोवा	0	2	1	1	1	5
गुजरात	0	33	6	6	6	51
हरियाणा	0	22	6	6	6	40
हिमाचल प्रदेश	0	12	3	3	3	21
झारखंड	0	24	8	8	8	48
कर्नाटक	0	30	5	5	5	45
केरल	0	14	2	2	2	20
मध्य प्रदेश	0	51	17	17	17	102
महाराष्ट्र	0	36	9	9	9	63
मणिपुर	0	16	4	4	4	28
मेघालय	0	11	4	4	4	23
मिजोरम	0	8	2	2	2	14
नागालैंड	0	11	4	4	4	23
ओडिशा	0	30	5	5	5	45
पंजाब	0	22	7	7	7	43
राजस्थान	0	33	8	8	8	57
सिक्किम	0	4	1	1	1	7
तमिलनाडु	0	32	5	5	5	47
तेलंगाना	0	31	5	5	5	46
त्रिपुरा	0	8	3	3	3	17
उत्तर प्रदेश	0	75	13	13	13	114
उत्तराखंड	0	13	4	4	4	25
पश्चिम बंगाल	0	23	4	4	4	35
सभी राज्य	**0**	**677**	**166**	**166**	**166**	**1175**

अनुलग्नक 10.9
(पैरा 10.118)

राज्य-विशिष्ट अनुदानों का सारांश

(करोड़ रु.)

क्र. सं.		प्रयोजन	अनुशंसित राशि
1)	आंध्र प्रदेश		
	1	हैदराबाद शहर की हानि की भरपाई हेतु विशाखापत्तनम को एक आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु विशाखापत्तनम में मूलभूत अवसंरचना का विकास (सड़कें, जलापूर्ति, बिजली वितरण, भूमिगत जल निकासी एवं आवश्यक भवनों का निर्माण)	1400
	2	सिलिकॉन, फ्लोरोसिस एवं यूरेनियम प्रभावित क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वाटर-ग्रिड परियोजनाएं	900
		उप-योग	2300
2)	अरूणाचल प्रदेश		
	1	हाइड्रो पावर	355
	2	तवांग मठ (मोनास्ट्री) का परिरक्षण	45
		उप-योग	400
3)	असम		
	1	माजुलीः द्वीप के आस-पास नए तटबंध एवं सड़क का निर्माण	1075
	2	कामाख्या मंदिर परिसर का संपूर्ण विकास	300
		उप-योग	1375
4)	बिहार		
	1	पुरातात्विक स्थलों का परिरक्षण	200
	2	मधुबनी में कला विश्वविद्यालय	300
	3	बिहटा (पटना) में एक डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना	175
	4	स्वास्थ्य अवसंरचना का पुनर्निर्माण– पटना चिकित्सा महाविद्यालय का स्तरोन्नयन	1500
	5	बांका में जिला विकास केंद्र	22

क्र. सं.	प्रयोजन	अनुशंसित राशि
6	भागलपुर में रेशम कारीगरों के लिए संग्रहालय	10
7	कारीगरों के कौशलों का स्तरोन्नयन कर भागलपुर रेशम उद्योग का पुनरुत्थान करना	50
8	एशियाई विकास अनुसंधान संस्थान, पटना के अंतर्गत आर्थिक नीति एवं लोक वित्त केंद्र को सहायता प्रदान करना	10
	उप-योग	**2267**
5)	**छत्तीसगढ़**	
1	पारंपरिक शिल्पों का परिरक्षण एवं संवर्धन – माटी कला बोर्ड	50
2	विमाननः स्वामी विवेकानंद विमानपत्तन, माना, रायपुर का विस्तार	250
3	दंडकारण्य परिपथ (राम वन गमन पथ)	60
4	नई पूंजीगत विकास परियोजनाएं – ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जल निकायों का संरक्षण, ई-बस का प्रापण, चार्जिंग पोस्ट, आश्रालय, सड़कें एवं पुल, पर्यटन, जलापूर्ति, जैविक-शौचालय	1300
	उप-योग	**1660**
6)	**गोवा**	
1	पर्यटन (संचार सेवाओं में सुधार; पर्यटन अवसंरचना का सुधार; समुद्र तट की सफाई के प्रयोजन हेतु अति-आधुनिक अपशिष्ट शोधन संयंत्र की स्थापना; पर्यटकों की सुरक्षा)	200
2	जलवायु परिवर्तन (बिजली उत्पादन के वैकल्पिक साधन; ठोस अपशिष्ट प्रबंधन)	500
	उप-योग	**700**
7)	**गुजरात**	
1	सीमावर्ती गांवों में विकास हेतु प्रयास	200
2	सौराष्ट्र एवं कच्छ क्षेत्र के तटवर्ती क्षेत्र में लवणता प्रवेश रोकथाम योजनाएं	310
3	कच्छ एवं सौराष्ट्र के विभिन्न स्थानों में विलवणीकरण संयंत्र का विकास	2000
4	कला, संस्कृति, जनजातीय एवं तटवर्ती क्षेत्रों का विकास एवं संरक्षण	100

क्र. सं.	प्रयोजन	अनुशंसित राशि
5	एशियाई शेर भूदृश्य का संरक्षण	100
6	बिरसा मुंडा जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना	150
	उप-योग	2860
8) हरियाणा		
1	स्वास्थ्य अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण एवं स्तरोन्नयन	400
2	चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान	300
3	पुलिस बल के लिए बेहतर अवसंरचना एवं उपकरण	100
4	पुलिस एवं न्यायिक अधिकारियों सहित राज्य कर्मियों के लिए आवासन परिसर	100
5	डिजिटल एवं ऑनलाइन शिक्षा	70
6	सिंचाई एवं जल संसाधन	350
7	लोक स्वास्थ्य इंजीनियरी	200
8	लोक निर्माण कार्य	250
9	पर्यटन	
	i विभिन्न किलों के जीर्णोद्धार सहित राज्य में ऐतिहासिक स्थलों का जीर्णोद्धार एवं पर्यटन अवसंरचना का विकास	200
	ii ऐतिहासिक संग्रहालयों का संरक्षण एवं परिरक्षणः (क) श्यामेश्वर तालाब – चरखी दादरी, (ख) भाई की बावड़ी, कैथल, (ग) मुकंदपुर बावड़ी, महेन्द्रगढ़, और (घ) तख्त बावड़ी /मिर्जा अली जान का तख्त	30
	iii चुई मल तालाब का संरक्षण	3
	उप-योग	2003
9) हिमाचल प्रदेश		
1	कांगड़ा विमानपत्तन (गगल, धर्मशाला) का विस्तार एवं स्तरोन्नयन	400
2	मंडी विमानपत्तन (नागचला) का निर्माण	1000
3	ज्वालामुखी मंदार का स्तरोन्नयन एवं विकास	20
	उप-योग	1420

क्र. सं.	प्रयोजन	अनुशंसित राशि
10) झारखंड		
1	पर्यटन, खेल, कला एवं संस्कृति संबंधी अवसंरचना (रांची एवं दुमका में कला एवं सांस्कृतिक भवन; जनजातीय संग्रहालय; मंडार में आउटडोर स्टेडियम; कांके में बड़ा स्टेडियम; खेल विश्वविद्यालय; आदि)	400
2	उर्जा (रूफटॉप प्रोग्राम; सौर पंप; छोटी जलीय परियोजनाएं; शहरी एवं ग्रामीण बिजली वितरण अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण; आदि)	700
3	देवघर बैद्यनाथ धाम ज्योतिर्लिंग और उसके आस-पास के पर्यटन सर्किट के लिए पर्यटन सुविधाओं का विकास	200
	उप-योग	**1300**
11) कर्नाटक		
1	जल निकायों का समग्र रूप से सुधार	3000
2	बेंगलुरु से भीड़-भाड़ को कम करने हेतु परिधीय रिंग रोड	3000
	उप-योग	**6000**
12) केरल		
1	अपशिष्ट निपटान, जल निकायों की सफाई	450
2	नारियल के वृक्षों का पुनःरोपण	150
3	वन संरक्षण	500
	उप-योग	**1100**
13) मध्य प्रदेश		
1	पर्यटन, आतिथ्य एवं कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना	55
2	प्राचीन विरासत (ancient heritage) वाले उद्यानों का जीर्णोद्धार	40
3	विरासत वाले भवनों, लैंड बैंकों और जल क्रीड़ा स्थलों में मूलभूत सुविधाएं	140
4	वर्तमान/नए स्थानों पर पर्यटन अवसंरचना का विकास एवं स्तरोन्नयन	150
5	संग्रहालय (निर्माण एवं रखरखाव)	70
6	स्मारकों का संरक्षण एवं विकास	110

क्र. सं.	प्रयोजन	अनुशंसित राशि
7	अभिलेखागार भवन का निर्माण एवं प्रलेखीय विरासत (डॉक्यूमेंट्री हेरिटेज) का संरक्षण	50
8	बालिकाओं के लिए 33 नए शिक्षा परिसरों का निर्माण	250
9	सौर पंप परियोजना	500
10	चम्बल नदी से ग्वालियर शहर और मुरैना शहर में जलापूर्ति	250
11	ग्वालियर-शिवपुरी-चन्देरी पर्यटन और चन्देरी के पारंपरिक कपड़ा बुनकरों का क्षमता निर्माण	75
12	उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर की मरम्मत, रखरखाव एवं विकास	75
	उप-योग	1765
14) महाराष्ट्र		
1	सांस्कृतिक विरासत का परिरक्षण	500
2	वन एवं वन्यजीव प्रबंधन का संरक्षण	500
3	रेवास रेड्डी तटवर्ती राजमार्ग का विकास	1250
4	पुलिस के लिए नए आवासन का निर्माण	500
	उप-योग	2750
15) मणिपुर		
1	मंत्रियों/विधायकों के लिए आवासन परिसर	75
2	अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए इम्फाल में आवासन परिसर	210
3	पर्वतीय जिलों में जिला एवं उप-मंडलीय कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवासन परिसर	130
4	मणिपुर सचिवालय परिसर को पूरा करना	75
5	परिचर्या संस्थान (नर्सिंग इंस्टिट्यूट) की स्थापना	15
6	छः पर्वतीय जिला मुख्यालयों– चुड़ाचांदपुर, उखरूल, सेनापति, कंगपोकपी, चंदेल एवं तमेंगलॉन्ग में सीवर, जल निकासी, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं आंतरिक सड़कों के सुधार के लिए प्रावधान @ 50 करोड़ रु. प्रत्येक के लिए।	300
7	राज भवन में विशेष सुधार कार्य	15
8	राज्य अतिथि गृह का निर्माण	80

क्र. सं.	प्रयोजन		अनुशंसित राशि
		उप-योग	900
16) मेघालय			
1	पूर्वी खासी हिल्स जिला में शिलांग शहर को एक विश्व-स्तरीय शहर में परिवर्तित करना		
	क नए शिलांग टाउनशिप में प्रशासनिक शहर		250
	ख नए शिलांग टाउनशिप में नई विधानसभा (new assembly) भवन का निर्माण		100
	ग नए शिलांग टाउनशिप के लिए जलापूर्ति योजना		100
	घ शिलांग टाउनशिप में पैदलपथ एवं घिरी हुई पगदंडी		50
2	राष्ट्रीय खेलों के लिए अवसंरचना, 2022		
	क शिलांग एकीकृत खेल परिसर		100
	ख शिलांग गोल्फ क्लब		50
	ग पी. ए. संगमा स्टेडियम		50
	घ तुरा, पश्चिमी गारो हिल्स में शहरी अवसंरचना का विकास		50
	ड. जोवाई, पश्चिमी जैंतिया हिल्स में शहरी अवसंरचना का विकास		50
		उप-योग	800
17) मिजोरम			
1	बागवानी		330
2	पर्यटन		200
3	विद्युत एवं बिजली		170
		उप-योग	700
18) नागालैंड			
1	नागर विमानन (छोटी लैंडिंग पट्टियां, प्रत्येक जिले में एक)		90
2	भारत-म्यांमार सीमा पर प्रवेश/निकास के लिए जांच चौकियों का निर्माण		25
3	नागालैंड में कॉफी की खेती का विकास		150
4	नवीन राज भवन, कोहिमा		100
5	नवीन उच्च न्यायालय परिसर, कोहिमा		100

क्र. सं.		प्रयोजन	अनुशंसित राशि
6		अग्निशमन केंद्र (प्रत्येक जिले में एक)	60
		उप-योग	**525**
19)	**ओडिशा**		
	1	श्री जगन्नाथ मंदिर, पुरी में और उसके आस-पास श्रद्धालुओं के लिए सुविधा	175
	2	चक्रवात-संवेदनशील क्षेत्रों में पूर्व चेतावनी प्रसार प्रणाली	800
	3	कोणार्क में सूर्य मंदिर का परिरक्षण एवं विकास	150
	4	बाराबती किले का परिरक्षण और कटक के आस-पास के ऐतिहासिक स्थलों का विकास	150
	5	सम्बलपुर नगरपालिका क्षेत्र में बरसाती पानी की जल निकासी प्रणाली	150
	6	नबरंगपुर जिले में केनडुगुडा (Kenduguda) के निकट इंद्रावती नदी के ऊपर ऊंचे पुल का निर्माण	150
	7	हीराकुंड जलाशय, संबलपुर में गंतव्य विकास के लिए प्रस्ताव	200
		उप-योग	**1775**
20)	**पंजाब**		
	1	बुधा नाला के माध्यम से सतलुज नदी में प्रदूषण का समाधान	400
	2	मोहाली, होशियारपुर, शहीद भगत सिंह नगर एवं फाजिल्का में चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के लिए चार नए संस्थान	700
	3	बठिंडा में 15000 किलो वाट के रूफटॉप सौर विद्युत संयंत्र की संस्थापना के लिए प्रायोगिक परियोजना	40
	4	बठिंडा किले का विकास	10
	5	धान तथा अन्य फसलों में विविधीकरण द्वारा पराली जलाए जाने के कारण उत्पन्न प्रदूषण में कमी लाना	350
	6	पार्टिशन म्यूजियम, अमृतसर का विकास	10
	7	पटियाला किले का विकास	13
	8	जंग-ए-आजादी स्मारक, करतारपुर, जिला जालंधर	12
	9	पुष्पा गुजराल विज्ञान शहर, जिला कपूरथला	10
		उप-योग	**1545**

क्र. सं.	प्रयोजन	अनुशंसित राशि
21) राजस्थान		
1	जोधपुर में एकीकृत जल प्रबंधन	400
2	जोधपुर शहर में एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट	550
3	राजस्थान में लोक स्वास्थ्य अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण– चिकित्सा महाविद्यालय में संगरोध केंद्रों के साथ उष्णकटिबंधीय एवं विषाणु विज्ञान अवसंरचना का विकास	270
4	राजस्थान में डिजिटल विश्वविद्यालय	400
5	राजस्थान लोक कला प्रशिक्षण संस्थान (जैसलमेर) की स्थापना	150
6	कयासा, अलवर में औद्योगिक उपनगर	320
7	"प्रोजेक्ट जोधपुर इनिशिएटिव" (आईआईटी चेन्नई के प्रोफेसर बी. एस. मूर्ति द्वारा की गई पहल)	10
8	नीमराना औद्योगिक केंद्र परियोजना	200
9	पारंपरिक लोक कलाकारों और गायकों जैसे कि मंगानिया या कुलबुलस (Manganiyas or Kulbulas) को सहायता	15
10	समाज में भेदभाव का सामना कर रही युवा सैनिक की विधवाओं का पुनर्वास	7
	उप-योग	**2322**
22) सिक्किम		
1	दक्षिण सिक्किम में नंदु गांव में हर्बल चिकित्सा/योग एवं अध्यात्म उपचार पर्यटन परिसर (Herbal medical/yoga and spiritual healing tourism complex)	50
2	एमआईसीई (बैठक, प्रोत्साहन, सम्मेलन एवं प्रदर्शनी स्थल) गंतव्य के रूप में गंगटोक का संवर्धन करने के लिए सम्मेलन केंद्र के साथ गंगटोक में ज्ञान मंदिर पुस्तकालय का निर्माण	200
3	पश्चिमी सिक्किम में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए एक सिंगशोर पुल का ग्लास स्काइवॉक ब्रिज के रूप में परिवर्तन	52
4	पश्चिमी सिक्किम में पेलिंग से संगा-चोईलिंग मोनास्ट्री तक यात्री (रोप-वे)	110
5	पश्चिमी सिक्किम में डोडक में इको-टूरिज्म परिसर का विकास	78

क्र. सं.	प्रयोजन	अनुशंसित राशि
6	बागवानी (रूमटेक में सिमबिडियम विकास केंद्र)	10
	उप-योग	**500**
23)	**तमिलनाडु**	
1	चेन्नई जल निकायों का पुनर्निर्माण	200
2	ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण प्राचीन मंदिरों का पुनरुद्धार	300
3	विरासत भवनों (फोर्ट सेंट जॉर्ज, मद्रास उच्चतम न्यायालय, सरकारी संग्रहालय, पीडब्ल्यूडी परिसर)	150
4	पारंपरिक जलाशयों का जीर्णोद्धार	900
5	पर्यटन की महत्ता वाले प्रमुख नगरों (रामेश्वरम, मदुरै, पलानी, तिरुचेन्दुर, श्रीरंगम) का विकास	650
	उप-योग	**2200**
24)	**तेलंगाना**	
1	मिशन भागीरथ का प्रचालन एवं रखरखाव	2350
2	एएससीआई के अवसंरचना का पुनर्निर्माण	12
	उप-योग	**2362**
25)	**त्रिपुरा**	
1	अगरतला नगर निगम के 15 मौजूदा/चालू जल शोधन संयंत्रों के लिए अगरतला शहर में उपयुक्त स्थान पर चंपकनगर एवं चंपाईचेरा बांधों से भू-जलाशयों में सतही जल का पारेषण।	400
2	त्रिपुर सुन्दरी मंदिर के निकट, 51 शक्ति पीठों का विकास, रोप-वे का निर्माण, नीरमहल में साउंड एण्ड लाइट शो।	175
3	राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालयों को एक एकल परिसर में स्थापित करने के लिए एक कार्यालय भवन का निर्माण।	100
4	सीवर प्रबंधन, जल निकासी, घरेलू अपशिष्ट प्रबंधन सहित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सड़कों पर लाइटें, और आंतरिक सड़कें: खोवाई, विश्रामगंज, अम्बासा, बेलोनिया, कैलाशहर के लिए पांच जिला मुख्यालय नगरों में प्रत्येक के लिए 25 करोड़ रुपए।	125

क्र. सं.	प्रयोजन	अनुशंसित राशि
5	सीवर प्रबंधन, जल निकासी, घरेलू अपशिष्ट प्रबंधन सहित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सड़कों पर लाइटें, और आंतरिक सड़कों के लिए धामेनगर और उदयपुर के जिला मुख्यालय नगरों में प्रत्येक के लिए 37.5 करोड़ रुपए।	75
	उप-योग	**875**
26) उत्तर प्रदेश		
1	जल निकासी, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन (लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर)	950
2	सेवापुरी ब्लॉक को मॉडल ब्लॉक में परिवर्तित करना।	180
3	चिकित्सा एवं स्वास्थ्य	2365
क	*27 स्वीकृत नए चिकित्सा महाविद्यालयों के संचालन के लिए लागत प्रत्येक के लिए 68.5 करोड़ रुपए।*	*1850*
ख	*आगरा, गोरखपुर और कन्नौज में स्थापित तीन नए नर्सिंग कॉलेजों के लिए परिचालन लागत (प्रचालन एवं रखरखाव)।*	*150*
ग	*प्रयागराज, सहारनपुर, बदायूं, जालौन, बांदा, अंबेडकर नगर एवं आजमगढ़ में सात नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना एवं परिचालन लागत*	*300*
घ	*पूर्वी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में संक्रामक रोगों की जांच एवं निदान के लिए अनुषंगी केंद्रों (satellite) की स्थापना*	*50*
ङ.	*राज्य स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान, लखनऊ में राज्य लोक स्वास्थ्य प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान की स्थापना*	*15*
	उप-योग	**3495**
27) उत्तराखंड		
1	पेयजल एवं स्वच्छता के लिए जमरानी डैम बहु-उद्देशीय परियोजना	950
2	देहरादून के लिए सोंग डैम पेयजल परियोजना	500
3	पौड़ी गढ़वाल में स्वच्छता, अपशिष्ट निपटान और जल निकासी	100
4	नैनीताल में स्वच्छता और जल निकासी	50
	उप-योग	**1600**

क्र. सं.	प्रयोजन	अनुशंसित राशि
28) पश्चिम बंगाल		
1	पिछड़े जिलों में अवसंरचना का विकास	1000
2	गंगा नदी में कटाव को रोकने के लिए निर्माण कार्य	550
3	भूमिगत जल में आर्सेनिक समस्या समाधान करने के लिए सतही जल से पेयजल शोधन परियोजनाएं	550
	उप-योग	**2100**
	सभी राज्य	**49599**

अनुलग्नक 10.10

(पैरा 10.118)

राज्य-विशिष्ट अनुदानों का विवरण

आंध्र प्रदेश

विभाजन के कारण हैदराबाद शहर की हानि की भरपाई हेतु विशाखापत्तनम को एक आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु विशाखापत्तनम में मूलभूत अवसंरचना का विकास

1. आंध्र प्रदेश सरकार ने विशाखापत्तनम को एक मुख्य आर्थिक केंद्र (हब) और विकास स्तंभ, जो राजस्व अर्जन का एक महत्वपूर्ण स्रोत होगा, के रूप में निर्मित करने हेतु राज्य को सहायता प्रदान करने के लिए आयोग से अनुदानों का अनुरोध किया है। राज्य सरकार ने विशाखापत्तनम में सड़कों, जलापूर्ति, बिजली वितरण, भूमिगत जल निकासी एवं आवश्यक भवनों के निर्माण के लिए अनुदानों का प्रावधान करने का अनुरोध किया है। इस योजना के लिए हम 1,400 करोड़ रुपए की राशि की मूलभूत अवसंरचना के लिए अनुशंसा करते हैं।

वाटर ग्रिड परियोजनाएं

2. आंध्र प्रदेश ने चिरकालिक गुर्दा रोग, फ्लोरोसिस एवं कम वर्षा के कारण प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था करने के लिए अनुदानों की अनुशंसा करने का अनुरोध किया है। राज्य ने तटवर्ती क्षेत्र में लवणता के प्रवेश एवं सिलिका तत्व के कारण, राज्य के मध्य भागों में जलकृषि एवं उसके अति दोहन के फलस्वरूप जल प्रदूषण के कारण, और रायलसीमा क्षेत्र में गंभीर सूखा एवं फ्लोराइड प्रभावित रिहायशी क्षेत्रों को भूमिजल-आधारित योजनाओं से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में महसूस की गई समस्याओं को उजागर किया है।

3. क्षेत्र में सभी परिवारों के लिए पर्याप्त शुद्ध पेयजल हेतु प्रावधान की सुनिश्चितता तथा स्वास्थ्य परिचर्या पर परिवार-आधारित व्यय को कम करने, और उत्पादकता को बढ़ाने हेतु हम इस परंतुक के साथ 900 करोड़ रुपए के अनुदानों की अनुशंसा करते हैं कि इस अनुदान का उपयोग केवल निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए ही किया जाएगा :

	करोड़ रु.
चिरकालिक गुर्दा रोग से ग्रस्त श्रीकाकुलम जिले में उद्दनम (Uddanam) क्षेत्र	300
फ्लोरोसिस से प्रभावित गुंटूर जिले में पलानाडु (Palanadu) क्षेत्र और कम बरसात के कारण प्रभावित प्रकाशम जिले में कानिगिरी क्षेत्र	400
यूरेनियम फिल्टरिंग से प्रभावित वाईएसआर कडप्पा जिले में पुलिवेन्दुला (Pulivendula) क्षेत्र	200

अरूणाचल प्रदेश

छोटी/ लघु/ सूक्ष्म हाइड्रो-इलेक्ट्रिक विद्युत परियोजनाओं की स्थापना

4. राज्य ने छोटी/लघु/सूक्ष्म हाइड्रो-इलेक्ट्रिक विद्युत परियोजना के लिए अनुदानों का अनुरोध किया है ताकि डीज़ल द्वारा विद्युत उत्पादन को कम किया जा सके तथा राज्य के बाहर से विद्युत का आयात कर सके। राज्य ने वर्तमान हाइडल केंद्रों के पुनरुद्धार एवं आधुनिकीकरण के लिए भी निधियों की मांग की है। इस प्रयोजन के लिए हम 355 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

तवांग मठ (मोनास्ट्री) का परिरक्षण

5. अपने अनुपूरक ज्ञापन में, राज्य ने भूस्खलन से सुरक्षा सहित पहले से किए जा रहे कार्यों को पूरा करने के लिए तवांग मठ के परिरक्षण हेतु 45 करोड़ रुपए की मांग की है। इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए, हम राज्य सरकार के प्रस्ताव की अनुशंसा करते हैं।

असम

माजूली द्वीप के आस-पास नई सर्कुलर सड़क एवं तटबंध का निर्माण

6. राज्य सरकार ने वर्तमान तटबंध तंत्र को एक सड़क-सह-बांध में परिवर्तित/जोड़कर माजूली द्वीप के लिए एक परिधीय सड़क एवं तटबंध उपलब्ध कराने हेतु निधियों का मांग की है। हम इस प्रयोजन हेतु 1,075 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

विरासत परिसरों का संरक्षण-कामाख्या मंदिर परिसर

7. राज्य सरकार ने कामाख्या मंदिर परिसर, जो राज्य की विरासत का परिचायक है, के संपूर्ण विकास के लिए सहायता की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 300 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

बिहार

पुरातात्विक स्थलों का संरक्षण

8. राज्य सरकार ने पुरातात्विक स्थलों एवं ऐतिहासिक संग्रहालयों के संरक्षण एवं सुरक्षा के लिए सहायता की मांग की है। राज्य ने बताया कि वह वर्तमान में तैंतालीस पुरातात्विक स्थलों का संरक्षण एवं सुरक्षा कर रहा है, लेकिन राज्य में कई और ऐसे स्थल हैं जिन्हें संरक्षित एवं सुरक्षित किए जाने की तत्काल आवश्यकता है। इस प्रयोजन हेतु हम 200 करोड़ रुपए की राशि का प्रस्ताव करते हैं।

मधुबनी में कला विश्वविद्यालय

9. आयोग को दिए गए अपने अनुपूरक ज्ञापन में, राज्य सरकार ने इस बात पर जोर दिया है कि बिहार ऐतिहासिक रूप से कला एवं संस्कृति का केंद्र रहा है। बौद्ध धर्म और जैन धर्म की उत्पत्ति यहीं हुई थी और राज्य सिख धर्म एवं सूफ़ीवाद का भी एक सक्रिय केंद्र है। राज्य सरकार ने कला एवं संस्कृति के विभिन्न आयामों का अध्ययन करने हेतु एक कला विश्वविद्यालय (दृश्य एवं मंच कला) की स्थापना करने का प्रस्ताव किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 300 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

बिहटा, पटना में एक डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना

10. राज्य सरकार ने हमें बताया है कि राज्य में ऐसे युवाओं, जो इस विषय-क्षेत्र में उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक हैं, की अपार संभावना का लाभ उठाने के लिए बिहार को एक डिजिटल विश्वविद्यालय की आवश्यकता है। बिहटा में डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए हम 175 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

स्वास्थ्य अवसंरचना का पुनर्निर्माण– पटना चिकित्सा महाविद्यालय का स्तरोन्नयन

11. राज्य सरकार ने अपने अनुपूरक ज्ञापन में यह उल्लेख किया है कि वह बिहार की चिकित्सीय अवसंरचना के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया में है। इस योजना के भाग के रूप में, राज्य की योजना है कि वह पटना चिकित्सा महाविद्यालय में बिस्तरों की संख्या को बढ़ाकर 5,462 कर उसे पुनः विकसित करना चाहता है। राज्य की यह भी योजना है कि वह 12,667 स्वास्थ्य उप-केंद्रों को स्थापित कर, जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य अवसंरचना का विस्तार करेगा। इस प्रयोजन हेतु, हम 1,500 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

बांका में जिला विकास केंद्र

12. राज्य ने बांका, जो सुदूर स्थित जिला है, में एक जिला विकास केंद्र की स्थापना के लिए अनुदान का अनुरोध किया है। यह केंद्र प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण का केंद्र बनकर विकास संबंधी अंतर को कम करेगा। हम इस अनुरोध का समर्थन करते हैं और इस प्रयोजनार्थ 22 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

भागलपुर में रेशम कारीगरों के लिए संग्रहालय तथा कारीगरों के कौशल उन्नयन द्वारा भागलपुर रेशम उद्योग का पुनरुद्धार

13. (क) राज्य सरकार ने यह कहा है कि भागलपुर रेशम उद्योग, जो तसर रेशम के लिए प्रसिद्ध है, से काफी विदेशी मुद्रा अर्जित करने की संभावना है। राज्य सरकार ने जिले के गौरवमयी अतीत को संग्रहालय में प्रदर्शित करने हेतु भागलपुर में रेशम कारीगरों के एक संग्रहालय हेतु अनुदान की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 10 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

13. (ख) राज्य सरकार ने निर्यात के लिए संपूर्ण उत्पादन एवं आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती प्रदान कर भागलपुर रेशम उद्योग के पुरुत्थान के लिए की गई पहलों के बारे में बताया और भागलपुर में कारीगरों के कौशलों के वर्धन हेतु निधियों का मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 50 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

एशियाई विकास अनुसंधान संस्थान, पटना के तहत आर्थिक नीति एवं लोक वित्त केंद्र के लिए सहायता

14. राज्य सरकार ने आर्थिक नीति एवं लोक वित्त केंद्र (सीईपीपीएफ), पटना के लिए अनुदान की भी मांग की है। इस केंद्र की स्थापना एशियाई विकास अनुसंधान संस्थान के तहत 2008 में की गई थी जिसका

उद्देश्य राज्य सरकार को अनुसंधान और व्यावसायिक सहायता, जैसे कि वार्षिक आर्थिक सर्वेक्षण तैयार करने में, शोध अध्ययन करने में तथा बिहार की अर्थव्यवस्था का एक डाटा बैंक सृजित करने में सहायता प्रदान करना था। हम सीईपीपीएफ, पटना के लिए 10 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

छत्तीसगढ़

पारंपरिक शिल्प का परिरक्षण एवं संवर्धन– माटी कला बोर्ड

15. राज्य सरकार ने टेराकोटा और मिट्टी के पारंपरिक शिल्पों के परिरक्षण और संवर्धन के लिए अनुदान का अनुरोध किया है ताकि राज्य के लगभग 14,000 कुंभकारों को इलेक्ट्रिक चाक उपलब्ध कराकर टेराकोटा शिल्प के क्षेत्र में समग्र रूप से विकास करने में शिल्पकारों को सहायता प्रदान की जा सके। ग्लेजिंग यूनिटें स्थापित किए जाने से नव विकसित प्रौद्योगिकी के बारे में तथा पारंपरिक माटी शिल्पों को डिज़ाइन करने में तथा उसके बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने में सहायता मिलेगी। शिल्पकारों को प्रशिक्षण दिए जाने से राज्य के पारंपरिक और गैर-पारंपरिक कारीगरों के लिए रोजगार के अवसर मिलेंगे। इससे शिल्पकारों की आय एवं वित्तीय स्थिति में सुधार आएगा। इस प्रयोजन हेतु हम 50 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

दंडकारण्य परिपथ- राम वन गमन पथ परियोजना

16. राज्य सरकार की योजना भगवान श्रीराम द्वारा अपने वनवास के दौरान प्रयोग किए गए मार्ग में आने वाले ऐतिहासिक महत्ता के स्थलों का स्तरोन्नयन एवं सुधार कर इस मार्ग को जोड़ना और विकसित करना है। सार्वजनिक वाई-फाई के साथ घाटों पर सुविधाएं, वर्तमान परिक्रमा मार्गों का स्तरोन्नयन और अंतिम पड़ाव (last mile) तक संपर्कता हेतु सुविधाएं विकसित की जाएंगी। राज्य सरकार ने एक पर्यटन स्थल के रूप में राम वन गमन पथ के विकास के लिए तथा इस मार्ग में पर्यटन अवसंरचना में सुधार लाने लिए सहायता का अनुरोध किया है। हम राज्य के इस अनुरोध को स्वीकार करते हैं और इस प्रयोजन हेतु 60 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

विकास परियोजना

17. (क) वर्ष-दर-वर्ष बढ़ते यात्री यातायात और विमान सेवाओं के कारण, रायपुर एवं नया रायपुर का विकास तेजी से हो रहा है। राज्य सरकार ने बताया है कि स्वामी विवेकानंद विमानपत्तन माना, रायपुर का विस्तार करना तथा राजधानी एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों को विकसित करना उसके लिए बहुत ही

आवश्यक है। राज्य ने इस प्रयोजन हेतु लगभग 250 करोड़ रुपए के अनुदान की मांग की है। हम इस अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

17. (ख) सरकार ने नई पूंजीगत विकास परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण का अनुरोध किया है। बारहवें वित्त आयोग और तेरहवें वित्त आयोग ने इस प्रयोजन हेतु क्रमशः 200 करोड़ रुपए और 550 करोड़ रुपए के अनुदान का प्रावधान किया था। राज्य सरकार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जल निकायों के संरक्षण, ई-बस के प्रापण, चार्जिंग पोस्ट, आश्रयालयों, सड़कों और पुलों, पर्यटन, जलापूर्ति तथा आदर्श जैविक-शौचालय के लिए आयोग से 1,812 करोड़ रुपए के अनुदान का अनुरोध किया है। इसके लिए हम 1,300 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

गोवा

पर्यटन का विकास

18. राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए पर्यटन की महत्ता को ध्यान में रखते हुए, गोवा सरकार ने निम्नलिखित प्रयोजनों हेतु अनुदानों की मांग की है :

i. संचार एवं संपर्कता, जैसे कि नेटवर्क सॉल्यूशन्स, अंतिम प्रयोक्ता की आवश्यकताओं, आवाजाही एवं ट्रेकिंग, एकीकृत संचार और सुरक्षा सेवा उपलब्ध कराने में सुधार लाना।

ii. पर्यटक सार्वजनिक परिवहन प्रणाली, जनोपयोगी सेवाएं, स्वास्थ्य सुविधाओं सहित पर्यटन अवसंरचना का विस्तार करना और सांस्कृतिक एवं मनोरंजन संबंधी अवसंरचना का स्तरोन्नयन करना।

iii. समुद्र तट पर साफ-सफाई करना और तट की साफ-सफाई के लिए अत्याधुनिक अपशिष्ट शोधन यंत्र की स्थापना करना।

iv. तटों और अन्य पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था करना।

इस प्रयोजन हेतु हम 200 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

जलवायु परिवर्तन-अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन करना और ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोत

19. राज्य ने ठोस अपशिष्ट, सौर ऊर्जा, टाइडल पावर (ज्वारीय विद्युत) एवं पवन ऊर्जा से जैविक-मिथेनीकरण का परिवर्तन कर बिजली उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु सहायता की मांग की है। राज्य ने हमें

बताया है कि उसने इसके लिए चार नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं की पहचान की है। इस प्रयोजन हेतु हम 500 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

गुजरात

सीमावर्ती गांवों में विकास हेतु प्रयास

20. गुजरात सरकार ने सीमा के आस-पास के सुदूर क्षेत्रों के विकास के लिए, इन क्षेत्रों में प्रभावशाली प्रशासन सुनिश्चित करने, आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्थानीय लोगों के बीच सुरक्षा का माहौल बनाने के लिए सहायता की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 200 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

तटवर्ती क्षेत्र में लवणता प्रवेश निवारण योजनाएं

21. अपने ज्ञापन में, राज्य सरकार ने यह कहा है कि लवणता के प्रवेश के कारण 534 तटवर्ती गांवों में लगभग सात लाख हैक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है। बारहवें वित्त आयोग और तेरहवें वित्त आयोग ने इस प्रयोजन हेतु क्रमशः 200 करोड़ रुपए और 150 करोड़ रुपए के अनुदान का प्रावधान किया था। इस समस्या का समाधान करने के लिए हम 310 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

विलवणीकरण संयंत्रों का विकास

22. राज्य सरकार ने कच्छ और सौराष्ट्र के विभिन्न स्थानों में विलवणीकरण (desalination) संयंत्रों के विकास के लिए सहायता की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 2000 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

कला, संस्कृति का संरक्षण एवं विकास, जनजातीय एवं तटवर्ती क्षेत्रों का विकास

23. राज्य सरकार ने कला और संस्कृति के संरक्षण एवं विकास तथा जनजातीय एवं तटवर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए सहायता की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 100 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

एशियाई शेर भूदृश्य का संरक्षण

24. राज्य सरकार ने एशियाई शेरों के संरक्षण, पर्यावास (हैबीटैट) के सुदृढ़ीकरण, जन जागरूकता कार्यक्रमों, मानव-पशु संघर्ष को कम करने तथा उनके संरक्षण से जुड़े अग्रपंक्ति कर्मचारियों के कौशल एवं क्षमता निर्माण के लिए सहायता की मांग की है। हम राज्य सरकार के अनुरोध को स्वीकार करते हैं और इस प्रयोजन हेतु 100 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

बिरसा मुंडा जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना

25. राज्य सरकार ने नर्मदा जिले के राजपीपला में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी परियोजना स्थल के आस-पास जनजातीय समुदाय के लिए एक समर्पित विश्वविद्यालय की स्थापना एवं अधिष्ठापन के लिए 341.10 करोड़ रुपए के अनुदान का अनुरोध किया है। यह विश्वविद्यालय गुणवत्तायुक्त खान-पान एवं आवास सुविधाओं के साथ विश्वविद्यालय के आस-पास जनताजीय छात्रों को उच्चत्तर शिक्षा प्रदान करेगा। इस प्रयोजन हेतु हम 150 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

हरियाणा

स्वास्थ्य अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण और स्तरोन्नयन

26. कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए, राज्य में स्वास्थ्य संबंधी अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण और स्तरोन्नयन करना बहुत आवश्यक है। राज्य सरकार ने क्षेत्र के निकट विकेंद्रीकृत स्वास्थ्य परिचर्या अवसंरचना उपलब्ध कराने हेतु कुरुक्षेत्र (अतिरिक्त 100 बिस्तर), सिरसा (200 बिस्तर), नूँह (अतिरिक्त 100 बिस्तर), गुरुग्राम (अतिरिक्त 500 बिस्तर), करनाल (अतिरिक्त 200 बिस्तर) और हिसार (अतिरिक्त 200 बिस्तर) में जिला सिविल अस्पतालों के स्तरोन्नयन के लिए अनुदानों का अनुरोध किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 400 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान

27. जिला स्तर पर चिकित्सीय सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने तथा स्वास्थ्य कार्मिकों की संख्या को बढ़ाने के लिए, राज्य सरकार ने प्रत्येक जिले में एक चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने की परिकल्पना की है। प्रस्तावित परियोजनाओं में भिवानी, कोरियावास, नारनौल एवं जींद में नए चिकित्सा महाविद्यालयों का निर्माण शामिल है।

पुलिस बल के लिए बेहतर अवसंरचना और उपकरण

28. राज्य ने बेहतर पुलिस के लिए अवसंरचना की सुविधाओं, आधुनिक उपकरणों तथा उनके प्रशिक्षण में आधुनिक प्रौद्योगिकियों के अनुप्रयोग में पुलिस बल के प्रशिक्षण के लिए अनुदानों का अनुरोध किया है। राज्य "Dial 112" फ्लैगशिप कार्यक्रम का कार्यान्वयन भी कर रहा है, जिसके अंतर्गत पूरे राज्य में 24x7 आधार पर पुलिस एवं अन्य आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु पंचकुला में पूरे राज्य के लिए एक केंद्रीय पुलिस नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जा रहा है। इस प्रयोजन हेतु हम 100 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

पुलिस और न्यायिक अधिकारियों सहित राज्य सरकार के कर्मियों के लिए आवासन परिसर

29. राज्य सरकार ने क्षेत्र/फील्ड में कार्यरत कर्मियों की तैनाती को सुसाध्य के लिए, पुलिस एवं न्यायिक अधिकारियों सहित उसके कर्मियों हेतु आवासन परिसरों के लिए अनुदानों का अनुरोध किया है ताकि नागरिकों को शासन से बेहतर पहुंच प्राप्त हो सके। इस प्रयोजन हेतु हम 100 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

डिजिटल और ऑनलाइन शिक्षा

30. ऑनलाइन शिक्षा की महत्ता को ध्यान में रखते हुए, राज्य ने 1,487 उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों, जहां विज्ञान विषय उपलब्ध हैं, को 2021 तक स्मार्ट स्कूलों (जहां यह प्रस्ताव किया है कि शैक्षिक अनुदेश (medium) के डिजिटल रूप को मुख्य धारा में लाना है) में परिवर्तित करने के लिए अतिरिक्त निधियों का अनुरोध किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 70 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

सिंचाई और जल संसाधन

31. राज्य सरकार ने यह सूचित किया है कि गांव के तालाब सिकुड़ रहे हैं और उनका उपयोग नहीं हो रहा है, जिसके कारण स्थानीय सिंचाई और पशुओं की आवश्यकताओं को पूरा करने में भारी अंतर आ गया है। इस स्थिति का समाधान करने तथा जल संरक्षण प्रयासों को गति प्रदान करने, और गांवों में सृजित अपशिष्ट जल का उचित रूप से प्रयोग करने के तरीकों की खोज करने के लिए, राज्य सरकार ने तालाब और अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण स्थापित किया है। हम राज्य में तालाबों और इस प्रकार के जल निकाय के पुनःस्थापन एवं पुनर्जीवन के लिए 350 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाएं

32. राज्य सरकार ने ग्रामों में मौजूदा पेयजल आपूर्ति सुविधाओं में सुधार के लिए अतिरिक्त नलकूपों (tubewells) की खुदाई कर, वर्तमान नहर-आधारित योजनाओं का विस्तार, नए नहर-आधारित जल कार्यों को सृजित कर, बूस्टिंग केंद्रों का निर्माण कर, वर्तमान वितरण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण, वर्तमान पेयजल आपूर्ति सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा अन्य संबद्ध कार्यों के लिए निधियों का अनुरोध किया है। इन अतिरिक्त निधियों का उपयोग गुरुग्राम, मेवात और शिवालिक जैसे विभिन्न क्षेत्रों में जलापूर्ति का विस्तार करने तथा सीवेज शोधन संयंत्रों और सीवर नेटवर्क बिछाने से संबंधित निर्माण एवं विस्तार कार्य करने के लिए किया जाना है। इस प्रयोजन हेतु हम 200 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

लोक निर्माण कार्य

33. राज्य सरकार ने विभिन्न सार्वजनिक कार्य परियोजनाओं और नई रेल लाइनों के लिए विशेष निधियों का अनुरोध किया है। इन परियोजनाओं में दिल्ली करनाल हाई स्पीड रेल, दिल्ली-रेवाड़ी क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली सिस्टम, कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस वे के समानांतर पलवल से सोनीपत तक हरियाणा ऑर्बिटल कोरिडोर शामिल है। ये लाइनें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वस्तुओं, विशेष रूप से बागवानी उत्पादों की त्वरित आवाजाही में तथा उत्तरी एवं पश्चिमी औद्योगिक कोरिडोरों के बीच आवाजाही में सुविधा प्रदान करेंगी। राज्य ने सूचित है कि इन परियोजनाओं से दिल्ली में आवाजाही को कम करने में भी सुविधा मिलेगी। इस प्रयोजन हेतु हम 250 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

पर्यटन संबंधी अवसंरचना का विकास और ऐतिहासिक स्थानों का जीर्णोद्धार

34. हरियाणा में समृद्ध पारंपरिक विरासत और कुरुक्षेत्र जैसे अनेक ऐतिहासिक स्थल हैं, जिनकी पौराणिक, धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से काफी महत्ता है। राखीगढ़ी एक ऐसा स्थल है जो हड़प्पा-मोहनजोदड़ो की विशिष्टताओं को प्रदर्शित करता है, और पानीपत भारत के इतिहास में युद्धों व संग्रामों का केंद्र रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए, इन स्थानों के पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास और जीर्णोद्धार के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। हम राज्य सरकार की इन पहलों के लिए सहायता देने हेतु 200 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

35. हमें बताया गया कि बीते कई वर्षों में देखभाल नहीं करने के कारण राज्य में कुछ ऐतिहासिक स्मारकों की स्थिति जीर्ण-शीर्ण बनी हुई है। इन स्थानों में (क) श्यामेश्वर तालाब– चरखी दादरी, (ख) भाई की बावड़ी, कैथल, (ग) मुकुंदपुरा बावड़ी, महेन्द्रगढ़ और (घ) तख्त बावड़ी /मिर्जा अली जान का तख्त शामिल है। इस परियोजना के लिए 30 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं। संरक्षण और परिरक्षण इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरीटेज (INTACH) द्वारा या अन्य विषयक विशेषज्ञों द्वारा कराया जा सकता है।

चुई मल तालाब

36. राज्य से अनुरोध प्राप्त करने के आधार पर, चुई मल तालाब के लिए 3 करोड़ रुपए राशि की अनुशंसा की जाती है। इस परियोजना का कार्यान्वयन भारतीय ग्रामीण विरासत और विकास न्यास (Indian Trust for Rural Heritage and Development (ITRHD) द्वारा कराया जा सकता है।

हिमाचल प्रदेश

कांगड़ा विमानपत्तन, गगल, धर्मशाला का विस्तार/स्तरोन्नयन

37. राज्य ने वर्तमान एवं नए विमानपत्तनों और हेलिपैड्स के स्तरोन्नयन के लिए निधियों का अनुरोध किया है, जिससे हिमाचल प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र में शुमार हो जाएगा और राज्य के लोगों की समृद्धता तथा राजस्वों में वृद्धि होगी। राज्य ने कांगड़ा विमानपत्तन के विस्तार/स्तरोन्नयन के लिए निधियों का अनुरोध किया है।इस प्रयोजन हेतु हम 400 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

मंडी विमानपत्तन (नागचला) का निर्माण

38. राज्य ने मंडी जिले में चौड़े आकार के विमानपत्तनों के अवतरण (लैंडिंग) के लिए उपयुक्त नए ग्रीन फील्ड विमानपत्तन के निर्माण का प्रस्ताव किया है।इस प्रयोजन हेतु हम 1,000 करोड़ रुपए के आबंटन की अनुशंसा करते हैं।

ज्वालामुखी मंदिर नगर में जलापूर्ति और सीवर सुविधाओं में सुधार

39. राज्य सरकार ने बताया है कि ज्वालामुखी मंदिर, जो कि एक शक्ति पीठ है, में प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं, जिससे नगर की नागरिक व मूलभूत सुविधाओं पर भारी दबाव पड़ता है। राज्य ने ज्वालामुखी मंदिर नगर और उसके आस-पास के क्षेत्रों में जलापूर्ति की स्थिति में सुधार लाने, सीवर और बांधों के चैनलाइजेशन के लिए अनुदान का अनुरोध किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 20 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

झारखंड

पर्यटन, खेल, कला और सांस्कृतिक अवसंरचना

40. झारखंड सरकार ने पर्यटन, खेल, कला और सांस्कृतिक अवसंरचना के लिए अनुदानों का अनुरोध किया है। इससे उसे राज्य में पर्यटन, खेलों को बढ़ावा देने में तथा संस्कृति को परिरक्षित करने में और युवाओं से संबंधित कार्यकलापों का विस्तार करने में सहायता मिलेगी, जिससे युवा शक्ति और उसकी ऊर्जा का लाभ उठाया जा सकेगा और उसे दिशा प्रदान की जा सकेगी। इससे राज्य में सांस्कृतिक विविधता और विरासत को बढ़ावा देने और उन्हें परिरक्षित करने में भी सहायता मिलेगी। इस प्रयोजन हेतु हम 400 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

नवीकरणीय ऊर्जा का विकास

41. राज्य सरकार ने चार प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा कार्यक्रमों– सरकारी भवनों और आवासीय उपभोक्ताओं के लिए रूफटॉप कार्यक्रम, सोलर पंप, सोलर स्ट्रीट लाइटें और छोटी हाइड्रो परियोजनाओं के लिए अनुदानों का अनुरोध किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 700 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

देवघर वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग के लिए पर्यटन सुविधाओं और उसके आस-पास पर्यटन सर्किट का विकास

42. राज्य सरकार ने देवघर वैद्यनाथ धाम ज्योतिर्लिंग के लिए पर्यटन सुविधाओं और उसके आस-पास पर्यटन परिपथ के विकास के लिए सहायता की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम इस परन्तुक के साथ 200 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं। इस अनुदान का उपयोग केवल संबंधित योजनाओं के लिए ही किया जाएगा।

कर्नाटक

जल निकायों का समग्र सुधार

43. राज्य सरकार ने बेंगलुरु और उसके आस-पास के क्षेत्रों में स्थित टैंकों के समग्र सुधार के लिए सहायता की मांग की है। 2000 हेक्टेयर के कमांड एरिया के साथ सिंचाई कार्यों को लघु सिंचाई कार्यों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इन लघु सिंचाई कार्यों में टैंक, पिकअप्स, बनधारा/बांध(बराज), छिद्रिल/वायुमार्गीय बांध (वेंटेड डैम) और उत्थित सिंचाई (lift irrigation) योजनाएं हैं। राज्य में आठ लाख हेक्टेयर कृषि योग्य कमांड क्षेत्रफल के साथ लगभग 8,400 लघु सिंचाई परियोजनाएं हैं। इस प्रयोजन हेतु हम 3,000 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

बैंगलुरु में भीड़-भाड़ कम करने हेतु परिधीय रिंग रोड

44. बैंगलूरु को भारत की सिलिकॉन घाटी एवं सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिक एवं विज्ञान तथा भारत की प्रौद्योगिकीय राजधानी के नाम से जाना जाता है। शहर ने सफलता प्राप्त की है, मगर शहर में यातायात में भारी बढ़ोतरी भी हो गई है। अतः राज्य सरकार ने भारी वाहनों को शहर से बाइपास की ओर परिवर्तित करने हेतु एक परिधीय रिंग रोड का निर्माण करने हेतु सहायता देने का अनुरोध किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 3,000 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

केरल

अपशिष्ट का निपटान, जल निकायों की साफ-सफाई

45. अपने अनुपूरक ज्ञापन में, राज्य सरकार ने यह उल्लेख किया है कि स्थानीय शासन ठोस अपशिष्ट निपटान में बड़ी भूमिका निभाते हैं। स्थानीय शासनों ने अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादित करने हेतु विकेंद्रीकृत अपशिष्ट शोधन संयंत्र स्थापित किए हैं जिनमें विकेंद्रीकृत परिवारों से अपशिष्ट को एकत्र एवं पृथक कर शोधित किया जाता है। राज्य में एक मिशन मोड कार्यक्रम, हरित केरल मिशन का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल निकायों की साफ-सफाई, पेयजल गुणवत्ता की जांच, वर्षा जल संचयन करना है। राज्य सरकार ने इन कार्यों के लिए निधियों का अनुरोध किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 450 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

नारियल का पुनः वृक्षारोपण

46. अपने अनुपूरक ज्ञापन में, राज्य सरकार ने नारियल उद्योगों द्वारा महसूस किए जा रहे मुद्दों को उठाया है। राज्य में नारियल उद्योग के पुनः सक्रिय करके और नारियल ताड़ों के आनुवंशिक आधार में सुधार लाने हेतु, एक व्यापक स्तर पर पुनर्जीवित कार्यक्रम चलाए जाने की आवश्यकता है। राज्य सरकार ने नारियल परिषद की योजना, केरा केरलम समृद्ध केरलम के तहत नारियल के पौधों को वितरित एवं रोपित करने का प्रस्ताव किया है। राज्य सरकार ने नारियल के वृक्षारोपण की इस योजना के लिए निधियों की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 150 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

वन संरक्षण

47. अपने ज्ञापन में, राज्य सरकार ने कहा है कि उसने वनों के आर्थिक दोहन के बजाय, उनके संरक्षण एवं सुरक्षा को महत्ता दी है। वनों में आग लगने की घटनाओं को नियंत्रित करने, वनों में अतिक्रमणों को रोकने, इष्टतम वन उत्पाद प्राप्त करने हेतु वनों का विनियमित रूप से उपयोग करने तथा पर्यावरण की दृष्टि से पर्यटन (ईको-टूरिज़्म) के लिए वन का उपयोग करने में व्यय की आवश्यकता है। राज्य सरकार ने इसके लिए सहायता का अनुरोध किया है, और हम 500 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

मध्य प्रदेश

पर्यटन, आतिथ्य और कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना

48. मध्य प्रदेश सरकार ने पर्यटन, आतिथ्य और कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना करने के लिए अनुदानों का अनुरोध किया है, ताकि युवाओं को औपचारिक विषयों के भीतर इन क्षेत्रों में अध्ययन करने में सहायता प्रदान की जा सके। इससे पर्यटन क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर खुलेंगे। इस प्रयोजन हेतु हम 55 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

विरासत उद्यानों का जीर्णोद्धार

49. राज्य सरकार ने बुंदेलखंड, मालवा, भोपाल क्षेत्र तथा अन्य क्षेत्रों में चालीस असंरक्षित शाही (रॉयल) उद्यानों के पुनरुत्थान कर इस ऐतिहासिक उद्यान को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए अनुदान का अनुरोध किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 40 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

विरासत भवनों, जलाशयों और भूमि बैंकों में मूलभूत सेवाओं का उन्नयन एवं विकास

50. मध्य प्रदेश में अनेक विरासत स्थल हैं। विरासत स्थलों को पर्यटन होटलों में परिवर्तित करने सहित, जल आधारित खेलों और साहसिक (एडवेंचर) खेलों को विकसित करने हेतु उचित संपर्क-सड़कों, जल और बिजली की आपूर्ति उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है। इस प्रयोजन हेतु हम 140 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

पर्यटन संबंधी अवसंरचना का स्तरोन्नयन एवं विकास

51. राज्य सरकार ने वर्तमान एवं नए गंतव्यों (destinations) में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के स्तरोन्नयन और विकास के लिए तथा कम प्रसिद्धि वाले पर्यटन स्थलों के संवर्धन के लिए अनुदानों का अनुरोध किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 150 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

संग्रहालयों का निर्माण और रखरखाव

52. राज्य ने छिंदवाड़ा, नीमच, नरसिंहपुर, हरदा, गुना, ओमकारेश्वर और देवास में सात नए संग्रहालयों के निर्माण तथा पुरा वस्तुओं को संग्रहित, वर्गीकृत और अनुरक्षित करने तथा वर्तमान चौंतीस संग्रहालयों का रखरखाव करने हेतु 82 करोड़ रु. की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 70 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

संग्रहालयों का संरक्षण और विकास

53. राज्य ने ओरछा-ग्वालियर सर्किट, बुरहानपुर-इंदौर सर्किट, भोपाल सर्किट, और विंध्य-जबलपुर सर्किट में महत्वपूर्ण स्मारकों के संरक्षण कार्य के लिए तथा वर्तमान स्मारकों के मार्गों के विकास, विद्युतीकरण और जन सुविधाओं के लिए 110 करोड़ रुपए के अनुदान का अनुरोध किया है। हम इस परन्तुक के साथ कि अनुदान का उपयोग केवल इन योजनाओं के लिए ही किया जाएगा, इस अनुरोध को स्वीकार करते हैं।

अभिलेखागार भवन का निर्माण और प्रलेखनीय विरासत का संरक्षण

54. राज्य ने अभिलेखागार सुविधाओं के निर्माण एवं विस्तार, अभिलेखों का उचित प्रबंधन और सुरक्षा, प्रकाशन, संदर्भ मीडिया को तैयार करना और अभिलेखों के लेमिनेशन के लिए 50 करोड़ रुपए के अनुदान

का अनुरोध किया है। हम इस परन्तुक के साथ इस अनुरोध को स्वीकार करते हैं कि इस अनुदान का उपयोग केवल इन योजनाओं के लिए ही किया जाएगा।

बालिकाओं के लिए 33 नए शिक्षा परिसरों का निर्माण

55. जनजातीय समुदाय के हित में, राज्य ने बालिकाओं के लिए तैंतीस नए शिक्षा परिसरों के निर्माण के लिए अनुदान का अनुरोध किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 250 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

सौर पंप परियोजना

56. राज्य सरकार ने ऊर्जा दक्षता में सुधार लाने और ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों के उपयोग के लिए सहायता की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 500 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

ग्वालियर शहर और मुरैना शहर में चंबल नदी से जलापूर्ति

57. राज्य सरकार ने ग्वालियर और मुरैना शहरों में चंबल नदी से जलापूर्ति के लिए सहायता की मांग की है। इसके अंतर्गत जलसंचन कुंआ (इनटेक वेल), जल शोधन संयंत्र, एलीवेडिट सर्विस जलाशयों के निर्माण तथा वितरण प्रणाली आदि शामिल हैं। इस प्रयोजन हेतु हम 250 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

ग्वालियर-शिवपुरी-चंदेरी पर्यटन तथा चंदेरी के पारंपरिक कपड़ा बुनकरों का क्षमता निर्माण

58. राज्य सरकार ने ग्वालियर-शिवपुरी-चंदेरी सर्किट में पर्यटन के लिए और चंदेरी के पारंपरिक कपड़ा बुनकरों का क्षमता निर्माण करने के लिए सहायता की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 75 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

महाकालेश्वर मंदिर का विकास एवं रखरखाव

59. राज्य सरकार ने उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर की मरम्मत और रखरखाव एवं विकास के लिए सहायता की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 75 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

महाराष्ट्र

सांस्कृतिक विरासतों का परिरक्षण

60. राज्य ने चवालीस स्थानों में राज्य द्वारा संरक्षित स्मारकों एवं संग्रहालयों के संरक्षण, मरम्मत और विकास के लिए तथा दस स्थानों पर भारत सरकार के संरक्षण के तहत किलों (forts) के संरक्षण एवं मरम्मत के लिए अनुदान की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 500 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

वन और वन्यजीव का संरक्षण और प्रबंधन

61. महाराष्ट्र सरकार द्वारा दिए गए ज्ञापन में उसने राज्य में वनों एवं वन्यजीव के संरक्षण तथा हरित आवरण को बढ़ाने की आवश्यकता को उजागर किया है। राज्य जैव विविधता से समृद्ध है और राज्य में छः राष्ट्रीय पार्क, उनचास अभ्यारण्य (sanctuaries) तथा छः संरक्षण रिजर्व्स और छः टाइगर रिजर्व्स है। इस प्रयोजन हेतु हम 500 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

रेवास रेड्डी तटवर्ती राजमार्ग का विकास

62. महाराष्ट्र सरकार ने कोंकण तट के समानांतर सड़कों के निर्माण के लिए सहायता की मांग की है। यह 540 कि.मी. लम्बा मनोरम मुंबई-गोवा तटवर्ती समुद्री राजमार्ग है, जिसे कोंकण प्रवेश-द्वार के रूप में जाना जाता है। इससे कोंकण की अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से पर्यावरण और मात्स्यिकी को काफी ज्यादा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इस प्रयोजन हेतु हम 1,250 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

पुलिस के लिए नए आवासन का निर्माण

63. राज्य सरकार ने यह तथ्य उजागर किया है कि महाराष्ट्र पुलिस देश में सबसे बड़ा पुलिस बल है। कोविड-19 महामारी में पुलिस बल ने कानून और व्यवस्था तथा कोविड-19 के संक्रमण को नियंत्रित करने में बड़ी भूमिका निभाई है। पुलिस कर्मियों को अपने कर्तव्यों का प्रभावकारी एवं दक्षता के साथ निर्वहन करने के लिए यह जरूरी है कि पुलिस स्टेशन के आस-पास ही उनके लिए आवासीय मकान/क्वार्टर निर्मित किए जाएं। महाराष्ट्र में, विशेष रूप से मुंबई एवं पुणे के महानगरीय क्षेत्र में पुलिस कार्मिकों के लिए आवासन के

अभाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल के लिए आवासीय सुविधाओं का विस्तार करने के लिए हम 500 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

मणिपुर

आवासन अवसंरचना

64. अपने अनुपूरक ज्ञापन में, राज्य सरकार ने इंफाल में विधानसभा के मंत्रियों/ सदस्यों/ सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक अलग आवासीय परिसर तथा पर्वतीय जिलों एवं उप-मंडलीय कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मियों के लिए एक आवासीय परिसर विकसित करने का प्रस्ताव किया है, क्योंकि वर्तमान आवासन परिसर न केवल अपर्याप्त हैं, बल्कि बहुत पुराने भी हो चुके हैं। हम राज्य सरकार की इन पहलों का समर्थन करते हैं और अनुदानों की अनुशंसा निम्नानुसार करते हैं:

परियोजना	करोड़ रु.
इम्फाल में मंत्रियों/विधायकों के लिए आवासन परिसर	75
अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए इम्फाल में आवासन परिसर	210
पर्वतीय क्षेत्रों में जिला एवं उप-मंडलीय कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवासन परिसर	130

मणिपुर सचिवालय परिसर

65. राज्य ने मंत्रीपुखरी में मणिपुर सचिवालय परिसर को पूरा करने के लिए निधियों के आबंटन की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 75 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

नर्सिंग इंस्टिट्यूट की स्थापना

66. राज्य सरकार ने इम्फाल (पश्चिम) जिले में जवाहर लाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान से संबद्ध तीस सीटों के साथ एक नर्सिंग इंस्टिटयूट की स्थापना करने के लिए निधियों का अनुरोध किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 15 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

पर्वतीय जिलों में अवसंरचना का विकास

67. छः पर्वतीय जिला मुख्यालयों, यानी चुड़ाचांदपुर, उखरूल, सेनापति, कंगपोकपी, चांडेल, तामेंगलोंग में सीवर, ड्रेनेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं और आंतरिक सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए सहायता की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 300 करोड़ रुपए (प्रत्येक जिला मुख्यालय के लिए 50 करोड़ रुपए) के कुल अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

राजभवन के भीतर भवनों और संरचनाओं का पुनरुद्धार

68. इम्फाल में राजभवन एक विरासत भवन है। राज्य ने हमारा ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित किया कि राजभवन परिसर के भीतर दरबार हॉल, भोज सभामंडप (बैंक्वट हॉल), वीआईपी अतिथि गृह एवं दीर्घा और चारदीवारी का पुनरुद्धार काफी समय से नहीं किया गया है और उन्हें उनके अनुरूप अनुरक्षित करने की तत्काल आवश्यकता है। इसके लिए राज्य ने 15 करोड़ रुपए के अनुदान की सहायता की मांग की है। हम इस अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

राज्य अतिथि गृह का निर्माण

69. राज्य सरकार ने आधुनिक सुविधाओं के साथ एक नए राज्य अतिथि गृह के निर्माण हेतु 80 करोड़ रुपए के अनुदान का अनुरोध किया हैं, क्योंकि वर्तमान में राज्य का दौरा करने वाले सम्माननीय अतिथियों की आवास व्यवस्था के लिए कोई सुविधा नहीं है। हम इस अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

मेघालय

नए शिलांग टाउनशिप में प्रशासनिक शहर

70. राज्य ने शहर में भीड़-भाड़ कम करने हेतु सरकारी कार्यालयों और आवासन के साथ नए शिलांग क्षेत्र में एक प्रशासनिक शहर निर्मित कराने का प्रस्ताव किया है। प्रस्तावित टाउनशिप के लिए भूमि राज्य सरकार द्वारा पहले ही अधिग्रहित कर ली गई है। इस प्रयोजन हेतु हम 250 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

नए विधान सभा भवन का स्तरोन्नयन एवं निर्माण

71. राज्य ने एक नए विधान सभा भवन के निर्माण का प्रस्ताव किया है, क्योंकि पुराना भवन 2001 में आग में जल कर ध्वस्त हो गया था। इसके लिए पहले से शुरु किए गए कार्यों को पूरा करने हेतु राज्य ने निधियों के आबंटन की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 100 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

नए शिलांग टाउनशिप के लिए जलापूर्ति योजना

72. राज्य सरकार ने नई शिलांग टाउनशिप में प्रस्तावित प्रशासनिक शहर में जलापूर्ति उपलब्ध कराने के लिए सहायता की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 100 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

शिलांग शहर में वाकवे एवं कवर्ड पाथवे का निर्माण

73. शहर की सांस्कृतिक विरासत को परिरक्षित करने और सार्वजनिक स्थलों को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार ने यह प्रस्ताव किया है कि पूरे शहर में वाकवे, कवर्ड पाथवे तथा स्काइवॉक का निर्माण कराया जाना है। इस प्रयोजन हेतु हम 50 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

खेल अवसंरचना का विकास

74. राज्य सरकार ने मेघालय में उनतालीसवें राष्ट्रीय खेलों की मेज़बानी एवं खेल के आयोजन हेतु खेल अवसंरचना के स्तरोन्नयन एवं विकास के लिए सहायता की मांग की है। शिलांग एकीकृत खेल परिसर के लिए हम 100 करोड़ रुपए और शिलांग गोल्फ क्लब तथा पी.ए. संगमा स्टेडियम, प्रत्येक के लिए 50 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

शहरी अवसंरचना का विकास

75. तुरा (पश्चिमी गारो हिल्स जिले का जिला केंद्र) और जोवाई (जैंतिया पर्वतीय क्षेत्र का प्रशासनिक केंद्र) में सार्वजनिक स्थलों, यातायात, अपशिष्ट प्रबंधन, स्ट्रीट लाइटिंग जैसे अवरसंरचना के प्रबंधन/विकास के प्रयोजनार्थ, हम राज्य सरकार के अनुरोध के अनुसार 100 करोड़ रुपए (तुरा एवं जोवाई प्रत्येक के लिए 50 करोड़ रुपए) के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

मिजोरम

बागवानी

76. राज्य सरकार के अनुरोध पर, हम (क) संधारणीय बागवानी फसलों की खेती, (ख) स्थानांतरण खेती से, स्थायी भूमि के उपयोग में संक्रमण, (ग) उच्च मूल्य वाली फसलों के उत्पादन, (घ) बड़े पैमाने पर खेती के लिए वृक्षों के कटाव को रोकना, (ड.) बांस प्रसंस्करण में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने हेतु राज्य सरकार की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए 330 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

पर्यटन

77. पूरे राज्य में पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए अनुदान हेतु हम राज्य सरकार के अनुरोध पर 200 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

विद्युत

78. राज्य ने बिना बाधा के बिजली आपूर्ति के लिए विद्युत और बिजली विभाग के तहत महत्वपूर्ण अवसंरचना के निर्माण के लिए अनुदान का अनुरोध किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 170 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

नागालैंड

नागर विमाननः छोटी लैंडिंग पट्टियां

79. राज्य ने अंदरुनी क्षेत्रों में दो-इंजन वाले छोटे विमानों से हवाई यात्रा उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक जिले में छोटी लैंडिंग पट्टियों की आवश्यकता पर जोर दिया है। इस प्रयोजन हेतु हम 90 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

भारत-म्यांमार सीमा पर प्रवेश/निकास के लिए जांच चौकियों का निर्माण

80. राज्य ने निर्बाध आवागमन व्यवस्था के तहत भारत-म्यांमार सीमा पर प्रवेश/निकास के लिए जांच चौंकियों के निर्माण हेतु 25 करोड़ रुपए के अनुदान का अनुरोध किया है। हम इस अनुरोध को स्वीकर करते हैं और उक्त राशि की अनुशंसा करते हैं।

राज्य में कॉफी का विकास

81. राज्य सरकार ने आगामी तीस वर्षों के लिए नागालैंड कॉफी के क्रय हेतु एक दक्षिण अफ्रीकी फर्म/कंपनी के साथ एक करार ज्ञापन (एमओए) किया है। राज्य सरकार ने कॉफी विकास के लिए सहायता की मांग की है।इस प्रयोजन हेतु हम 150 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

नए राज भवन का निर्माण

82. वर्तमान राज भवन, जो केवल 5.5 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है, कदाचित देश में सबसे छोटा राजभवन है। इस भवन में मात्र तीन अतिथि कक्ष हैं, जिसे उच्च गणमान्य व्यक्तियों के दौरों के दौरान समस्या का सामना करना पड़ता है। नागालैंड सरकार ने नए राजभवन के लिए एक स्थल की पहचान की है, जो कोहिमा में प्रस्तावित विमानपत्तन से 15 कि. मी. दूरी पर है और मुख्यमंत्रियों एवं कैबिनेट मंत्रियों के बंगलों के आस-पास भी है।इस प्रयोजन हेतु हम 100 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

नए उच्च न्यायालय परिसर का निर्माण

83. राज्य सरकार ने कोहिमा में नए उच्च न्यायालय परिसर के निर्माण को पूरा करने के लिए सहायता की मांग की है, जिसे पूर्व में एक विशेष योजना सहायता (एसपीए) के तहत 2008-09 में शुरू किया गया था और एसपीए करार/अनुबंध को समाप्त किए जाने के कारण पूरा नहीं किया जा सका था। इस परियोजना को पूरा करने के हम 100 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

अग्निशमन केंद्रों का निर्माण

84. राज्य सरकार के ज्ञापन के प्रत्युत्तर में, हमने पांच नए जिलों में अग्निशमन केंद्रों और अन्य सात जिलों में अतिरिक्त सात नए केंद्रों के निर्माण के लिए 60 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा की है।

ओडिशा

श्री जगन्नाथ मंदिर में और उसके आस-पास श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं

85. राज्य सरकार ने श्री जगन्नाथ मंदिर में और उसके आस-पास के क्षेत्रों की मरम्मत और रखरखाव के लिए सहायता की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 175 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

चक्रवात की सूचना देने के लिए चेतावनी प्रणाली

86. राज्य सरकार ने चक्रवात से संवेदनशील क्षेत्रों में पूर्व चेतावनी प्रसारण प्रणाली को स्थापित करने के लिए अनुदानों की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 800 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

कोणार्क सूर्य मंदिर का परिरक्षण एवं विकास

87. राज्य सरकार ने कोणार्क में सूर्य मंदिर और उसके आस-पास के क्षेत्रों में चंद्रभागा से कटकपुर जंक्शन तक सड़क सहित कोणार्क रिंग रोड और चंद्रभागा तट (beach) के परिरक्षण और विकास के लिए सहायता की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 150 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

बाराबती मोआत (Barabati Moat) और उसके आस-पास ऐतिहासिक स्थानों का परिरक्षण एवं विकास

88. राज्य सरकार ने बाराबती मोआत के परिरक्षण और विकास के लिए अनुदानों की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 150 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

संबलपुर नगरपालिका क्षेत्र में झंझा बरसाती पानी के लिए ड्रेनेज प्रणाली

89. राज्य ने मौजूदा ड्रेनेज प्रणाली के पुनरुद्धार और नए ढके हुए नालों के निर्माण सहित संबलपुर नगरपालिका क्षेत्र में झंझा जल के लिए ड्रेनेज प्रणाली निर्मित करने हेतु 150 करोड़ रुपए के अनुदान का अनुरोध किया है। हम इस अनुरोध को स्वीकार करते हैं और तदनुसार अनुदानों की अनुशंसा करते हैं।

नबरंगपुर जिले में केंडुगुडा के समीप इंद्रावती नंदी के उपर ऊंचे पुल का निर्माण

90. राज्य ने नबरंगपुर जिले में केंडुगुडा के समीप इंद्रावती नंदी के उपर ऊंचे पुल के निर्माण के लिए 150 करोड़ रुपए के अनुदान का अनुरोध किया है। हम इस अनुरोध को स्वीकार करते है और तदनुसार अनुदानों की अनुशंसा करते हैं।

हीराकुंड जलाशय, संबलपुर में डेस्टिनेशन डिवलेपमेंट

91. राज्य ने महानदी के उपर एक ऊंचे पुल के निर्माण सहित संबलपुर में हीराकुंड जलाशय में डेस्टिनेशन डिवलेपमेंट के लिए, जलाशय के समीप मौजूदा हवाई पट्टियों के विकास के लिए 200 करोड़ रुपए के अनुदान का अनुरोध किया है।

पंजाब

बुधा नाला के माध्यम से सतलुज नदी के प्रदूषण का समाधान

92. राज्य सरकार ने बुधा नाला की साफ-सफाई कर सतलुज नदी के प्रदूषण के समाधान के लिए एक परियोजना हेतु सहायता की मांग की है। यह परियोजना पेयजल एवं सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण होगी। इस प्रयोजन हेतु हम 400 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

मोहाली, होशियारपुर, शहीद भगतसिंह नगर और फाजिल्का में चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के चार नए संस्थान

93. राज्य सरकार ने राज्य में स्वास्थ्य परिचर्या और शिक्षा को बढ़ाने एवं उसका विस्तार करने के लिए मोहाली, होशियारपुर, शहीद भगतसिंह नगर और फाजिल्का में चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के चार नए

संस्थानों के लिए सहायता की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 700 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

बठिंडा में रूफ टॉप सौर संयंत्रों की संस्थापन के लिए प्रायोगिक परियोजना

94. राज्य में आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों (अनुसूचित जाति, झोपड़ियों में रहने वाले लोग, आदि) की बड़ी आबादी है, जो बिजली के बिल का भुगतान करने में समर्थ नहीं हैं। राज्य सरकार ने बठिंडा में 15,000 अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों और गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों में 1 kwp एवं 2 kwp के 15,000 कि.वाट के रूफ टॉप सौर संयंत्र संस्थापित करने के लिए एक परियोजना हेतु सहायता की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 40 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

बठिंडा किला और पटियाला किले का विकास

95. राज्य सरकार ने बठिंडा किला, जो कि एक ऐतिहासिक एवं संरक्षित स्मारक है और जिसके कुछ भाग बहुत ही जीर्ण-शीर्ण स्थिति में हैं, के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए निधियों की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 10 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

96. राज्य सरकार ने हमें बताया कि पटियाला किला, जो ऐतिहासिक महत्व का स्थल है, में भी संरक्षण/पुनरुद्धार कार्य बड़े पैमाने पर कराए जाने की आवश्यकता है। इस प्रयोजन हेतु हम 13 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं। इन परियोजनाओं को आईटीआरएचडी द्वारा कार्यान्वित कराया जा सकता है।

धान तथा अन्य फसलों के विविधिकरण द्वारा धान भूसी जलाए जाने से उत्पन्न प्रदूषण को कम करना

97. राज्य सरकार ने धान फसल तथा अन्य फसलों, विशेष रूप से मक्का में, विविधिकरण कर धान भूसी जलाए जाने से उत्पन्न प्रदूषण को कम करने के लिए सहायता की मांग की है। इससे उत्तर क्षेत्र में वायु प्रदूषण को कम करने में सहायता मिलेगी। इस प्रयोजन हेतु हम 350 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

भारत के विभाजन पर पार्टिशन म्यूजियम, अमृतसर का विकास

98. राज्य सरकार ने अमृतसर में भारत के विभाजन पर एक संग्रहालय के लिए सहायता की मांग की है। उसने यह उल्लेख किया है कि विभाजन पर यह विश्व का पहला संग्रहालय है। यह स्वतंत्रता संग्राम में पंजाब की भूमिका को प्रतिबिंबित करता है। इस प्रयोजन हेतु हम 10 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

जंग-ए-आजादी स्मारक, करतारपुर, जालंधर

99. राज्य सरकार ने एक पुस्तकालय सहित, जालंधर जिले के करतारपुर में जंग-ए-आजादी स्मारक के स्तरोन्नयन के लिए सहायता की मांग की है। राज्य सरकार ने यह भी प्रस्ताव किया है कि संग्रहालय को सौर ऊर्जा से चालित किया जाए। हम इसे स्वीकार करते हैं और इस प्रयोजन हेतु 12 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं। इस परियोजना को आईटीआरएचडी द्वारा कार्यान्वित कराया जा सकता है।

पुष्पा गुजराल विज्ञान शहर, कपूरथला

100. कपूरथला में स्थित पुष्पा गुजराल विज्ञान शहर (पीजीएससी) एक अनौपचारिक विज्ञान शिक्षा केंद्र है, जो स्थायी विकास को बढ़ावा देने हेतु विज्ञान-आधारित निर्णयन के माध्यम से समाज की क्षमताओं को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। राज्य सरकार ने पारितंत्र (वैश्विक पारितंत्र में वर्चुअल वॉकथ्रू सहित), पर्यावरण एवं स्थायी विकास लक्ष्य पर दीर्घा तथा कोविड-19 पर एक दीर्घा विकसित करने का प्रयास किया है। राज्य सरकार ने इन दीर्घाओं के लिए नए भवन के निर्माण और स्थान/गुंबद थियेटर स्क्रीन के स्तरोन्नयन के लिए निधियों की आवश्यकता का अनुरोध किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 10 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

राजस्थान

जोधपुर में एकीकृत जल प्रबंधन

101. राज्य सरकार ने बताया है कि सीमित वर्षा के कारण जोधपुर क्षेत्र को जल के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। राज्य सरकार ने जोजारी नदी को एक बारहमासी बड़ी नदी के रूप में बहाल करने का प्रस्ताव किया है, जिसके पूरे बहाव मार्ग को मूल रूप में बहाल कर या किसी नए मार्ग को विकसित कर किया जाना है। इसके अतिरिक्त, औद्योगिक बहिःस्राव (effluent) और घरों से बहने वाले गंदे पानी से मृदा

एवं भूमि जल काफी ज्यादा प्रभावित होता है। वर्तमान बहिःस्राव शोधन संयंत्र बहिस्रावों को शोधित करने में अपर्याप्त हैं। इसलिए बहिःस्राव के संग्रहण और परिवहन प्रणाली का स्तरोन्नयन करने की आवश्यकता है। जोजारी नदी अपने पुनरुद्धार के पश्चात सामुदायिक ग्राम तालाबों, सूक्ष्म सिंचाई, विविधीकृत खेती और बागवानी के लिए जल का स्रोत बन जाएगी, जिसके फलस्वरूप हजारों किसानों की छिन गई आजीविका बहाल हो सकेगी। राज्य सरकार ने जोधपुर में एकीकृत जल प्रबंधन को मजबूती को सुदृढ़ बनाने के लिए सहायता की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 400 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

जोधपुर शहर एलिवेटेड सड़क परियोजना

102. राज्य सरकार ने जोधपुर में कृषि मंडी सर्किल (मंडोर सड़क पर स्थित) से लेकर सोजाटी गेट सर्किल तथा अखिल्या सर्किल (चौपासनी सड़क पर स्थित) तक जोधपुर शहर के मुख्य केंद्र में भारी यातायात की आवाजाही का मुद्दा उठाया है। राज्य सरकार ने एक एलिवेटेड सड़क परियोजना के निर्माण के लिए निधियों का अनुरोध किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 550 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

चिकित्सा महाविद्यालयों में संगरोध केंद्रों के साथ उष्णकटिबंधीय एवं विषाणु विज्ञान अवसंरचना का विकास

103. अपने संशोधित ज्ञापन में, राज्य सरकार ने लोक स्वास्थ्य अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए निधियों का अनुरोध किया है। राज्य के छह चिकित्सा महाविद्यालयों में वर्तमान स्वास्थ्य अवसंरचना को गंभीर परिचर्या सेटअप (उष्णकटिबंधीय एवं विषाणु विज्ञान अवसंरचना पर केंद्रित रहते हुए) के साथ स्तरोन्नयन किया जाना आवश्यक है। इस प्रयोजन हेतु हम 270 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

डिजिटल विश्वविद्यालय

104. अपने संशोधित ज्ञापन में, राज्य सरकार ने प्रमुख प्रौद्योगिकीय आभासी कक्षाओं, डिजिटल प्रयोगशालाओं आदि के साथ एक डिजिटल विश्वविद्यालय के लिए निधियों की मांग की है। हम इसका समर्थन करते हैं और 400 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

जैसलमेर में राजस्थान लोक कला प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना

105. अपने संशोधित ज्ञापन में, राज्य सरकार ने एक लोक कला प्रशिक्षण संस्थान स्थापित कर सभी प्रकार की मंच कलाओं (performing arts) और अभिनायकों/कलाकारों को एक छत के नीचे लाने का प्रस्ताव किया है। सांस्कृतिक केंद्र में (क) एक बड़ा एवं दो छोटे थियेटर और एक खुली वायु वाला थियेटर; (ख) भिन्न क्षमताओं की आठ दीर्घाएं (गैलरी); (ग) रिहर्सल हॉल और शोध पुस्तकालय; (घ) रिकॉर्डिंग थियेटर एवं कला स्टुडियो; (ड.) विभिन्न संग्रहालयों और दृश्य-श्रव्य पुस्तकालय; (च) कलाकारों के लिए आवासीय एवं अतिथि गृह और अन्य संबद्ध सुविधाएं शामिल हैं। इस प्रयोजन हेतु हम 150 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

कयासा, अलवर में औद्योगिक टाउनशिप

106. राज्य सरकार ने अलवर जिले के कयासा में एक एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप स्थापित करने का प्रस्ताव किया है। रणनीतिक स्थल के लाभ के कारण, इस परियोजना से राज्य के युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा और अर्थव्यवस्था की वृद्धि में तेजी आएगी। इस प्रयोजन हेतु हम 320 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

परियोजना जोधपुर पहल

107. अपने संशोधित ज्ञापन में, राज्य सरकार ने हमारा ध्यान जोधपुर पहल परियोजना (जो कि आईआईटी चैन्नई के प्रोफेसर बी.एस. मूर्ति की पहल है) के प्रति आकृष्ट कराया है, जो जोधपुर शहर के लिए एक संपूर्ण विकास योजना है। राज्य सरकार ने इस व्यापक विजन एवं विकास योजना के लिए, शहर में गतिशीलता एवं परिवहन योजना के लिए, संरचनात्मक सुरक्षा मुद्दों के लिए, स्थायी शहरी जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन योजना के लिए तथा इस क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी के विकास के लिए निधियों की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 10 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

नीमराना औद्योगिक केंद्र परियोजना

108. अपने संशोधित ज्ञापन में, राज्य सरकार ने नीमराना औद्योगिक केंद्र परियोजना का उल्लेख किया है। वर्तमान में इस क्षेत्र में कार्यरत 448 इकाइयां 38,000 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रही हैं। इस औद्योगिक केंद्र में भारत के प्रथम अनन्य जापानी जोन की स्थापना की गई थी जिसके तहत पैंतालीस

जापानी इकाइयां कार्य कर रही हैं। नीमराना के वर्तमान अवसंरचना के उन्नयन के लिए निधियों की मांग की गई है। इस प्रयोजन हेतु हम 200 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

मंगानिया या कुलबुलास जैसे पारंपरिक लोक कलाकारों और गायकों के लिए सहायता

109. राजस्थान की पारंपरिक लोक कला, जैसे कि मंगानिया या कुलबुलास को बढ़ावा और सहायता देने के लिए हम राज्य सरकार के अनुरोध के अनुसार, 15 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

समाज में भेदभाव का सामना कर रही युवा सैनिक विधवाओं का पुनर्वास

110. राज्य सरकार ने समाज में भेदभाव का सामना कर रही युवा सैनिकों की विधवाओं के पुनर्वास के लिए अनुदानों का अनुरोध किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 7 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

सिक्किम

हर्बल चिकित्सा/योग और आध्यात्मिक चिकित्सा पर्यटन परिसर (Herbal Medical/Yoga and Spiritual Healing Tourism Complex)

111. राज्य सरकार के अनुरोध पर, हम दक्षिण सिक्किम में नंदु गांव में एक हर्बल चिकित्सा/योग और आध्यात्मिक चिकित्सा परिसर के विकास के लिए 50 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं। इस परिसर के अंतर्गत प्रमुख परियोजना घटक में आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए एक बहु उद्देशीय हॉल, ध्यान, योग और आध्यात्मिक शिक्षा, हर्बल चिकित्सा परिसर, संपर्क सड़क, स्वागत कक्ष, बाड़ लगाना आदि शामिल है। हम तदनुसार अनुदानों की अनुशंसा करते हैं।

पुस्तकालय की स्थापना

112. राज्य सरकार ने सिक्किम में एक विश्व स्तरीय पुस्तकालय, नामतः 'ज्ञान मंदिर' की स्थापना के लिए सहायता की मांग की है, जो एक ज्ञान और शिक्षण के केंद्र के रूप में कार्य करेगा और राज्य के लोकाचार एवं आदर्शों को संवर्धित करेगा। इस पुस्तकालय में मुद्रित एवं डिजिटल फॉर्मेट में सिक्किम के बारे में सभी प्रलेख उपलब्ध होंगे। गंगटोक में ज्ञान मंदिर पुस्तकालय के लिए निर्माण तथा एमआईसीई (बैठक, प्रोत्साहन,

सम्मेलन और प्रदर्शनी) स्थल के रूप में गंगटोक के संवर्धन हेतु सम्मेलन केंद्र के निर्माण के लिए हम 200 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

सिंहशोर पुल का ग्लास स्काइवॉक पुल के रूप में परिवर्तन

113. सिंहशोर पुल को देखने के लिए भारी मात्रा में पर्यटक आकर्षित होते हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने इस पुल को एक ग्लास स्काइवॉक पुल के रूप में परिवर्तित करने का प्रस्ताव किया है और 52 करोड़ रुपए राशि की मांग की है। हम इन अनुदानों की अनुशंसा करते हैं।

यात्री रज्जू मार्ग

114. पश्चिमी सिक्किम में पेलिंग से संगाचोइलिंग मठ को जोड़ने के लिए यात्रियों हेतु हम एक रज्जू मार्ग के लिए 110 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

पश्चिम सिक्किम के डोडक में पर्यावरणीय पर्यटन परिसर का विकास

115. राज्य सरकार ने पश्चिमी सिक्किम के डोडक में श्रद्धालुओं के लिए एक इको-टूरिज्म परिसर के विकास के लिए अनुदानों की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 78 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

बागवानी

116. राज्य सरकार ने बागवानी एवं पुष्प कृषि के विस्तार को बढ़ावा देने हेतु रुमटेक में अपने सिम्बिडियम विकास केंद्र के अवसंरचना के उन्नयन के लिए निधियों की मांग की है। इस संबंध में हम 10 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

तमिलनाडु

चेन्नई जलाशयों का पुनर्निर्माण

117. राज्य सरकार ने हमें बताया कि शहरीकरण के परिणामस्वरूप, चेन्नई में जलाशय सिकुड़ रहे हैं। राज्य सरकार भूमि जल संरक्षण क्षेत्रों के सीमांकन, सभी जलाशयों में बांध निर्मित करने और अतिरिक्त उप-सतही भंडारण टैंकों का निर्माण कराना चाहती है ताकि प्राकृतिक जल की हानि को रोका जा सके और जलवायु परिवर्तन से अनुकूलन स्थापित किया जा सके। इस प्रयोजन हेतु हम 200 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

ऐतिहासिक महत्व के प्राचीन मंदिरों का नवीनीकरण

118. तमिलनाडु सरकार ने हमें बताया कि राज्य में सबसे अधिक प्राचीन मंदिर हैं, जो अपनी ऐतिहासिक, वास्तुकला और मूर्तिकला के महत्व के लिए जाने जाते हैं। राज्य ने 500 प्राचीन मंदिरों के पुनरुद्धार का प्रस्ताव किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 300 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

विरासत भवन (सेंट जॉर्ज किला, मद्रास उच्च न्यायालय, सरकारी संग्रहालय, पीडब्ल्यूडी परिसर)

119. राज्य सरकार ने चेन्नई में विरासत भवनों- सेंट जॉर्ज किला, मद्रास उच्च न्यायालय, सरकारी संग्रहालय, पीडब्ल्यूडी परिसर, जो लगभग एक शताब्दी पुराने हैं, के परिरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए अनुदान का अनुरोध किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 150 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

पारंपरिक जल निकायों का जीर्णोद्धार

120. राज्य सरकार ने जलाशयों के जीर्णोद्धार कार्य हेतु सहायता की मांग की है। राज्य ने बांधों के निर्माण, एनीकट (anicuts) के पुनःनिर्माण, कृत्रिम रिजार्च ढांचों की स्थापना और टैंकों के जीर्णोद्धार के लिए विभिन्न प्रकार के कार्य-घटकों के साथ भूमि जल रिचार्ज संरचनाएं स्थापित करने का प्रस्ताव किया है। इन जल निकायों से संबंधित कार्यों के लिए हम 900 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

पर्यटन की महत्ता वाले प्रमुख नगरों का विकास (रामेश्वरम, मदुरै, पलानी, तिरुचेंदुर, श्रीरंगम)

121. अपने ज्ञापन में, राज्य सरकार ने राज्य में पर्यटन क्षेत्र में प्रमुख नगरों (रामेश्वरम, मदुरै, पलानी, तिरुचेंदुर, श्रीरंगम) की महत्ता को उजागर किया है। प्राचीन मंदिरों और विरासतीय स्थलों के आधार पर इन नगरों की ऐतिहासिक महत्ता है। राज्य ने बताया है कि इन प्रमुख नगरों का विकास किए जाने से राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। हम इस प्रयोजन हेतु 650 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

तेलंगाना

मिशन भागीरथ का प्रचालन और रखरखाव

122. राज्य सरकार ने अपनी आबादी के लिए शुद्ध, पर्याप्त एवं शोधित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिशन भागीरथ के प्रचालन और रखरखाव के लिए अनुदानों की अनुशंसा की है। इस मिशन के तहत एक लाख वर्ग कि.मी. से अधिक का भौगोलिक क्षेत्रफल कवर होगा। दस प्रतिशत जलापूर्ति को औद्योगिक क्षेत्र के लिए अलग से निर्धारित किया जाएगा।

123. राज्य सरकार ने हमें बताया है कि इस मिशन के अंतर्गत राज्य के भीतर प्रत्येक परिवार को पाइप के जरिए पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। जलापूर्ति के लिए बिछाए गए पाइपों के साथ डिजिटल तेलंगाना कार्यक्रम के अंतर्गत, ऑप्टिकल फाइबर केबल डक्ट भी बिछाया गया है ताकि प्रत्येक परिवार को ब्रॉड बैंड सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा सकें। हम इस प्रयोजन हेतु 2,350 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

भारत के प्रशासनिक स्टॉफ कॉलेज के अवसंरचना का पुनर्निर्माण

124. राज्य के लोगों के अनुभवों के आदान-प्रदान के आधार पर सावर्जनिक प्रणालियों में नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने हेतु तथा राज्यों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान और व्यावहारिक सहायता सुविधा के माध्यम से नवप्रवर्तन के लिए संस्थागत एवं मानव क्षमताओं की स्थापना के लिए, हम भारत के प्रशासनिक स्टॉफ कॉलेज के अवसंरचना के पुनर्निर्माण के लिए 12 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

त्रिपुरा

सतही जल का पारेषण (ट्रांसमिशन)

125. राज्य सरकार ने अगरतला नगर निगम के 15 मौजूदा/चालू जल शोधन संयंत्रों के लिए चम्पक नगर एवं चम्पाइचेरा बांधों से अगरतला शहर के भूमि जल जलाशयों में सतही जल के पारेषण के लिए निधियों की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 400 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

पर्यटन

126. राज्य सरकार द्वारा एक रज्जू मार्ग, त्रिपुरसुंदरी मंदिर के पास इक्यावन शक्ति पीठों के विकास और नीरमहल में ध्वनि एवं प्रकाश कार्यक्रम (साउंड एवं लाइट शो) के लिए अनुदान के लिए अनुरोध किया गया है। इस प्रयोजन हेतु हम 175 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

कार्यालय भवन का निर्माण

127. राज्य सरकार ने राज्य के विभिन्न सरकारी कार्यालयों को एक ही स्थान पर स्थापित करने के लिए अगरतला में एक कार्यालय परिसर के निर्माण हेतु सहायता की मांग की है। इस संबंध में हम 100 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

जिला मुख्यालयों में अवसंरचना का विकास

128. घरेलू अपशिष्ट प्रबंधन, स्ट्रीट लाइटें और आंतरिक सड़कों सहित सीवर, ड्रेनेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार लाने हेतु पांच जिला मुख्यालयों के विभिन्न नगरों खोवाई, बिसरामगंज (सेपाहीजला मुख्यालय), अम्बासा (धलाई मुख्यालय), बेलोनिया (दक्षिण त्रिपुरा मुख्यालय) और केला शहर (उनाकोटी मुख्यालय) प्रत्येक के लिए 25 करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया है। हम इसकी अनुशंसा करते हैं।

129. घरेलू अपशिष्ट प्रबंधन, स्ट्रीट लाइटें और आंतरिक सड़कों सहित सीवर, ड्रेनेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रावधान को ध्यान में रखते हुए, धर्मानगर (उत्तरी त्रिपुरा मुख्यालय) और उदयपुर, (गोमती मुख्यालय) के दो जिला मुख्यालय नगरों हेतु प्रत्येक के लिए 37.5 करोड़ रुपए स्वीकृत करने का प्रस्ताव किया गया है। हम इसकी अनुशंसा करते हैं।

उत्तर प्रदेश

ड्रेनेज, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन (लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर)

130. राज्य सरकार ने लखनऊ में ड्रेनेज, स्वच्छता और अपशिष्ट से संबंधित महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता की मांग की है। राज्य सरकार ने आयोग को बताया कि स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन (ठोस एवं तरल दोनों) के लिए इन शहरों को आदर्श शहरों के रूप में विकसित किए जाने की आवश्यकता है। लखनऊ के लिए अपशिष्ट प्रबंधन अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण, सैनेट्री लैंडफिल, लिगेसी वेस्ट रेमीडिएशन, बायोरेमीडिएशन/नालों के शोधन, गोमती नदी के तटों पर प्रदूषण रोकथाम के लिए तथा गोरखपुर में सीवर लाइन बिछाने और राप्ती नदी के तटों पर प्रदूषण को रोकने के लिए वित्तीय सहायता की मांग की है। इस प्रयोजन हेतु हम 950 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते है।

सेवापुरी ब्लॉक को आदर्श ब्लॉक बनाना

131. राज्य सरकार ने वाराणसी जिले के सेवापुरी ब्लॉक को एक आदर्श विकास ब्लॉक के रूप में विकसित करने के लिए आयोग को अपनी परियोजना से अवगत कराया है और उसके लिए सहायता की मांग की है। परियोजना के अंतर्गत सीमेंट-कंक्रीट सड़क मार्गों को आपस में जोड़ना और भूमिगत ड्रेनेज विकास कार्य शामिल हैं। इस प्रयोजन हेतु हम 180 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

चिकित्सा और स्वास्थ्य के लिए अनुदान

132. राज्य ने विभिन्न प्रयोजन के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य हेतु अनुदानों की मांग की है जिसका विवरण नीचे दिया गया है। इस संबंध में हमारी अनुशंसाएं निम्नवत हैं:

i. स्वीकृत किए गए सताईस नए आयुर्विज्ञान महाविद्यालयों को उत्तर प्रदेश में चरणबद्ध रूप से स्थापित किया जा रहा है। प्रत्येक महाविद्यालय के प्रचालन की लागत के लिए सहायता की आवश्यकता है। हम इस प्रयोजनार्थ 1,850 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते हैं।

ii. आगरा, गोरखपुर, कन्नौज में स्थापित तीन नए नर्सिंग कॉलेजों की प्रचालन लागत (प्रचालन एवं रखरखाव) के लिए सहायता की मांग की है। हम 150 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

iii. प्रयागराज, सहारनपुर, बदायूं, जालौन, बांदा, अम्बेडकर नगर, और आजमगढ़ में सात नर्सिंग कॉलेजों के प्रचालन एवं स्थापना लागत के लिए निधियों की आवश्यकता है। इस प्रयोजन हेतु हम 300 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते हैं।

iv. पूर्वी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में संक्रामक रोगों की जांच और निदान के लिए अनुषंगी केंद्रों की स्थापना हेतु अनुदानों की मांग की गई हे। इस प्रयोजन हेतु हम 50 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

v. राज्य लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान, लखनऊ में एक राज्य लोक स्वास्थ्य प्रशिक्षण और अनुसंधान केंद्र (एसपीएचटीआरआई) की स्थापना हेतु हम 15 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते हैं।

उत्तराखंड

सिंचाई और पेयजल अवसंरचना का विकास

133. राज्य सरकार ने जमरानी नदी बहु-प्रयोजनीय बांध परियोजना और सोंग नदी पेयजल परियोजना के लिए राज्य सरकार ने अनुदानों का अनुरोध किया है, जिससे राज्य को जलापूर्ति सुविधाओं में सुधार लाने, देहरादून तलहटी क्षेत्रों में आकस्मिक बाढ़ को नियंत्रित करने और कुमाऊँ क्षेत्र में पर्यटन और अन्य आर्थिक कार्यकलापों को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। हम जमरानी नदी बहु-प्रयोजनीय बांध परियोजना के लिए 950 करोड़ रुपए और सोंग नदी पेयजल परियोजना के लिए 500 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते है।

ठोस अपशिष्ट निपटान और स्वच्छता

134. राज्य सरकार ने हमें बताया कि पौड़ी गढ़वाल तथा नैनीताल में अपशिष्ट निपटान एवं स्वच्छता सुविधाएं अपर्याप्त हैं और आयोग से सहायता की मांग की है। हम इस प्रयोजनार्थ पौड़ी गढ़वाल के लिए 100 करोड़ रुपए और नैनीताल के लिए 50 करोड़ रुपए की अनुशंसा करते है।

पश्चिम बंगाल

पिछड़े जिलों में अवसंरचना का विकास

135. अपने संशोधित ज्ञापन में, राज्य सरकार ने पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (बीआरजीएफ) (विशेष) की महत्ता को उजागर किया है, जिसका उपयोग पश्चिम बंगाल में पिछड़े जिलों में निरंतर क्षेत्रीय असंतुलनों के समाधान के लिए किया जाता है। प्राथमिकता के आधार पर आठ क्षेत्रों का चयन किया गया है– आवासन सड़कें एवं पुल, शिक्षा, जलापूर्ति, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम और कपड़ा, विद्युत, स्वास्थ्य एवं सिंचाई और जलमार्ग। विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं को पूरा करने में कमी की पूर्ति हेतु वित्तीय सहायता की मांग की गई है। इस प्रयोजन हेतु हम 1,000 करोड़ रुपए के अनुदान की अनुशंसा करते है।

गंगा नदी के कटाव को रोकने के लिए सिविल निर्माण कार्य

136. राज्य सरकार ने गंगा नदी के कटाव को रोकने के लिए सिविल निर्माण कार्य हेतु निधियों का अनुरोध किया है। इस प्रयोजन हेतु हम 550 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते है।

पेयजल शोधन परियोजनाएं

137. अपने ज्ञापन में, राज्य सरकार ने हमें अधोभूमि जल में आर्सेनिक मुद्दे का समाधान करने हेतु पेयजल परियोजनाओं की आवश्यकताओं से अवगत कराया है। इस प्रयोजन हेतु हम 550 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा करते है।

अनुलग्नक 12.1
(पैरा 12.65)

राज्य सरकारों के निर्देशात्मक ऋण पथ

(जीएसडीपी का प्रतिशत)

राज्य	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
आंध्र प्रदेश	35.0	34.1	34.0	33.4	32.7	32.1
अरुणाचल प्रदेश	40.0	38.4	38.0	36.9	35.8	34.8
असम	27.1	27.7	29.1	29.7	30.2	30.4
बिहार	41.2	40.2	40.8	40.4	39.9	39.3
छत्तीसगढ़	28.1	28.8	30.2	30.8	31.3	31.6
गोवा	33.3	32.5	32.5	31.9	31.2	30.6
गुजरात	30.6	30.0	30.9	30.6	30.3	29.8
हरियाणा	31.9	31.2	31.4	30.9	30.4	29.9
हिमाचल प्रदेश	39.8	38.3	37.8	36.8	35.7	34.7
झारखंड	37.2	36.7	37.5	37.4	37.1	36.8
कर्नाटक	26.1	26.1	27.1	27.2	27.2	27.1
केरल	35.9	34.7	34.5	33.7	32.8	32.0
मध्य प्रदेश	31.3	31.7	32.9	33.3	33.6	33.7
महाराष्ट्र	25.7	26.0	27.5	28.1	28.5	28.5
मणिपुर	42.8	41.5	41.8	41.2	40.4	39.6
मेघालय	40.5	39.9	40.3	39.8	39.1	38.4
मिजोरम	37.0	35.8	35.6	34.8	34.0	33.2
नागालैंड	45.2	43.0	42.1	40.6	39.1	37.7
ओडिशा	29.4	30.0	31.3	31.8	32.2	32.5
पंजाब	46.3	45.2	45.4	44.9	44.2	43.4
राजस्थान	41.1	39.9	40.2	39.6	38.9	38.2
सिक्किम	27.4	27.5	28.1	28.1	28.0	27.9
तमिलनाडु	28.9	28.7	29.3	29.1	28.9	28.7
तेलंगाना	29.5	29.3	29.7	29.5	29.3	29.0
त्रिपुरा	36.3	34.9	35.1	34.5	33.7	32.8
उत्तर प्रदेश	40.9	40.0	40.5	40.2	39.7	39.1
उत्तराखंड	33.2	33.1	33.9	34.0	33.9	33.7
पश्चिम बंगाल	42.9	42.1	42.6	42.2	41.7	41.2
सभी राज्य	**33.1**	**32.6**	**33.3**	**33.1**	**32.8**	**32.5**

अनुग्नक 13.1
(पैरा 13.12)

भारत में लोक वित्त प्रबंधन व्यवहारों का शासन[10]

लोक वित्त प्रबंधन आयाम	संघ सरकार	राज्य सरकार
राजकोषीय अनुशासन और जोखिमों का प्रबंधन	राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम, 2003 (यथासंशोधित)	राज्य राजकोषीय उत्तरदायित्व नियम
बजट निर्माण	बजट नियमपुस्तक (आर्थिक कार्य विभाग (डीईए), वित्त मंत्रालय 2010)	राज्य बजट नियमपुस्तक (यदि उपलब्ध हो) - अधिकतर संघ के बजट मैनुअल पर आधारित है
आंतरिक नियंत्रण/ लेखापरीक्षा	आंतरिक लेखापरीक्षा मैनुअल (सीजीए, एमओएफ 2014)	राज्य राजकोषीय कोड, लोक निर्माण विभाग कोड, वित्त नियम
लोक प्रापण	सामान्य वित्तीय नियम (जीएफआर), 2017 और डीओई, एमओएफ द्वारा जारी विविध आदेश	जीएफआर, आदेश, राज्य वित्त विभागों के जीएफआर, आदेश और निर्देश
निगरानी और रिपोर्टिंग	राजकोषीय नियम एफआरबीएम अधिनियम, जीएफआर 2017, प्राप्ति और भुगतान नियम, लेखा वर्गीकरण और नियमों के अनुसार विभागों / एजेंसियों द्वारा निगरानी एफआरबीएम अधिनियम, लेखा नियमावली, प्रारूप और सीएजी / सीजीए द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार रिपोर्टिंग	महालेखाकार, सीएजी के क्षेत्र अधिकारी के रूप में, राज्य के वित्तीय विवरणों को संकलित करता है और राज्य विधानमंडल को प्रस्तुत करता है। एजी (लेखापरीक्षा) विविध लेखापरीक्षा करता है और विधायिका को रिपोर्ट प्रस्तुत करता है। लेखांकन प्रारूप सीएजी द्वारा निर्धारित किए गए हैं।
बाह्य लेखापरीक्षा	सीएजी (कर्तव्य, शक्तियां और सेवा की शर्तें) अधिनियम सीएजी द्वारा जारी किए गए लेखापरीक्षा मानक, नियम और दिशानिर्देश। संसद में केंद्रीय लोक लेखा समिति, सीएजी की लेखापरीक्षा रिपोर्ट की जांच करती है।	सीएजी अधिनियम सीएजी द्वारा जारी किए गए लेखापरीक्षा मानक, नियम और दिशानिर्देश। राज्य विधानसभा की पीएसी, राज्य पर सीएजी की रिपोर्ट की जांच करती है।

[10] संविधान के अनुच्छेद 112-117, 148-151, 202-207, 264-291 (भाग- XII का अध्याय I और II) भारत में लोक वित्त के प्रबंधन के लिए व्यापक ढांचे को परिभाषित करता है।

अनुलग्नक 13.2
(पैरा 13.13)

वर्तमान लोक वित्त प्रबंधन संरचना में चयनित महत्वपूर्ण कमियां

लोक वित्त प्रबंधन आयाम	वर्तमान व्यापन	मौजूदा अंतराल/ विधान में विसंगतियां	कार्यान्वयन में मौजूदा कमियां
राजकोषीय अनुशासन और जोखिमों का प्रबंधन	वर्तमान राजकोषीय जिम्मेदारी विधान संख्यात्मक वित्तीय लक्ष्यों, अनिवार्य प्रकटन, पलायन खंड आदि के लिए बहुत सारे आधार को कवर करते हैं।	**संघीय राजकोषीय उत्तरदायित्व विधान:** घाटे और ऋण की परिभाषाएं एक दूसरे के साथ असंगत हैं। सामान्य सरकारी ऋण लक्ष्य 'केंद्र सरकार ऋण' की व्यापक परिभाषा के अनुरूप नहीं है। **राज्य राजकोषीय उत्तरदायित्व विधान:** कई राज्यों के पास अतिरिक्त बजटीय प्रचालन को कवर करने के लिए ऋण और घाटे की व्यापक परिभाषा नहीं है। अनेक राज्य राजकोषीय उत्तरदायित्व विधान में एक लंगर के रूप में ऋण नहीं है। यहां तक कि जहां ऋण एक लक्षित सहारा है, यह संघ द्वारा अपनाए गए सामान्य सरकारी ऋण लक्ष्य के साथ संरेखण में परिभाषित नहीं है।	केंद्र सरकार के कर्ज की गणना संघीय राजकोषीय उत्तरदायित्व विधान में ऋण की संशोधित परिभाषा का पूरा संज्ञान लेने से नहीं की जाती है। मध्यावधि व्यय फ्रेमवर्क विवरण, संघ द्वारा नियमित रूप से प्रकाशित नहीं किया जाता है और अधिकांश राज्यों द्वारा प्रकाशित नहीं किया जाता है। राजकोषीय जोखिम विवरण, संघ या राज्यों द्वारा प्रकाशित नहीं किया जाता है।
बजट निर्माण	अनुच्छेद 112-117 के तहत संवैधानिक प्रावधान संसद में बजटीय प्रक्रिया को कवर करते हैं। जीएफआर, वित्तीय शक्तियों	संविधान में केवल व्यापक अधिदेश और बुनियादी ढाँचा शामिल है। हालांकि, डाउनस्ट्रीम प्रचालनीय बजटीय प्रक्रियाओं का कोई	बजटीय प्रक्रियायें निष्पादन बजट या परिणाम बजट के प्रति उन्मुख नहीं हैं। आउटकम बजट दस्तावेज़,

	के नियमों के प्रत्यायोजन और बजट नियमावली; विनियोजन के नियम, संस्वीकृतियों और आवंटन को कवर करता है।	विशिष्ट कानूनी ढांचा नहीं है, जो उन्हें नियंत्रित करे। बजट बनाने के लिए दस्तावेज़ीकरण की आवश्यकताओं और समयसीमा को कानूनी रूप से परिभाषित नहीं किया गया है।	मुख्य बजट परिव्यय और निष्पादन के संपर्क के बिना तैयार किया जाता है।
लोक प्रापण	जी एफ आर, 2017, प्राप्ति और भुगतान नियम और डी ओ ई, एम ओ एफ द्वारा जारी किए गए विभिन्न आदेश	सार्वजनिक प्रापण के लिए कोई व्यापक कानूनी ढांचा नहीं। खंडित नियम, दिशानिर्देश और नियमपुस्तकें, सार्वजनिक एजेंसियों के लिए उन्हें व्यापक रूप से पालन करना मुश्किल बनाते हैं।	नियमों की बहुलता प्रतिस्पर्धी, पारदर्शी और कुशल सार्वजनिक प्रापण में सहायता के बजाय सक्षम प्रापण में बाधा डालती है।
निगरानी और रिपोर्टिंग	अनुच्छेद 151 के तहत सीएजी द्वारा पूर्व-समीक्षा और लेखापरीक्षा तथा सीएजी अधिनियम।	**संघ और राज्य दोनों में:** राजकोषीय योजनाओं, निष्पादन और सरकार के वृहद-आर्थिक और राजकोषीय पूर्वानुमानों के लिए बाहरी आकलन और मूल्यांकन तंत्र नहीं है। मध्यावधि समीक्षा या व्यय योजना में सुधार के लिए कोई प्रावधान या व्यवस्था नहीं है।	लगभग वर्ष-अंत व्यय समीक्षा (संशोधित अनुमान चरण में) के लिए तदर्थ तंत्र, और केवल जब एक दबाव की आवश्यकता के द्वारा संचालित होता है। साल के अंत में खर्च में कटौती प्रभावी नहीं है, क्योंकि भुगतान अगले वित्तीय वर्ष के लिए स्थगित हो जाते हैं।

अनुग्नक 13.3
(पैरा 13.17)

राजकोषीय व्यवस्था पर पिछले वित्त आयोगों की अनुशंसाएं

वित्त आयोग	अनुशंसाएं
11वां वित्त आयोग 2000 से 2005	सरकार (i) बहु-वर्षीय बजट प्रक्रिया शुरू करने की व्यवहार्यता की जांच कर सकती है; (ii) बजट अनुमान तैयार करने के वस्तुपरक तरीके प्रस्तुत करना ताकि बजट अनुमान की गुणवत्ता में सुधार हो सके; (iii) अधिकतम समय निर्धारित करना जिसमें कैग की रिपोर्टों को लोक लेखा समिति द्वारा जांचना और संसद या राज्य विधानमंडल द्वारा जांच की जाती है, जैसा भी मामला हो; (iv) राजस्व और पूंजी के अलावा सभी व्यय वर्गीकरणों की समीक्षा करें; तथा (v) सार्वजनिक व्यय की दक्षता में सुधार करने, बेहतर लक्षित, लाभार्थी उन्मुख कार्यक्रम और एक प्रभावी निगरानी तंत्र बनाने के लिए सरकार के सभी स्तरों पर नकदी प्रवाह प्रबंधन को पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत करना।
12वां वित्त आयोग 2005 से 2010	लेखांकन प्रक्रिया के संबंध में सिफारिशें, विशेष रूप से, अनुवर्ती-आधारित लेखाकरण को अपनाना। हालांकि इसने मध्यावधि में एक क्रमिक संक्रमण की सिफारिश की, इसने अंतरिम में वक्तव्यों के रूप में कुछ अतिरिक्त जानकारी प्रदान करने की सिफारिश की: (क) दी गई सब्सिडी का विवरण, स्पष्ट और निहित दोनों; (ख) विभिन्न विभागों / इकाइयों द्वारा वेतन पर व्यय का विवरण; (ग) पेंशनरों पर विस्तृत जानकारी और सरकारी पेंशन पर व्यय; (घ) भविष्य में प्रतिबद्ध देनदारियों पर डेटा; (ड) ऋण और अन्य देनदारियों के साथ-साथ पुनर्भुगतान अनुसूची के बारे में जानकारी सहित विवरण; (च) सरकार द्वारा धारित वित्तीय परिसंपत्तियों में अभिवृद्धि या क्षरण, सरकार द्वारा खर्च करने के तरीके में परिवर्तन से उत्पन्न होने वालों सहित; (छ) भविष्य के नकदी प्रवाह के लिए बजट में प्रस्तावित वर्ष या नई योजनाओं के दौरान सरकार द्वारा लिए गए प्रमुख नीतिगत निर्णयों के निहितार्थ; तथा (ज) वेतन और गैर-वेतन अंश के अलगाव के साथ रखरखाव व्यय का विवरण।
13वां वित्त आयोग 2010 से 2015	एक समान बजटीय वर्गीकरण, विशेष रूप से वस्तु शीर्ष कोड को अपनाना और वित्त लेखाओं के परिशिष्ट की एक मानकीकृत सूची। इसने राज्यों के समेकित निधियों के बाहर धन का सृजन करके सार्वजनिक व्यय को कम करने को भी हतोत्साहित किया और रिपोर्टिंग प्रणालियों में सुधार को प्रोत्साहित किया।

14वां वित्त आयोग 2015 से 2020	(I) आयोग ने इस विचार का समर्थन किया कि संघ और राज्य दोनों सरकारों द्वारा प्रोद्भवन-आधारित लेखाकरण के लिए परिवर्तन वांछनीय है। हालांकि, यह मानते हुए कि यह परिवर्तन केवल चरणों में ही किया जा सकता है, क्योंकि इसके लिए काफी प्रारंभिक कार्य और लेखा कर्मियों के क्षमता निर्माण की आवश्यकता होती है, आयोग ने एफ सी-XII की अनुशंसायों को दोहराया कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा वित्त लेखाओं में समाहित किए गए विविध विवरणों के संदर्भ में प्रोद्भवन-आधारित लेखाकरण के लिए परिवर्तन करने के लिए आधार समाहित करने चाहिए। इसने यह अनुशंसा भी दोहराई कि प्रोद्भवन -आधारित लेखा प्रणालियों में लेखांकन पेशेवरों के बीच क्षमता निर्माण के लिए कार्रवाई की जानी चाहिए। (ii) वस्तु शीर्ष स्तर के रूप में, आयोग ने महसूस किया कि संघ और राज्यों दोनों में कुछ समान वस्तु शीर्ष जैसे वेतन, रखरखाव, सब्सिडी और अनुदान सहायता के लिए पर्याप्त है और राज्यों को अपनी कार्यात्मक आवश्यकताओं के अनुसार नए वस्तु शीर्ष खोलते हुए अपने मौजूदा लचीलेपन को बनाए रखना चाहिए। (iii) आयोग ने परिणाम के साथ परिव्यय को जोड़ने के महत्व को रेखांकित किया। हालांकि, इसने जोर दिया कि आउटपुट के लिए प्रमुख संकेतकों को प्रस्तुत करना और पहले से परिभाषित जवाबदेही ढांचे के भीतर इनकी निगरानी करना आवश्यक है।

पंद्रहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट